रांची, रविवार 07.07.2024 * * नगर संस्करण । पेज : 12 आषाढ़, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 353

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ






# भगवान जगन्नाथ ने भक्तों को दिये दर्शन, आज रथयात्रा



फोटो : समीर

### चैंबर के सृजन स्टार्टअप कॉन्क्लेव में बोले सीएम हेमंत - राज्य का सर्वांगीण विकास हमारा उद्देश्य

# युवा स्टार्टअप शुरू करें सरकार पूरी मदद देगी

- अधिकाधिक रोजगार सृजन को सरकार प्रतिबद्ध
- उद्योग और उद्योगपतियों के प्रति सकारात्मक सोच

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य का सर्वांगीण विकास ही उनकी सरकार का उद्देश्य है। राज्य में जो भी उद्योग हैं और जो भी नये आने वाले हैं, उसके प्रति सरकार की सोच सकारात्मक है। राज्य में ज्यादा से ज्यादा निवेश हो। अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हों। हमारी सरकार उद्योगों और उद्योग स्थापित करने वालों को पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा स्टार्टअप के जरिये युवा रोजगार से जुड़ें और दूसरों को भी रोजगार दें, सरकार उन्हें पूरा सहयोग देगी। इसी सोच के साथ सरकार आगे बढ़ रही है। सीएम श्री सोरेन शनिवार को फेडरेशन आफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित सृजन स्टार्टअप कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।



रांची विवि के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित सृजन स्टार्टअप कॉन्क्लेव में उन्होंने झारखंड चैंबर्स से कहा कि कहा कि राज्य में कई ऐसे उद्योग है, जो वर्षों पुराने हैं। उद्यमियों की पीढ़ी- दर- पीढ़ी यहां व्यवसाय कर रही है। ये सभी झारखंड के बदलते स्वरूप को देखते आ रहे हैं। वे यहां की आर्थिक- सामाजिक और भौगोलिक स्थितियों से भली- भांति वाकिफ हैं। वे जितनी अच्छी तरह इस राज्य को समझ सकते हैं, दूसरे नहीं समझ सकते हैं। ऐसे में आपके साथ मिलकर राज्य का सर्वांगीण विकास करना हमारा उद्देश्य है।

**स्टार्ट अप को बढ़ाने में सरकार करेगी सहयोग :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नयी स्टार्टअप पॉलिसी बनायी है। उन्होंने कहा, झारखंड में स्टार्टअप को जितना बढ़ावा मिलना चाहिए था, उसमें थोड़ा पीछे हैं। सरकार जल्द ही स्टार्टअप को मजबूती और बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठायेगी। स्टार्टअप के जरिए युवा रोजगार से जुड़े और दूसरों को भी रोजगार दें , इस सोच के साथ सरकार आगे बढ़ेगी।

**कई उद्योग -धंधे बंद होते गये :** इस मौके पर सीएम ने कहा, जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता गया और परिस्थितियों कुछ ऐसी बनती गयी कि यहां के कई उद्योग -धंधे बंद हो गये।

(शेष पेज 11 पर)

#### नीति-निर्धारकों ने राज्य की अहमियत को समझा था

सीएम ने कहा कि आजादी के बाद देश के नीति- निर्धारकों ने इस राज्य की अहमियत को समझा था। इसी का नतीजा था कि हमारे राज्य में कई बड़े उद्योग स्थापित हुए। टाटा और बिड़ला जैसे कई उद्योग समूहों ने अपने उद्योग लगाये। झारखंड में ही कोल इंडिया की सबसे ज्यादा गतिविधियां संचालित हो रही है। देश का पहला फर्टिलाइजर इंडस्ट्री लेकर माइनिंग इंस्टीट्यूट एवं उद्योग जगत के जननी से मशहूर हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचइसी) भी हमारे राज्य में स्थापित है।

## न्यूज डायरी

### 11 जिंदा केन बम समेत 35 आइइडी बरामद

**गुमला।** सतर्क सुरक्षाबलों ने हिरना खाड जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाये गये 35 आइइडी और 11 केन बम बरामद किये। बीडीएस की टीम की मदद से मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। हार्डकोर नक्सलियों ने पुलिस बल को क्षति पहुंचाने के लिए सीरीज में केन बम बिछाये गये थे। गुप्त सूचना पर जवान सर्च अभियान पर थे।

### 10 को माओवादियों ने किया कोल्हान बंद का आह्वान

**पश्चिमी सिंहभूम।** भाकपा माओवादी की दक्षिणी जोनल कमेटी ने 10 को कोल्हान प्रमंडल बंद का आह्वान किया है। दक्षिणी जोनल कमेटी ने कहा है कि आपरेशन कगार के तहत पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने लोवादा में ऑपरेशन क्लीन चलाकर हमारे छह साथियों का नरसंहार किया है। इसके खिलाफ 24 घंटे का बंद बुलाया गया है।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 68100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 96000 रु./प्रति किलो |




### हेमंत सरकार के फ्लोर टेस्ट को ले विशेष सत्र सोमवार को

# आलम ने भाग लेने की मांगी अनुमति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन को 8 जुलाई को विधानसभा में बहुमत साबित करना है। इसे ले कर उस दिन विधानसभा का विशेष सत्र का आयोजन किया गया है। विशेष सत्र में शामिल होने के लिए पूर्व मंत्री और कांग्रेस के विधायक आलमगीर आलम ने अनुमति मांगी है। उन्होंने पूर्व में जेल में बंद विधायकों को विशेष सत्र में उपस्थित होने की कोर्ट की इजाजत का हवाला भी दिया है। इसे लेकर आलमगीर ने अपने अधिवक्ता के जरिये रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस पर सोमवार 8 जुलाई को ही सुनवाई होगी। टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में श्री आलम फिलहाल न्यायिक हिरासत



में हैं। इडी ने आलमगीर आलम को 15 मई को गिरफ्तार किया था। इडी उनके खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है। इस पर कोर्ट जल्द संज्ञान ले सकता है।

**संजीव लाल की बेल पर 13 को सुनवाई :** वहीं टेंडर घोटाला के जरिये मनी लाउंड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल की जमानत याचिका पर जवाब अब 13 जुलाई को सुनवाई होगी। टेंडर घोटाला मामले में वह भी अभी न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं।

(शेष पेज 11 पर)

#### सदन में दलगत स्थिति

लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड विधानसभा की दलगत स्थिति बदल गयी है। झामुमो के 30 विधायकों में से नलिन सोरेन और जोबा मांझी संसद पहुंच चुके हैं। जामा से झामुमो की विधायक रहीं सीता सोरेन इस्तीफा देकर भाजपा में आ गयी हैं। वहीं भाजपा विधायक मनीष जायसवाल और ढुल्लू महतो भी लोकसभा पहुंच चुके हैं। इस लिहाज से सदन में पांच विधायक कम हो गये हैं। वहीं लोकसभा चुनाव के वक्त भाजपा छोड़कर कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले जेपी पटेल के खिलाफ दल बदल का मामला चल रहा है। वर्तमान में सदन के भीतर विधायकों की कुल संख्या 76 है। एक मनोनीत सदस्य को जोड़ने पर संख्या 77 हो जाती है, लेकिन 76 विधायकों के आधार पर ही हेमंत सोरेन को बहुमत साबित करना है। उनको फ्लोर पर जीत के लिए 39 विधायकों की जरूरत पड़ेगी।

### पहले ही मैच में जिंबाब्वे से हार गया भारत

**नयी दिल्ली।** हरारे स्पोर्ट्स क्लब में शनिवार को पहले टी-20 क्रिकेट मैच में जिंबाब्वे ने भारत को 13 रन से हरा दिया। जिंबाब्वे के छोटे स्कोर 115 रन का पीछा करते हुए भारतीय टीम 19.5 ओवर में ऑल आउट हो गयी। भारत को जीत के लिए आखिरी ओवर में 16 रन की जरूरत थी। पर दो रन बने और वाशिंगटन सुंदर के रूप में 10वां विकेट गिरा। जिंबाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा और चतारा ने तीन-तीन विकेट झटके। भारत की ओर से कप्तान शुभमन गिल ने सर्वाधिक 31 रन बनाये।

### नीट यूजी की काउंसलिंग अगली सूचना तक स्थगित

**नयी दिल्ली।** नीट यूजी काउंसलिंग अगली सूचना तक स्थगित कर दी गयी है। नीट यूजी काउंसलिंग प्रक्रिया शनिवार से शुरू होने वाली थी। सूत्रों के अनुसार अधिकारी नीट यूजी पर 8 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का इंतजार करना चाहते हैं, जहां कई याचिकाओं पर सुनवाई होने वाली है। विवादों में घिरी नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने की मांग की जा रही थी। इस बीच केंद्र और एनटीए ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि इसे रद्द करना ठीक नहीं रहेगा। इससे बहुत से छात्र प्रभावित होंगेष खासकर परीक्षा पास करने वालों के करियर की संभावनाओं के लिए यह बहुत ही हानिकारक होगा। एनटीए सरकारी और प्राइवेट इंस्टीट्यूशन में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी का आयोजन करती है। इस साल 5 मई को यह परीक्षा आयोजित की गयी थी। इसमें 571 शहरों के 4,750 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 23 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। प्रश्न पत्र लीक के साथ-साथ कई अनियमितताओं के आरोप लगे थे। कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए. विपक्षी दलों ने इस मुद्दे को उठाया। इस संबंध में अदालतों में भी कई मामले चल रहे हैं।

### पलामू के बीएसएफ जवान की जम्मू में हादसे में मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू निवासी बीएसएफ जवान अमित शुक्ला (30) की शनिवार को जम्मू-कश्मीर में सड़क हादसे में मौत हो गयी। जवान के घर में चचेरे भाई की शादी है। इसी शादी में शामिल होने के लिए वह ड्यूटी से छुट्टी लेकर घर के लिए निकले थे लेकिन रास्ते में ही हादसे के शिकार हो गये। वह मेदिनीनगर प्रखंड के सिंगरा निवासी उपेंद्र शुक्ला के बड़े पुत्र थे। एक साल पहले ही उनकी छिंदवाड़ा में पोस्टिंग हुई थी। बताया गया है कि छिंदवाड़ा कैंप से जम्मू रेलवे स्टेशन जाने के लिए शुक्रवार की रात दस बजे जाइलो वाहन से निकले थे। इसमें बीएसएफ के 26वीं वाहिनी के आठ जवान सवार थे। सभी छुट्टी में घर जाने के लिए ट्रेन पकड़ने निकले थे। शनिवार तड़के जम्मू के चिनैनी नाशरी टनल में तेज रफ्तार जाइलो पलट गयी, जिसमें वे शहीद हो गये।

### वित्त मंत्री सीतारमण 23 जुलाई को पेश करेंगी आम बजट, संसद सत्र की तिथि घोषित

# मोदी 3.0 के पहले बजट में मिडिल क्लास को बड़े तोहफे की उम्मीद

#### बजट सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त तक

एजेंसी

नयी दिल्ली। नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली नयी सरकार का पहला आम बजट 23 जुलाई को पेश किया जायेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करेंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। केंद्रीय मंत्री रिजिजू के मुताबिक भारत सरकार के सुझाव पर राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों में 22 जुलाई से लेकर 12 अगस्त तक बजट



सत्र रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार मोदी 3.0 के पहले बजट में मिडिल क्लास को बड़े तोहफे की उम्मीद है।


**मिडिल क्लास को तोहफे की उम्मीद :** इस आम बजट में मिडिल क्लास को बड़े तोहफे की उम्मीद है। नौकरीपेशा लोग इनकम टैक्स के स्लैब में बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं तो स्टैंडर्ड डिडक्शन से जुड़ी राहत के भी संकेत मिल रहे हैं। इसके अलावा बजट में महिलाओं और लाभार्थी वर्ग के लिए भी कई बड़े तोहफे मिल सकते हैं। हालांकि, सरकार का फोकस इंफ्रा और एनर्जी पर रहने की उम्मीद है।

**एंजल टैक्स हटाने की सिफारिश :** इस बीच, उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआइआइटी) ने केंद्रीय बजट आने से पहले स्टार्टअप कंपनियों पर से एंजल टैक्स हटाने की सिफारिश की है, लेकिन अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय करेगा। आयकर विभाग ने पिछले साल सितंबर में नए एंजल टैक्स नियमों को अधिसूचित किया था जिसमें निवेशकों को गैर-सूचीबद्ध स्टार्टअप की तरफ से जारी शेयरों का मूल्यांकन करने की एक व्यवस्था भी शामिल है।

(शेष पेज 11 पर)

#### लगातार 7वीं बार बजट, मोरारजी का रिकार्ड टूटेगा

यह छठी बार होगा जब निर्मला सीतारमण आम बजट पेश करेंगी। देश की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री सीतारमण ने अब एक अंतरिम बजट सहित छह बजट पेश कर चुकी हैं। जुलाई का बजट उनका लगातार 7वां बजट होगा। इसी के साथ वह सबसे अधिक बार बजट प्रस्तुत करने वाले वित्त मंत्री के रूप में मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी। केंद्र में तीसरी बार पीएम बने मोदी ने इसबार भी वित्त मंत्रालय का कार्यभार निर्मला सीतारमण को सौंपा है।



# पुराने मामलों में दर्ज केस की नये क्रिमिनल लॉ के तहत होगी जांच

## सीआइडी डीजी ने आदेश जारी किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एक जुलाई से पहले हुई घटनाओं में दर्ज केस की जांच नये क्रमिनल लॉ के तहत होगी। सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इस आदेश पर डीजीपी अजय कुमार का अनुमोदन प्राप्त है। पुलिस आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि एक जुलाई या उसके बाद कोई अपराध से संबंधित मामले में केस दर्ज किया जाता है, जिसमें घटना की तिथि एक जुलाई के पहले की है, तो कानूनी प्रावधान आईपीसी से निर्धारित होगा, लेकिन घटना का अनुसंधान नये क्रिमिलन लॉ (बीएनएसएस) के तहत होगा।

**असमंजस की स्थिति को दूर करने के लिए जारी किया गया आदेश :** इस आदेश को जारी करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि अपराधिक घटना के घटित होने की तिथि और अपराधिक घटना में केस दर्ज होने के संबंध में पुलिसकर्मियों के बीच जो असमंजस की स्थिति बनी हुई थी, उसे दूर किया जा सके। उदाहरण के तौर पर अगर कोई घटना 30 जून को हुई और उस मामले को लेकर संबंधित थाने में केस एक जुलाई को दर्ज हुआ, तो वह केस आईपीसी के धारा के तहत भले ही दर्ज की जायेगी, लेकिन इसका अनुसंधान नये क्रिमिनल लॉ के तहत किया जायेगा।

### एक जुलाई से लागू हुआ नया क्रिमिनल लॉ

देश में एक जुलाई से नये आपराधिक कानून लागू हो गये हैं। इसके बाद आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) को लागू किया गया है। पिछले साल ही संसद में पास होकर तीनों कानून का रूप ले चुके हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– RDSPL/SD/HZB/05/2024-25 पी0आर0 संख्या 328329 Rural Development (24-25)#D को संशोधित किया जाता है जो निम्न प्रकार है:–

| क्रमांक | निविदा का विवरण | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|
| 2. | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.07.2024 | |
| 3. | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.07.2024 से दिनांक 20.07.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक | 09 माह |
| 5. | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –22.07.2024 अपराह्न 2:00 बजे | |

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 328863 (Rural Development) 24-25 (D)



किसान कॉल सेंटर–18001801551
**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन अभिकरण (आत्मा), रामगढ़।**
नया समाहरणालय भवन, भूतल, ब्लॉक– सी0, छत्तरमाण्डु, रामगढ़। (825101)
ईमेल– atmaramgarh@gmail.com वेबसाईट– atmaramgarh.org.in

–: निविदा सूचना :–

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उप विकास आयुक्त–सह–सचिव DMFT, रामगढ़ के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक संख्या– 463/वि0 रामगढ़, दिनांक 15.03.2024 के आलोक में गोला प्रखण्ड के ग्राम– नेमरा एवं औराडीह में "उन्नत कृषि तकनीकों द्वारा जलवायु अनुकूल कृषि परियोजना" का कार्य किया जाना है। इसके तहत योजना के क्रियान्वयन हेतु Consultancy services/Agencies से सील बन्द Bid आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचनापट्ट अथवा Website- www.ramgarh.nic.in पर देखा जा सकता है।

1- Bid प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 20.07.2024 समय 05:00 PM तक।
2- Bid जमा करने का स्थान :– परियोजना निदेशक, आत्मा कार्यालय, रामगढ़।
3- Bid खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.07.2024, समय 12:00 PM
4- Bid खोलने का स्थान :– समाहरणालय, ब्लॉक–A सभाकक्ष, रामगढ़।

ह0/–
परियोजना निदेशक,
आत्मा, रामगढ़।

PR 328866 Agriculture(24-25)D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KHUNTI**

**Very Short – Inviting e – Quotation No. 04/2024-25 (2nd Call)**

Rate through e-quotations are invited for "Material" category annexed as (i) 10 H.P AC Solar pump, (ii) 7.5 H.P AC Solar pump, (iii) 5 H.P AC Solar pump, solar panel, steel structure supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacture/Supplier having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under Minor Irrigation Division,Khunti, Government of Jharkhand to be used in different pump plants replacement operation maintenance work shall be submitted online in the website http://jharkhand tenders.gov.in

Details of work experience and list of materials are available on the above e-tender portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the materials online from 09.07.2024 02:00 P.M to 15.07.2024 at 05:00 P.M. The technical envelope will be opened on 18.07.2024 on 02:00 P.M.

The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par the lowest market rate for Estimates under Minor Irrigation Division,Khunti.

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Khunti.

PR 328851 Minor Irrigation(24-25).D



**उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा**
(विकास शाखा)

–: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/24–25 :–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विधायक मद योजना अन्तर्गत कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड कोलेबिरा, बोलबा, ठेठईटांगर एवं जलडेगा के विभिन्न विद्यालयों में पुस्तकालय एवं छात्र–छात्राओं के ज्ञानोपार्जन एवं उनके बौद्धिक विकास हेतु पुस्तकों का क्रय/आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित फर्म/प्रकाशक/अधिकृत विक्रेता से मुहरबन्द तकनीकी एवं वित्तीय निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता संबंधित पुस्तकों की सूची की प्रति किसी भी कार्य दिवस में अंचल के दौरान उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा, जिला विकास शाखा से अथवा अपने निजी खर्च पर प्राप्त कर सकते हैं अथवा जिले के वेबसाईट https://simdega.nic.in पर देख सकते हैं।

निविदादाताओं के द्वारा दिनांक–15/07/2024 को 01:00 बजे अपराह्न तक उपायुक्त का कार्यालय, विकास शाखा में स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा, विकास शाखा में निविदा जमा किया जाएगा, जिसे उसी दिन अपराह्न 03:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष में निविदा समिति के द्वारा निविदा खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निश्चित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नोट :– निविदा हेतु शर्तें/विस्तृत विवरणी कार्यालय सूचना पट्ट/ जिला की वेबसाईट https://simdega.nic.in एवं www.tenders.gov.in पर देखी जा सकती है :–

उप विकास आयुक्त,
सिमडेगा

PR 328821 District(24-25).D



**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा।**

प्रेस विज्ञप्ति

सहायक शिक्षु सलाहकार (AAA), जिला नियोजन पदाधिकारी, सिमडेगा द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.07.2024 को समय 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक प्रधानमंत्री अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन पार्वती शर्मा इण्टर महिला कॉलेज, सिमडेगा में किया जा रहा है जिसमे ITI.Polytechnic के साथ–साथ इंटर स्नातक आदि पास अभ्यर्थीयों को अप्रेन्टिसशिप की जानकारी देते हुए सरकार के अप्रेन्टिसशिप पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर अप्रेन्टिस के माध्यम से रोजगार के अवसरों से जोड़ा जा सकेगा।

अतः अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक, अनुभव, जाति, स्थानीय प्रमाण पत्र एवं 2 फोटो साथ मेला में भाग ले सकते है। जिला के नियोक्ता भी इस मेला में सम्मिलित होगें।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय, सिमडेगा से सम्पर्क करें अथवा दूरभाष सं0 06525296081 में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
सिमडेगा।

PR 328812 Labour Employment and Traning(24-25)D


## चंपई सोरेन ने सकारात्मक राजनीति की ओर बढ़ाया था कदम

# बयानों में अब दिखने लगी चंपई सोरेन की पीड़ा : बाबूलाल मरांडी

**टिप्पणी : हेमंत सोरेन को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों पर नहीं है भरोसा**



**आरोप : झामुमो के आदिवासी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सिर्फ दरी बिछाने और झंडा ढोने के योग्य समझता है हेमंत सोरेन और उनका परिवार**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चंपई सोरेन को हटाकर हेमंत सोरेन के सीएम बनने पर झारखंड की सिसायत गरमा गयी है। विपक्षी पार्टी बीजेपी लगातार जेएमएम और हेमंत सोरेन पर हमलावर हो रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी निशाना साधते हुए कहा है कि पूर्व सीएम चंपई सोरेन की पीड़ा बयानों में दिखने लगी है। मरांडी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि हेमंत सोरेन में असुरक्षा की भावना इस कदर घर कर गयी है कि उन्हें अपने ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों पर भरोसा नहीं रहा। हेमंत सोरेन और उनका परिवार झामुमो के आदिवासी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सिर्फ दरी बिछाने और झंडा ढोने के योग्य समझता है। तत्कालीन चंपई सोरेन ने धीरे-धीरे ही सही लेकिन सकारात्मक राजनीति की ओर कदम बढ़ाया था। पार्टी कैडरों के बीच चंपई की बढ़ती स्वीकार्यता को देख हेमंत सोरेन विचलित हो उठे। चंपई के प्रकरण को देखकर अब उम्मीद है कि जल-जंगल-जमीन और झारखंड राज्य का आंदोलन करने वाले आदिवासी नेता और कार्यकर्ता झारखंड की अस्मिता और यहां के संसाधनों को किसी बदमिजाजी, सनकी और परिवारवादी व्यक्ति के हाथ में नहीं सौंपेंगे।

**जेएमएम-कांग्रेस सरकार की संस्कृति बन गयी है नियुक्ति में बाधा डालना :** बाबूलाल ने अपने दूसरे एक्स पोस्ट में कहा कि पिछले 5 सालों से जानबूझकर युवाओं की नियुक्ति में बाधा डालना जेएमएम कांग्रेस सरकार की संस्कृति बन गयी है। नौकरी के लिए कोर्ट-कचहरी से लेकर सड़क पर आंदोलन करते-करते राज्य के लाखों परीक्षार्थी हताश और निराश हो चुके हैं। जनवरी में संपन्न हुई जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा हेमंत सरकार के संरक्षण में पेपर लीक होने की वजह से रद्द हो गयी थी। दोबारा से जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा आयोजित करने की ओर सरकार एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा पायी है।

इंडी गठबंधन की सरकार ने दिखावे का नियुक्ति कैलेंडर जारी कर युवाओं को फिर से धोखा ही दिया है। सरकार, युवाओं की मांग पर संज्ञान लेकर यथाशीघ्र अगस्त माह में ही जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा पारदर्शी ढंग से आयोजित करे।

## राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत पर आदेश 20 जुलाई को

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामला में विवादित बड़गाई अंचल के अधीन 8.86 जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर पीएमएलए की विशेष अदालत में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। मामले में कोर्ट 20 जुलाई को अपना आदेश सुनाएगी। मालूम हो कि मामले में ईडी ने राजकुमार पाहन को भी आरोपी बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल की है। ईडी के चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने समन जारी किया है। इसके बाद उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए राजकुमार पाहन ने 1 मई को पीएमएलए की विशेष कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। दरअसल, बड़गाई अंचल के अधीन 8.86 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा से यह मामला जुड़ा है। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। मामले में 30 मार्च को ईडी ने हेमंत सोरेन समेत 5 के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में हेमंत सोरेन, भानु प्रताप प्रसाद, राजकुमार पाहन, बिनोद सिंह और हिलिरियस कच्छप शामिल हैं। आरोप पत्र दाखिल होने के कुछ दिन बाद एक आरोपी हिलिरियस कच्छप की मौत हो गई थी।

## ईडी को जवाब दाखिल करने का अंतिम मौका

# हृदयानंद तिवारी की अग्रिम जमानत पर अब 26 जुलाई को होगी सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मनी लांड्रिंग मामले के आरोपी जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मामले में चार्टर्ड अकाउंटेंट हृदया नंद तिवारी की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में ईडी ने 2 सप्ताह का समय जवाब दाखिल करने के लिए मांगा। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम मौका देते हुए मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई निर्धारित की है। इससे पूर्व भी ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह के समय की मांग की गई थी। दरअसल, ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में 22 फरवरी 2023 को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इनके तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, ताराचंद गुप्ता एवं राम प्रकाश भाटिया को भी ईडी ने इस मामले में गिरफ्तार किया है। हृदया नंद तिवारी ने ही चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल से वीरेंद्र राम को मिलवाया था।

## सीएम हेमंत से मिलीं जेपीएससी की मेंबर



**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में डॉ अजिता भप्ताचार्य, सदस्य, झारखंड लोक सेवा आयोग ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

# झारखंड विस चुनाव के लिए राजद ने 22 सीटों पर ठोंका दावा, लोस चुनाव में हार का कारण बताया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटा राष्ट्रीय जनता दल एक ओर जहां बूथ लेवल पर अपना संगठन मजबूत कर रहा है, वहीं अगामी विधानसभा चुनाव में 22 विधानसभा सीटों पर दावा ठोककर इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को सोचने के लिए विवश कर दिया है। ज्ञात हो कि 2019 में महागठबंधन में रहकर राजद सिर्फ सात सीटों पर ही चुनाव लड़ा था, जिसमें उसे एक सीट पर सफलता मिली थी। शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव की उपस्थिति में मीडिया से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि पार्टी की समीक्षा बैठक के दौरान ही झारखंड राजद ने 22 विधानसभा सीट को चिन्हित किया है। ये वो सीटें हैं जहां संभावित उम्मीदवार की सूची भी तैयार कर राजद सुप्रीमो के पास भेजने की तैयारी की जा रही है।

**बूथ लेवल पर मजबूती से नहीं पहुंचने की वजह से हारे पलामू : जयप्रकाश**
राजद के प्रदेश प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश यादव ने कहा कि पलामू में हमने अच्छी लड़ाई लड़ी है, बावजूद इसके हमारी हार इसलिए हुई क्योंकि हम बूथ लेवल तक उतना मजबूती से नहीं पहुंच सके जितना मजबूती से हमें पहुंचना चाहिए था। उन्होंने कहा कि हम अगले दो से तीन महीने में राज्य के हर जिले में जाकर पार्टी को धारदार बनाएंगे।

**पार्टी में कोई अंतर्द्वंद नहीं, अनिता यादव अभी भी प्रदेश उपाध्यक्ष :** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश यादव ने कहा कि पार्टी के अंदर कोई आपसी लड़ाई या गुटबाजी नहीं है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद की उपस्थिति में जो आपसी शिकवे शिकायत थे वह अब समाप्त हो गए। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अनिता यादव, पदमुक्त नहीं हुई हैं और वह प्रदेश उपाध्यक्ष हैं।

संजय सिंह यादव ने कहा कि झारखंड में राजद संगठन का कस्टोडियन होने के नाते वह 22 विधानसभा सीट पर उम्मीदवार उतारने की मांग पर अडिग है। बाकी फैसला राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को लेना है।

गौरतलब हो कि अनुशासनहीनता के आरोप में प्रदेश प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने अनिता यादव को पदमुक्त कर दिया था, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश महासचिव की इस कार्रवाई को नियम विरुद्ध करार दिया। संवाददाता सम्मेलन में जय प्रकाश यादव ने कहा कि सभी विवाद समाप्त हो गए हैं और अनिता यादव प्रदेश उपाध्यक्ष हैं।

## खबर एक नजर में

### विस सत्र में उपस्थित रहें सभी अफसर : वंदना

**रांची।** कैबिनेट विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने कहा है कि 8 जुलाई को होने वाले झारखंड विधानसभा के 16वें सत्र के दौरान सभी पदाधिकारियों को दिन के 11 बजे उपस्थित रहना अनिवार्य है। विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने तक सभी पदाधिकारी सदन की दीर्घा में मौजूद रहेंगे। बताते चलें कि 8 जुलाई को राज्य के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विश्वासमत हासिल करेंगे। विस की ओर से इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

### व्यक्तिगत पेशी से छूट के लिए दायर सीएम हेमंत की याचिका पर 15 को सुनवाई

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी, मुख्यमंत्री और बरहेट के विधायक हेमंत सोरेन पर ईडी द्वारा दर्ज शिकायत वाद में व्यक्तिगत पेशी से छूट के लिए दायर याचिका पर रांची सिविल कोर्ट में अब 15 जुलाई को सुनवाई होगी। एमपी एमएलए की विशेष कोर्ट में शनिवार को सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया और अगली सुनवाई के लिए 15 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। एमपी एमएलए की विशेष कोर्ट में चल रही सुनवाई में कोर्ट ने प्रथम दृष्टया यह माना है कि हेमंत सोरेन ने इडी के समन का उल्लंघन किया है।

### मानव तस्कर पन्नालाल महतो की जमानत पर सुनवाई अब 16 अगस्त को

**रांची।** झारखंड में मानव तस्करी के किंग पिन करोड़पति पन्ना लाल महतो की ओर से मनी लांड्रिंग मामले में दायर जमानत अर्जी की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। अदालत ने जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त निर्धारित की है। दरअसल, मनी लांड्रिंग एक्ट में अनुसंधान कर रहे ईडी मानव तस्कर पन्ना लाल महतो की तीन करोड़ 36 लाख 65 हजार 968 रुपये 86 पैसे की चल–अचल संपत्ति को जब्त कर चुकी है। पन्नालाल प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से झारखंड की लड़कियों को देश के विभिन्न राज्यों में घरेलू नौकरानी आदि का काम भी काम दिलाता था और उन लड़कियों को काम के एवज में मिले वेतन को हड़प लेता था।

### खेल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक 18 को

**रांची।** राज्य के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार 18 जुलाई को सभी जिला खेल पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक करेंगे। इसमें खेल निदेशक, पर्यटन निदेशक और सांस्कृतिक निदेशक भी शामिल रहेंगे। इस बैठक में 12 बिंदुओं पर समीक्षा की जायेगी। इनमें स्वीकृत, निर्मित प्रखंड स्तरीय स्टेडियम की डिटेल रिपोर्ट, जहां रिपेयरिंग/रेनोवेशन की जरूरत हो उससे जुड़ा प्रस्ताव, सिदो कान्हू युवा क्लब निबंधन की अद्यतन स्थिति, जहां जहां प्रखंड स्तरीय स्टेडियम नहीं है, उसके प्रस्ताव की समीक्षा की जायेगी। इस संबंध में विभाग ने 5 जुलाई को पत्र जारी किया है।

### प्रदेश राजद का शिष्टमंडल सीएम से मिला



**रांची।** राजद का शिष्टमंडल झारखण्ड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव के नेतृत्व में शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला। शिष्टमंडल में प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्र यादव, प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार, रा. महासचिव अभय सिंह, प्रदेश महिला अध्यक्ष रानी कुमारी, युवा अध्यक्ष रंजन यादव,सचिव रामकुमार यादव सहित अन्य लोग शामिल थे। मुलाकात के दौरान शिष्टमंडल में शामिल नेताओं ने हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और राज्य की वर्तमान राजनीति और अगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की।

### मोदी सरनेम के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ अब चलेगा मुकदमा

**29 जुलाई से रांची की स्पेशल कोर्ट में गवाही**



**रांची।** मोदी सरनेम मामले में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ एमपी/ एमएलए की विशेष कोर्ट में अब मुकदमा चलेगा। शनिवार को राहुल के अधिवक्ता ने दोष स्वीकर नहीं किया। इसके बाद कोर्ट ने शिकायतकर्ता को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है। 29 जुलाई से रांची की स्पेशल कोर्ट में गवाही चलेगी। मालूम हो कि राहुल गांधी के खिलाफ शिकायतकर्ता प्रदीप मोदी ने रांची सिविल कोर्ट में कंप्लेन केस दायर किया है। इसमें कहा गया है कि 3 मार्च 2019 को रांची के मोरहाबादी मैदान में कांग्रेस पार्टी द्वारा उलगुलान महारैली का आयोजन किया गया था। इसमें राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा था कि देश का चौकीदार चोर है। आपने नीरव मोदी और ललित मोदी के बारे में सुना है आखिरकार सारे मोदी चोर क्यों है? राहुल गांधी के इस बयान से आहत होकर अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने 23 अप्रैल 2019 को रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद कराया था। हालांकि 30 सितंबर 2021 को एमपी/ एमएलए कोर्ट में यह केस स्थानांतरित किया गया था। जिसके बाद कोर्ट ने राहुल के खिलाफ समन जारी किया था।

## बड़कागांव के कई समाजसेवी एवं युवाओं ने थामा आजसू का दामन, सुदेश महतो ने कहा

# काम नहीं कमाई हो गयी है राज्य सरकार की प्राथमिकता

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राज्य सरकार की प्राथमिकता काम नहीं कमाई है। सरकार में ट्रांसफर पोस्टिंग एवं अवैध ट्रांसपोर्टिंग का उद्योग शुरू हो गया है। भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है। जनसेवा की शपथ लेने वाली सरकार के मुखिया जनता के बारे में सोचने के स्थान पर सिर्फ अपने बारे में सोच रहे हैं। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कांके रोड, रांची स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान समाजसेवी रामचंद्र साहू के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा के कई युवाओं और समाजसेवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों का पार्टी में स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार ने सबसे अधिक युवाओं को छलने का काम किया है। उनकी वादाखिलाफी के चलते युवाओं का भविष्य अंधकार में है। आज राज्य के सभी वर्ग के लोग आजसू से जुड़ रहे हैं।

मौके पर केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने कहा कि विकास की असीमित संभावनाओं वाले बड़कागांव विधानसभा को विकास से कोसों दूर कर दिया गया है। क्षेत्र के विकास के लिए कोई काम नहीं हुआ है। विस्थापन का दंश झेल रहे बड़कागांव के लोग आजसू की ओर उम्मीद भारी निगाहों से देख रहे हैं। हम सभी मिलकर जनाकांक्षाओं के अनुरूप विकसित बड़कागांव बनाने का काम करेंगे।

**इन्होंने ली सदस्यता :** रामचंद्र साहू के नेतृत्व में मनोज साव, सोनू साव, विनोद साव, मोहन साव, शिव साव, शंकर साव, सूरज कुमार साव, दिलचंद साव, ईश्वरी साव, कमलनाथ साव, नरेंद्र लाल साव, कुलदीप साव, निर्मल साव, जुगेश्वर साव, रोहित दिनेश्वर साव, पवन साव, पियारी साव, गुड्डु साव, खिरोधर त्रिलोकी साव, गुल्लू साव, टुकन साव, केदार साव, तारकेश्वर संजय साव, विजय साव, अंजन साव, पिंटू साव, चुरामन साव, दिनेश प्रजापति, अशोक साव, गोपाल साव, माघो साव, लक्षण साव, ठकुरी साव, भुवनेश्वर साव, राजन साव, कुलेश्वर साव, तीला साव, धनेश्वर साव यादि सैकड़ों लोगों के साथ पतरातु और उरीमारी से चंपा देवी, पूनम देवी, अनु देवी,सीता देवी ने आजसू पार्टी का दामन थामा।

## हल्ला बोल कार्यक्रम का दसवां दिन

# सत्ता के लालच में चूर राज्य सरकार को विकास कार्य से मतलब नहीं: चंद्रप्रकाश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के विभिन्न प्रखंडों में व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम दसवें दिन भी जारी रहा। पार्टी की ओर से जनता को आ रही समस्याओं को लेकर संबंधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा गया। इस ज्ञापन के माध्यम से जमीन दाखिल खारिज, नियमित बिजली आपूर्ति, किसानों को समय पर खाद बीज उपलब्ध कराने, छात्रों की छात्रवृत्ति को जल्द से जल्द देने, जाति और आवासीय प्रमाण पत्र शीघ्र बनाने जैसी मांग प्रमुखता से उठाई गई।

रामगढ़ में आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम में पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने हिस्सा लिया। चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि सत्ता के लोभ में चूर वर्तमान सरकार को राज्य के वर्तमान हालातों से कोई मतलब नहीं है, राज्य में लगातार कानून व्यवस्था बिगड़ती चली जा रही है। सरकार के भ्रष्टाचार और राज्य में फैली अराजकता के खिलाफ यह हल्ला बोल कार्यक्रम किया जा रहा है।



इसके अलावा राज्य के कई जिलों में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सुप्रभात
रविवार 07.07.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 78
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

## नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान की शुरुआत विधिवत रूप से हुई

# डीडीसी ने अभियान की सफलता के लिए अधिकारियों को शपथ दिलाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान की शुरुआत शनिवार को समाहरणालय सभागार कक्ष में विधिवत रूप से हुई। उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दुबे, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत यशवंत विस्पुते, सिविल सर्जन डॉ एसपी मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप व जिला शिक्षा पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम शुरू किया। डीडीसी ने नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान के तहत सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए शपथ दिलाई

उप आयुक्त दीपक कुमार दूबे ने कहा कि नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम अन्तर्गत इंडिकेटर वाइज सैचुरेशन के निमित्त 09 संकेतक का चयन करते हुए संबंधित क्षेत्रों में तीन माह का सम्पूर्णता अभियान प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। कहा कि यह भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना है। नीति आयोग के 112 आकांक्षी जिलों में गिरिडीह व प्रखंडों में जमुआ प्रखंड चयनित है। जिला एवं जमुआ प्रखंड में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। तीन माह के सम्पूर्णता अभियान के तहत इंडिकेटर वाइज



सैचुरेशन के निमित्त सभी 9 इंडिकेटर्स में प्रगति करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को एक्शन प्लान तैयार कर समन्वय स्थापित करते हुए सभी इंडिकेटर में प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि हेल्थ एवं न्यूट्रिशन पर विशेष फोकस करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण कर सभी पैरामीटर पर कार्य करें। सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत यशवंत विसुप्ते ने कहा कि नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। अभियान के तहत तीन माह की कार्य योजना तैयार कर रोस्टर के अनुरूप प्रत्येक दिन की गतिविधि का संचालन करें एवं निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

सिविल सर्जन डॉ एसपी मिश्रा ने कहा कि नीति आयोग के तहत सभी 09 मानकों में प्रगति लाने हेतु 3 महीनों का संपूर्णता अभियान निर्धारित किया गया है। इसमें फेज वाइज एक्शन बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि योजनाओं में वृद्धि लाई जा सके। कहा कि इन तीन महीनों में फर्स्ट एएनसी के तहत जांच, गर्भवती महिलाओं की लिस्ट बनाकर उसकी नियमित जांच करीना, गर्भवती महिलाओं के बीच किट उपलब्ध कराना, एएनसी कार्ड का वितरण, प्रॉपर जांच आदि शामिल है।

कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, उपनिदेशक, आत्मा, डीपीएम, एनएचएम, नीति आयोग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, पिरामिल फाउंडेशन के जिला समन्वयक, प्रोग्राम लीड, पिरामिल फाउंडेशन, कृषक मित्र मौजूद थे।

## एक नजर में

### जमुआ में स्कूल वैन और पिकअप के बीच हुई टक्कर



**गिरिडीह।** जिले के जमुआ पेटहंडी पेट्रोल पंप के पास शनिवार दोपहर को इंप्रियल स्कूल के बच्चों से भरी वैन और पिकअप में आमने सामने टक्कर हो गई, जिसमें करीब एक दर्जन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। कई बच्चों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर किया गया है। दोनों वाहनों में टक्कर के बाद अफरा तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने बच्चों को वाहन से निकालकर जमुआ स्थित रेफरल अस्पताल पहुंचाया। दोनों वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घटना के बाबत बताया जाता है कि स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चों को लेकर जब वैन निकली तो जमुआ पेटहंडी पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही मछली लदे पिकअप से टक्कर हो गई। दोनों गाडियां बेहद तेज गति में थी। टक्कर के बाद स्कूल वैन जहां पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, वही मछली लदा पिकअप भी पलटी मार गया। बताया जाता है कि स्कूल वैन में क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाया गया था। सूचना मिलते ही जमुआ पुलिस पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर भाजपा ने अयोजित की संगोष्ठी, दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**गिरिडीह।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा जिला कार्यालय में शनिवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बिनय कुमार सिंह मौजूद थे। शुरुआत जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, पूर्व सदर विधायक निर्भय शहाबादी, जिप अध्यक्ष मुनिया देवी, सुरेश साहू, दिलीप वर्मा, चुन्नूकांत, जिला महामंत्री संदिप डंगायच सहित अन्य भाजपाइयों ने डॉ मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की। भाजपाइयों ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद जी का पूरा जीवन प्रेरणा का स्रोत है। आज उन्हीं के शुरू किए गए आंदोलन का परिणाम है कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर वहां तिरंगा फहराया। निवर्तमान विधायक निर्भय शाहाबादी के आवासीय कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। पूर्व विधायक श्री शाहाबादी के अलावा गोपाला विश्वकर्मा, अशोक सिंह, सौरभ सागर मिश्रा, उत्तम लाला, रुपेश कुमार सहित कई भाजपाइयों ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। पूर्व विधायक ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक देश एक विधान का नारा देने वाले, भारत की एकता, अस्मिता व अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले प्रखर राष्ट्रवादी राजनेता थे।

### आईएमए का जिला स्तरीय सम्मेलन आज, 300 प्रतिनिधि लेंगे भाग



**धनबाद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) का जिला स्तरीय तीसरा वार्षिक सम्मेलन रविवार को धनबाद क्लब के ऑयस्टर हॉल में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में देश के जाने माने करीब 300 प्रतिनिधि भाग लेंगे। समारोह सुबह 9 से शाम 6 बजे तक चलेगा। यह जानकारी शनिवार को धनबाद क्लब में पत्रकार वार्ता आयोजित कर आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एके सिंह व जिला अध्यक्ष डॉ मेजर चंदन ने संयुक्त रूप से दी। सम्मेलन में दिन-प्रतिदिन की चिकित्सा समस्याओं और चिकित्सा विज्ञान की विभिन्न विशिष्टताओं में प्रगति की जानकारी साझा की जाएगी। अतिथि और मेजबान संकाय के 40 से अधिक वक्ता चिकित्सा से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखेंगे। एनएमसी द्वारा अनुमोदित 3 घंटे प्रतिभागयों और वक्ताओं को दिए जाएंगे। प्रेसवार्ता में डॉ बीएन गुप्ता, डॉ बीके सिंह, डॉ राकेश इंदर सिंह, डॉ प्रणय कुमार अदि मौजूद थे।

### एटीएम कैश वैन पलटा, चालक सहित तीन घायल

**मैथन।** निरसा थाना क्षेत्र के रंगामाटी गांव के समीप विभिन्न बैंकों के एटीएम में कैश डालने वाला वैन शनिवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि रंगामाटी निवासी मोहम्मद अंसारी के घर की दीवार को तोड़कर पलट गई। दुर्घटना में वैन चालक सहित तीन लोग घायल हो गए हैं। चालक गंभीर रूप से जख्मी था। स्थानीय लोगों ने उसे निजी वाहन से इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भिजवाया। सूचना पाकर निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार, एमपीएल ओपी प्रभारी योगेंद्र कुमार एवं निरसा बीडीओ इंद्रलाल ओहदार पहुंचे तथा दुर्घटनाग्रस्त वैन को हटवाया। बीडीओ ने तत्काल गृह स्वामी को 10 हजार रुपये दिये तथा इंश्योरेंस से मिलने वाला लाभ दिलवाने का वादा किया। उसके बाद ग्रामीण एवं गृह स्वामी शांत हुए। जानकारी के अनुसार कैश वैन (जेएच 01 ईडब्लू 2282) बेनागोड़िया से निरसा की ओर आ रहा था। रंगामाटी सिंह टोला के समीप मोड़ में घूमने के दौरान मोहम्मद अंसारी की दीवार से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दीवार टूट गई। गनीमत थी कि उसवक्त घर के बरामदे के समीप कोई नहीं थ दुर्घटना में वैन चालक रायगंज निवासी को सर में गंभीर चोट आई है। वैन पर सवार दो सुरक्षा कर्मी भी घायल हो गए। दुर्घटनाग्रस्त वैन में कैश मौजूद था। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस के पहुंचने तक वैन के अंदर किसी को प्रवेश नहीं करने दिया। बाद में पुलिस ने दूसरे वाहन से कैश को भिजवाया।

### तिसरी पुलिस ने शराब लदी होंडा सिटी कार की जब्त



गिरिडीह : जिले के तिसरी थाना की पुलिस ने शुक्रवार की देर रात ग्रामीणों के सहयोग से अवैध अंग्रेजी शराब लदी होंडा सिटी कार संख्या बीआर 03क्यू 0045 को जब्त की है। तेज रफ्तार कार ने न सिर्फ दो बाइक को टक्कर मार कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसमें दो लोगों को मामूली चोट भी आई है। शराब तस्कर के साथ वाहन चालक जंगल में बच कर फरार होने में कामयाब हो रहे। घटनाक्रम से गुस्साए ग्रामीणों ने कार में जम कर तोड़-फोड़ की है। जानकारी के अनुसार तिसरी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध विदेशी शराब लदी कार बिहार की ओर जा रही है। इसी सूचना के आधार पर तिसरी और लोकाई थाना प्रभारी ने वाहन की खोजबीन शुरू कर दी। कुछ समय के बाद लोकाइ में वाहन चेकिंग देख यह कार वापस तिसरी की ओर आने लगी। तभी उसने तिसरी थाना प्रभारी को भी चकमा दिया और चालक तेज रफ्तार में कार को लेकर भंडारी के रास्ते फरार हो गया।

## स्पीड न्यूज

### अवैध बालू लदा हाईवा व ट्रैक्टर जब्त



**धनबाद।** जिला खनन टास्क फोर्स ने आज तड़के प्रातः राजगंज व बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चला कर अवैध बालू लदा दो वाहन को जब्त कर लिया है। खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने आज यहां बताया कि आज प्रातः 3:00 बजे से 7:00 बजे तक राजगंज व बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया गया।जांच के दौरान बरवाअड्डा थाना क्षेत्र से लगभग 500 घनफीट अवैध बालू लदा हाईवा संख्या जेएच 10 बी.पी. 4506 तथा राजगंज थाना क्षेत्र से लगभग 100 घनफीट अवैध बालू लदा बिना नम्बर का ट्रेक्टर बिना परिवहन चालान के परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जांच दल को देखते ही दोनों वाहनों के चालक वाहन छोड़कर फरार हो गये। दोनों वाहनों के विरूद्ध संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच दल में श्री प्रामाणिक के अलावा नवनियुक्त खान निरीक्षक सुमित प्रसाद, बसंत उरांव, विजय करमाली एवं आवंटित पुलिस बल शामिल थे।

### सिंदरी की समस्याओं पर हर्ल प्रबंधन से हुई सकारात्मक चर्चा



**सिंदरी।** सिंदरी टाउनशिप के ज्वलंत मुद्दों पर भाजपा प्रदेश आइटी सेल संयोजक अमर झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को हर्ल सिंदरी प्रबंधन से मुलाकात की। संयोजक ने बताया कि सकारात्मक चर्चा हुई है और ज्ञापन भी सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि हर्ल सिंदरी वाइस प्रेसिडेंट (आपरेशन) सुरेश प्रमाणिक से अस्पताल, पानी, बिजली, सड़कें, कम फीस पर विद्यालय तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर पर बेबाक बात हुई। प्रबंधन ने हर्ल द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी मुद्दों पर हर्ल प्रबंधन से निश्चित समय के साथ समाधान का आश्वासन मांगा गया है। कुछ समय बाद पुनः समीक्षा बैठक की जाएगी। बैठक में हर्ल एच आर संत सिंह, भाजपा नेता शैलेश सिंह, मनोज मिश्रा, विजय सिंह, सिंदरी फैमिली ग्रुप के डी एन सिंह, डी एन श्रीवास्तव व गार्गी सिंह मौजूद थे।

## देवघर जाते गिरिडीह में रुके मुख्य न्यायाधीश, हुआ जोरदार स्वागत



**पुलिस के जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** देवघर जाने के क्रम में शनिवार को राज्य के मुख्य न्यायधीश विद्युत षाडंगी गिरिडीह में रुके। मुख्य न्यायधीश के साथ उनका पूरा परिवार भी था।इस मौके पर सर्किट हाउस में उन्हें जिला पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। प्रधान जिला एंव सत्र न्यायधीश मनोज कुमार प्रसाद, डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, सीजेएम संदीप गौतम, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव सोमन विश्वनोई, सदर एसडीएम श्रीकांत यवशंत विष्पुते, डीटीओ शैलेश प्रियदर्शी, सदर एसडीपीओ विनोद रवानी, डीपीआरओ अंजना भारती, डीएसपी टू कौशर अली सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मुख्य न्यायाधीश ने पीडीजे मनोज प्रसाद और डीसी के साथ बैठक कर गिरिडीह कोर्ट से जुड़ी कई जानकारी ली। बताते चलें कि मुख्य न्यायधीश ने शुक्रवार को ही पद की शपथ ली है। इसके बाद वह शनिवार को पूजा-अर्चना के लिए परिवार के साथ देवघर जा रहे थे और गिरिडीह में रुके।

## जामताड़ा विधायक एवं डीसी ने 525 बच्चों के बीच साइकिल का किया गया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** उन्नत का पहिया के तहत आज यहां 525 बालकों के बीच सायकिल का वितरण किया गया। अनुसूचित जनजाति, जाति आवासीय विद्यालय दुलाडीह में उन्नति का पहिया साइकिल वितरण योजना के तहत कार्यक्रम हुआ। इसमें आठवीं वर्ग में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ीं जाति के छात्र/छात्राओं को 'उन्नति का पहिया' निःशुल्क साईकिल वितरण (वित्तीय वर्ष 2023-24) किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ इरफान अंसारी, उपायुक्त कुमुद सहाय परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, जिला शिक्षा अधीक्षक राजेश कुमार पासवान सहित अन्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि उन्नति



का पहिया निशुल्क साइकिल वितरण योजना का लाभ मिलने से छात्र एवं छात्राओ को स्कूल आने जाने में मदद मिलेगी। वे आसानी से स्कूल आ जा सकेंगे।वहीं उपायुक्त कुमुद सहाय ने सभी बच्चों को साइकिल वितरण को लेकर शुभकामनाएं दीं एवं कहा कि आप लोग मन लगाकर पढ़ाई करें, साइकिल मिलने से अब बच्चों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके, इसके लिए राज्य सरकार की कई योजनाएं चल रही है। इसका अवश्य लाभ लें, एवं खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अपना एवं जिला का नाम रोशन करें। आयोजित कार्यक्रम में 213 छात्र एवं 312 छात्राओं, कुल 525 साइकिल का वितरण किया गया। जामताड़ा प्रखंड का साइकिल वितरण योजना के तहत कुल 2146 लक्ष्य प्राप्त है। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जामताड़ा प्रवीण चौधरी, बीईईओ, बीडब्लूओ सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## सदर अस्पताल में मनाया गया विश्व जूनोसिस दिवस

**रैबीज के टीके की खोज करने वाले महान वैज्ञानिक लूई पाश्चर को किया याद**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** सदर अस्पताल में शनिवार को विश्व जूनोसिस दिवस मनाया गया। डॉक्टर ऋतुराज अग्रवाल ने बताया कि प्रसिद्ध फ्रांसीसी जीव विज्ञानी लुई पाश्चर के सम्मान में यह दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने पशुओं से इंसान को होने वाली इस बीमारी के इलाज के लिए रैबीज के टीके की खोज की थी। पहला विश्व जूनोसिस दिवस 6 जुलाई 1885 को मनाया गया था। आज के दिन इस महान वैज्ञानिक को याद करते हैं। चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों के बीच जानकारी साझा करते हैं, ताकि लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि जानवरों से फैलने वाली बीमारियों में मलेरिया, स्केबीज, मंकी फीवर, रेबीज, डेंगू, इबोला, इंसेफ्लाइटिस, बर्ड फ्लू, स्वाइन फ्लू, हेपेटाइटिस ए, पैरेट फीवर, ट्यूबरक्युलोसिस (टीबी), रिंग वॉर्म शामिल है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि हर 10 संक्रामक रोग में 6 से अधिक बीमारियां जानवरों से फैलती हैं। पशुओं के लार, दूषित भोजन, श्वसन हवा से बीमारियां फैलती हैं। पालतू जानवरों के सीधे संपर्क से दूर रहना चाहिए। वहीं डॉ राकेश कुमार ने बताया कि जुनोसिस नामक संक्रामक बीमारी के बारे में लोगों के बीच जागरुकता बढ़ाने के लिए हर साल इसे मनाते हैं। आज के दिन बीमारियों के कारणों, लक्षणों, रोकथाम और उपचार के बारे में लोगों को जानकारी उपलब्ध करायी जाती है। विकल्पों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए वैश्विक अभियान भी चलाया जाता है। कार्यक्रम में अस्पताल के चिकित्सक व कर्मी मौजूद थे।

## सिंदरी में सांड के आतंक से मुक्ति दिलाएगा नगर निगम और चेम्बर

**सिंदरी।** सिंदरी के बाजारों में आतंक मचानेवाले सांड से निजात दिलाने के लिए जिला चेम्बर और नगर आयुक्त ने पहल शुरू की है। यह जानकारी देते हुए सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने शनिवार को बताया कि आवेदन पर कार्रवाई की जा रही है। सांड़ को किसी गोशाला में समायोजित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला चेम्बर अध्यक्ष चेतन गोयनका ने सिंदरी के दुकानदारों और चेम्बर की लिखित शिकायत पर नगर आयुक्त से पहल करने की मांग की। नगर आयुक्त ने आश्वस्त किया है कि सांड को गोशाला में भेजने का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिंदरी के शहरपुरा सहित विभिन्न बाजारों और हटिया में दुकानदार और ग्राहकों के बीच सांड आतंक फैला रहा है। सांड ने कई लोगों को शारीरिक और दुकानदारों को आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने नगर आयुक्त और जिला चेम्बर से जल्द निर्णय को अंजाम तक पहुंचाने की अपील की है।

# एडीएम का एसएनएमएमसीएच का औचक निरीक्षण, गंदगी देख वार्डेन को लगी फटकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कालेज अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्था की निरंतर मिल रही शिकायतों को देख-सुन धनबाद की एडीएम लॉ एंड आर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद ने आज अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। मरीजों का हालचाल जाना और वार्डों में व्याप्त समस्याओं को देख वार्डेन को कड़ी फटकार लगाई।

एडीएम श्रीमती प्रसाद ने ओपीडी, लावारिस वार्ड, महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, पोइजन वार्ड,



वाह्य विभाग, शिशु विभाग, फिजियोथैरेपी विभाग, सर्जरी विभाग, एक्सरे रूम, अल्ट्रासाउंड केंद्र, जेनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड आईसीयू, स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग अंतः कक्ष, समेत विभिन्न विभाग एवं सेंटरों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने मरीजों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। साथ ही उन्होंने मरीज से बातचीत कर राउंड पर डॉक्टर के आने, नर्स द्वारा समय पर समुचित सुविधा उपलब्ध कराने, साफ सफाई की व्यवस्था, चादर बदलने, साफ सफाई समेत दवा की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान महिला वार्ड में कई पुरुष उपस्थित दिखे जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवान को इन मामलों पर ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि महिला वार्ड में पुरुष नहीं रुके इसका ख्याल रखें। वही लावारिस वार्ड में गंदगी को देखते हुए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने वार्ड के इंचार्ज को फटकार लगाते हुए अच्छी देखरेख एवं समुचित इलाज की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया।

निरीक्षण के बाद उन्होंने अस्पताल के प्रिंसिपल सह अधीक्षक डॉक्टर ज्योति रंजन से वार्ता कर अस्पताल के विधि व्यवस्था, मरीजों को बेहतर इलाज एवं सुविधा प्रदान करने, साफ सफाई का ध्यान रखने समेत अन्य बिंदुओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

# जयंती पर याद किये गए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी

## भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने दी पार्टी के संस्थापक को भावभीनी श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती शनिवार को मनाई गई। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने जगजीवन नगर अपने आवासीय कार्यालय व सिटी सेंटर के पास प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर सदर मंडल अध्यक्ष निर्मल प्रधान, उमेश सिंह, राजा राम दत्ता, विकास सिन्हा, विशाल सिन्हा बाबू, अमित विशाल सिन्हा, डिंपू लाला, अनिल सिन्हा, संतोष सिंह, विकास सिन्हा, रमेश सिंह, रीता प्रसाद, दीपक सिंह, लालतू सरकार, बरटॉंड मण्डल अध्यक्ष राजकुमार मण्डल, पूर्व पार्षद अशोक पाल, पुरुषोत्तम रंजन बबलू, मनोज भवानी, सरोज शुक्ला, टुल्ला सिंह, रिंकू सिन्हा, अमित सिंह, राणा सिंह, पंकज सिन्हा, मनोज मालाकार, मंजीत सिंह मौजूद थे।

**जम्मू कश्मीर को देश का अभिन्न अंग बनाना चाहते थे डॉ श्यामा प्रसाद**

**सिंदरी ।**अंतरिम सरकार में देश के प्रथम उद्योग व आपूर्ति मंत्री डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123 वीं जयंती शनिवार को सिंदरी के भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जिला संयोजक कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ मुखर्जी के चित्र पर भाजपा नेताओं ने माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किए।

भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जिला संयोजक दिनेश सिंह कहा कि उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को विशेष महत्व दिया। वह जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंने धारा 370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की थी। इसपर अमल करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति कर उसे भारत का अभिन्न अंग बनाया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के तहत पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया। पूर्व पार्षद सह भाजपा नेता दिनेश सिंह, सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, बृजेश सिंह, संजय सिंह, रणधीर सिंह, कामेश्वर सिंह, गुरचरण सिंह, उमेश गुप्ता, कुंदन श्रीवास्तव, मणि सिंह, नकुल सिंह, सुनील सिंह, सुनील साव, सुरेश सिंह, नंदकेश्वर सिंह, चंदन कुमार, वीरेंद्र सिंह, तनु गोराई सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### मोबाइल चोर को लोगों ने पकड़ा, मौका देख भाग

**धनबाद।** हिल कॉलोनी में एक पागल से वहा के स्थानीय लोग परेशान है। कॉलोनी निवासी भुक्तभोगी उपेंद्र राम ने बताया कि उनका बच्चा घर में पढ़ाई कर रहा था। पढ़ाई करते करते वह सो गया। उसके बाद भीस्तीपाड़ा का विक्की रवानी पीछे के रास्ते से घर में घुसा और मोबाइल चुरा कर भाग गया। परंतु स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। हालांकि मौका देख वह भाग निकला। भुक्तभोगी ने बताया कि काफी दिनों से मुहल्ले के लोग परेशान हैं। वह पागल का सार्टिफिकेट बनाए हुए है। पुलिस को सूचना दी गई,, परंतु नहीं पहुंची।

### विद्यालय में बच्चों के बीच बांटे गए पौधे

**कुमारधुबी।** डीवीसी रघुनाथ पुर थर्मल प्लांट के सीएसआर एवं ई एमपीएस विभाग द्वारा लालपुर प्राथमिक विद्यालय में बच्चों और ग्रामीणों के बीच संयुक्त रूप से पौधा का वितरण किया गया । सभी को फलदार तथा छाया दार पौधे दिये गए। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण, हरियाली तथा स्वच्छ परिवेश के बारे में जागरूक करना था । उन्होंने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए पेड़ पौधे तथा हरियाली का होना बेहद जरूरी है। मनुष्य का जीवन पेड़-पौधों पर ही निर्भर है। पेड़ पौधे से ही स्वस्थ वातावरण तथा पौष्टिक फल आदि प्राप्त होते हैं। पेड़ों की छाया में शीतलता होती है । शरीर को ऑक्सीजन प्राप्त होता है ।इसीलिए लोगों को पेड़ पौधे लगाने के लिए जागरुकता हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने लोगों तथा बच्चों को प्लास्टिक से पर्यावरण तथा जीवन पर हानिकारक असर के बारे में ड्डी बताया। इस अवसर पर सीएसआर प्रबंधक असीत मंडल मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर साहेबगंज हाइवे में प्रखंड मुख्यालय के समीप आल्टो कार एवं मोटरसाइकिल के सीधी टक्कर में मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद घायल को इलाज के लिए एक निजी क्लिनिक ले गए।जहाँ उसकी पहचान अर्जुनडीह गांव निवासी इकराम अंसारी 25 वर्ष के रूप में हुआ।घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार आल्टो कार चालक अपने पत्नी और बच्चे के साथ धनबाद से चितरा जा रहे थे। वही इकराम अंसारी नारायणपुर से अपने घर अर्जुनडीह लौट रहे थे।मोटरसाइकिल चालक हाइवे से नीचे उतर रहा था ।उसी समय सामने से आ रहे आल्टो कार ने ठोकर मार दिया जिसमें मोटरसाइकिल इकराम अंसारी गम्भीर रूप से घायल हो गए।पुलिस ने घटनास्थल पर दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

### विधिक सहायता कैंप वं मेला को लेकर बैठक

**जामताड़ा।** बीडीओ जमाले राजा की अध्यक्षता में 7 जुलाई को लगने वाले विधिक सहायता कैंप एवं रथ मेला को लेकर बैठक हुई। गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर उपलैन मरांडी, कुंडहित थाना प्रभारी विनय कुमार यादव उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित कर्मियों को कहा कि 7 जुलाई को कुंडहित प्रखंड परिसर में विधिक प्राधिकार सहायता कैंप का आयोजन किया गया है। उन्ह कैंप में अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।उन्होंने उपस्थित कर्मियों से कहा कि 7 जुलाई को दोपहर बाद रथ यात्रा को लेकर कुंडहित में एक भव्य मेला लगेगी। जहां हजारों लोगों की भीड़ जुड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### प्रखंड स्तरीय जांच व उपकरण वितरण


**जामताड़ा।** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत 9 जुलाई को मध्य विद्यालय नाला परिसर में पूर्वाह्न 9:00 बजे से 3 से 18 आयु वर्ग के सभी दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य जांच तथा आवश्यक उपकरण वितरण कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया जायेगा।

### थाना प्रभारी स्वयं वाहन चेकिंग करें : एसडीपीओ

**मैथन।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के मैथन स्थित कार्यालय में शनिवार को मासिक अपराध गोष्ठी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजत मानिक बाखला ने सभी थाना प्रभारियों से बारी बारी से प्रतिवेदित एवं कांडों की समीक्षा की।

एसडीपीओ ने कहा कि सड्डी थाना प्रभारी स्वयं वाहन चेकिंग करें और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। लापरवाही नहीं बरतें। उन्होंने वरीय पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त पत्रों व वारंट का निष्पादन, चोरी, गृहभेदन, वाहन चोरी आदि की रोकथाम के लिए कई निर्देश दिये। बैठक में चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील सिंह, चिरकुंडा पुलिस निरीक्षक फागु होरो, निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार, निरसा पुलिस निरीक्षक अक्षय राम, एमपीएल ओपी प्रभारी योगेन्द्र कुमार, मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन, रीडर जे पी वर्मा आदि मौजूद थे।

### रागिनी सिंह ने दी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि



**धनबाद।** डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम एवं संगोष्ठी में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष श्रवण राय, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, रविन्द्र राय, रमेश कुमार राही, संजीव कुमार अग्रवाल समेत जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने तस्वीर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एबुंलेंस चालकों ने एसएनएमएमसीएच में सेवा देने की मांगी अनुमति

## संघ ने अस्पताल के अधीक्षक को दिया ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो कॉलेज एण्ड अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में एंबुलेंस लगाने की मांग को लेकर शनिवार को जिला एंबुलेंस सेवा संघ ने अस्पताल के अधीक्षक अनिल कुमार सिन्हा को आवेदन दिया। चालकों ने बताया कि हम लोग संघ के नियमानुसार ही सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों में मरीजों को सेवा देने का काम करते हैं। पूर्व में हम सभी प्राइवेट वाहन चालकों को कहा गया था कि नम्बर के अनुसार एम्बुलेंस सेवा प्रदान करें, जिसका पालन करते आ रहे हैं। लेकिन अब दुर्व्यवहार किया जा रहा है। अस्पताल के बाहर एंबुलेंस लगाने को कहा जा रहा है। ऐसा करने से हमारी रोजी रोटी बंद हो जायेगी।

इन परेशानियों को देखते हुए अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के सामने हेल्प डेस्क में एबुंलेस लगाने की अनुमति प्रदान करें। आवेदन में शांतिपूर्ण तरीके से नंबर के अनुसार एंबुलेंस लगाने का वादा किया गया है। सभी नियमों का पालन करने की भी बात कही गई है। मौके पर संघ के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, संरक्षक अमरेश सिंह, सचिव धर्मेंद्र सिंह मौजूद थे।

# डीएवी सीएफआरआई में हैंडबॉल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

## पांचवीं वं छठी के बच्चों ने किया योगाभ्यास



**जोड़ापोखर।** डीएवी मॉडल स्कूल,सीएफआरआई,डिगवाडीह में अंतर सदनीय हैंडबॉल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हुई। साथ ही पांचवीं और छठी के बच्चों ने योगासन एवं सूक्ष्म व्यायाम किया। विगत 29 जून को खेली गई हैंडबॉल प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में प्रथम दयानंद, द्वितीय बिरजानन्द तथा तृतीय श्रद्धानन्द रहे। बास्केटबाल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्रथम हंसराज,द्वितीय दयानंद एवं तृतीय स्थान पर विरजानंद, जबकि बालिका वर्ग में प्रथम हंसराज द्वितीय श्रद्धानंद,तृतीय स्थान पर विरजानंद रहे। शनिवार की हैंडबॉल प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में प्रथम विरजानंद, द्वितीय हंसराज तथा तृतीय स्थान पर दयानंद रही। बालक वर्ग में प्रथम श्रद्धानंद,द्वितीय हंसराज तथा तृतीय स्थान पर दयानंद रही। बास्केटबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्रथम श्रद्धानंद,द्वितीय बिरजानंद तथा तृतीय स्थान पर दयानंद रही।

## एक नजर में

### चिरकुंडा टाउन हॉल में भारतीय जनता पार्टी का अभिनंदन सह सम्मान समारोह



**कुमारधुबी।** निरसा विधानसभा अंतर्गत चिरकुंडा टाउन हॉल में निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता की अध्यक्षता में अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन किया। मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो और विशिष्ट अतिथि के रूप में देवघर के विधायक नारायण दास मौजूद थे। शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर हुई। सांसद ढुल्लू महतो ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यकर्ताओं ने सांसद, देवघर विधायक, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता को 101 किलो की माला पहनाकर सम्मानित किया।

### पीएनएम कॉलेज में समाजिक न्याय पर संगोष्ठी



**गोमो ।** पंडित नेहरू मेमोरियल कॉलेज गोमो में आइक्यूएसी एवं दर्शनशास्त्र विभाग के तत्वावधान में सामाजिक न्याय का दर्शन विषय पर संगोष्ठी हुई। अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर डोमन हजाम ने की। संचालन डॉ विनय कुमार वैद्य ने किया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता आईआईटी आईएसएम धनबाद के प्राध्यापक डॉक्टर अजीत कुमार बेहरा ने कहा कि आज सामाजिक न्याय नहीं हो पा रहा है। शिक्षा सहित सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक आदि क्षेत्र में सामाजिक न्याय नहीं मिल रहा है। आर्थिक क्षेत्र में दोहरी नीति अपनाई जा रही है। एक ओर अडानी, अंबानी जैसे संपन्न परिवार हैं तो दूसरी ओर दो जून की रोटी के लिए भी लोग तरस रहे हैं। मौके पर प्रोफेसर नोनू राम सोरेन, प्रोफेसर मृदुल चार्ली, डॉक्टर ताहिर अंसारी, प्रोफेसर संजय कुमार प्रसाद, प्रोफेसर कांति प्रसाद, प्रोफेसर एच एन दे, शंकर कुमार, अनूप मंडल, संगीता महतो, राखी कुमारी, खुशबू कुमारी, सुमन कुमारी, राखी कुमारी, सोनी कुमारी मौजूद थे।

### एक वृक्ष मां के नाम के तहत किया वृक्षारोपण



**कतरास।** भारतीय जन संघ के संस्थापक शिक्षाविद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा ने रानी बाजार के राजेंद्र नगर में वृक्षारोपण किया। कार्यकर्ताओं ने एक वृक्ष मां के नाम का आयोजन किया। मंडल उपाध्यक्ष बबलू बनर्जी ने कहा कि वृक्षारोपण से समाज एवं प्रकृति का संतुलन बना रहेगा। मौके पर अधिवक्ता अमित भगत, बलबीर सिंह, रविंद्र विजन, शंभू सिंह, रंजीत रवानी, विनय सिन्हा, सुनील सिंह, टुनटुन गुप्ता, बबलू भट्टाचार्य, छोटू रजक, धर्मेश दोषी, दीपू दास, बुलेट ठाकुर आदि मौजूद थे।

### बीडीओ मुरली यादव ने बूथों का किया निरीक्षण

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के विभिन्न बूथों का शनिवार को बीडीओ मुरली यादव नें निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ संख्या 53,54 एवं 55 के बीएलओ कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर बूथ से जुड़े कार्यों का निष्पादन करना है।निरीक्षण के क्रम उन्होंने अधिक से अधिक नए मतदाताओं का नाम जोड़ने,मृत मतदाताओं का नाम हटाने, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो की जगह रंगीन फोटो लगाने सुमित अन्य कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया।

### डीवीसी अस्पताल में लगाया गया रक्तदान शिविर

**मैथन।** सामाजिक दायित्व के तहत दामोदर घाटी निगम के 77 वें स्थापना दिवस पर शनिवार को बीपी नियोगी अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन मैथन परियोजना के वरीय महाप्रबंधक संजय शर्मा एवं एग्यारकुंड प्रखण्ड प्रमुख संगीत महतो ने किया। नैगम सामाजिक दायित्व के प्रबंधक डॉ कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है, जिसमें आपस में ही एक दूसरे के माध्यम से रक्त की कमी दूर कर जानलेबा बीमारियों से बचाने का काम करते हैं। चूंकि विज्ञान की तरक्की के बावजूद रक्त के लिए एक-दूसरे पर ही आश्रित हैं। डॉ संघमित्रा नंदी एवं डॉ उमेश कुमार ने रक्त दान से होने वाले फायदे तथा सामाजिक भ्रांतियों के बारे में विस्तार से बताया और रक्त दान के लिए प्रेरित किया। कुल मिलकर 36 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। डॉ सवितेश मल्लीक, चंडीचरण चक्रवर्ती, अलतमस, देवाशिष, प्राणमिता, इमली, ब्रजमोहन महतो, बापी सिन्हा सक्रिय भूमिका रही।

# कलशयात्रा के साथ चिरकुंडा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू



**मैथन।** चिरकुंडा क्षेत्र के तीन नम्बर चढाई स्थित श्री श्री राम भरोसा धाम में शनिवार को कलशयात्रा के साथ आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू हो गई। सुबह भारी संख्या में महिलाएं एवं कुंवारी कन्याएं 151 कलश लेकर ढोल-नगाड़ों व गाजेबाजे के साथ सुन्दर नगर स्थित बराकर नदी पहुंची, जहां मंदिर के मुख्य पुजारी रामरतन पांडेय एवं अन्य पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर कलश में जल भराया। फिर महिलाएं कलश लेकर वापस श्रीराम भरोसा धाम मंदिर पहुंची, जहां विधिवत कलश स्थापना की गई। मौके पर वृंदावन से आए कथावाचक माधव जी महाराज ने कहा कि प्रत्येक सनातनी को भागवत कथा का अवश्य सुननी चाहिए। आयोजक सदस्य माणिक गोराई ने बताया कि श्री श्री राम भरोसा धाम में द्वितीय वर्ष आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आज शुरू हो गई है, जो 13 जुलाई को महाभण्डारो के साथ समाप्त हो जायेगी। इस बीच प्रतिदिन दोपहर तीन बजे वृंदावन के कथावाचक माधव जी महाराज प्रवचन करेंगे। सभी भक्त परिवार के साथ आयें और श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर जीवन को धन्य करें।

### विद्यालयों में दो दिन के अंदर पुस्तक वितरण

**कतरास।** प्रखंड संसाधन केन्द्र बाघमारा में शनिवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी म. अख्तर हुसैन की अध्यक्षता में बैठक हुई. प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज चौरसिया ने प्रोजेक्ट इफेक्ट 2024 की जानकारी दी। स्वच्छता, वृक्षारोपण एवं खेल आदि के बारे में बताया गया। लेखपाल आनंद मोहन ने बताया कि विद्यालय विकास की राशि 15 जुलाई तक खाते में आ जाएगी। बीपीओ विकास ने बच्चों को अगलीी कक्षा में प्रवेश हेतु योजना की जानकारी दी। सभी विद्यालयों में पुस्तक वितरण दो दिन के अंदर सुनिश्चित किया गया। राज्य स्तरीय टीएचएम प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मध्य विद्यालय कांड्रा की शिक्षिका मधुमिता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बीपीओ ने बच्चों के सर्वांगीण विकास, मध्याह्न भोजन योजना, साइकिल वितरण आदि के बारे में बताया। बैठक में बी आर पी नसीम, सुमन थे।

# डीवीसी का स्थापना दिवस आज, रंगारंग होगें कार्यक्रम

## दुधिया रोशनी से सजे कार्यालय

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** डीवीसी का 77 वां स्थापना दिवस 7 जुलाई रविवार को धूमधाम एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया जाएगा। डीवीसी मैथन परियोजना के विभिन्न कार्यालयों को दुधिया रोशनी व बैलून से सजाया गया है। स्थापना दिवस पर रविवार की सुबह मैथन डैम स्थित शहीद मीनार पर अधिकारी, कर्मचारी, सेवानिवृत कर्मी एवं अन्य लोगों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। फिर वहीं से मैराथन दौड़ शुरू होगी। मैथन प्रशासनिक भवन स्थित रामानुज भवन प्रांगण में मैथन परियोजना प्रमुख द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा और उनका संबोधन होगा। फिर डीवीसी बीपी नियोगी अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण किया जाएगा। वृक्षारोपण भी



किया जाएगा। वेलफेयर सेंटर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें डीवीसी के अधिकारी कर्मचारी और अन्य लोग मौजूद रहेंगे। रंगारंग कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। मैत्री फुटबॉल मैच भी होगा, जिसमें डीवीसी के कर्मचारी, अधिकारी, सीआईएसएफ, कैजुअल कर्मी खेलेंगे। समारोह में डीवीसी के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ जिला प्रशासन, सांसद, विधायक को भी आमंत्रित किया गया है।

# बाघमारा में सौ वर्ष पुराना है रथयात्रा का इतिहास

## डुमरा स्टेट के राजा के दादा नीलकंठ नारायण सिंह ने शुरू की थी यहां परंपरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर रविवार को रथ पूजा धूमधाम से की जाएगी। बाघमारा प्रखंड के रथटांड़ मुहल्ले में विगत सौ वर्षों से भगवान जगन्नाथ की रथ पूजा का अनुष्ठान मनाने की परंपरा चली आ रही है। यहां पूरी श्रद्धा व उल्लास के साथ रथयात्रा निकाली जाती है। रथटांड़ मुहल्ले में मुस्लिम समुदाय का योगदान भी रहता है। बताते चलें कि बाघमारा रथटांड में रथयात्रा की



परंपरा डुमरा (नावागढ़) स्टेट के राजा सत्येन्द्र नारायण सिंह के दादा नीलकंठ नारायण सिंह ने शुरू की थी।

कालांतर में कार्यभार रथटांड़ के मुखर्जी परिवार ने संभाल लिया। तबसे मुखर्जी परिवार मिलजुल कर पूजा का आयोजन करते हैं। परिवार के रमाशंकर मुखर्जी, उनके पुत्र रुदेन्द्र मुखर्जी, सुदेन्द्र मुखर्जी, अमरेन्दु मुखर्जी एवं विन्नी मुखर्जी के बाद वर्तमान में गौतम मुखर्जी, लालू मुखर्जी, राणा मुखर्जी, धर्मेन्दु मुखर्जी, नित्यानंद मुखर्जी, रामा मुखर्जी, हेलू मुखर्जी, सूर्यशंकर मुखर्जी, विमल मुखर्जी,चंदन मुखर्जी आदि रथयात्रा का दायित्व निभा रहे हैं। परिवार के सदस्य बारी-बारी से यजमान बनते हैं। इस अवसर पर यहां परंपरागत ढंग से भव्य मेला लगाया जाता है। इस मेले में दूर-दूर से श्रद्धालु सपरिवार पहुंचते हैं। रथयात्रा की भव्यता देखते ही बनती है।

# हेमंत सोरेन के हर भ्रष्टाचार व गलत काम का हिसाब लेगी भाजपा : निशिकांत

दुबे ने कहा, अब मेरी एक नई भविष्यवाणी यह है कि झारखंड में दो ढाई महीने में विधानसभा चुनाव होंगे और उसके बाद राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** वर्ष 2019 में गोड्डा में आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में शनिवार को एमपीएमएलए मोहित कुमार की अदालत ने गोडडा सांसद डॉ निशिकांत दुबे को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। अदालत से बाहर आने के बाद सांसद ने कहा कि ढाई माह के अंदर विधानसभा का चुनाव होगा और नए साल में भाजपा के हाथ में सत्ता होगी। पिछले दिनों कई भविष्यवाणी की थी, सारी सच हुई है। कहा था कि कल्पना सोरेन जैसे ही विधायक बनेंगी चम्पाई सोरेन को सीएम का पद त्यागना पड़ेगा। हेमंत सोरेन परिवारवाद की वजह से मुख्यमंत्री बन गए। अब मेरी एक नई भविष्यवाणी यह है कि झारखंड में दो ढाई महीने में विधानसभा चुनाव होंगे और उसके बाद राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जितने भी भ्रष्टाचार और गलत काम किए हैं उन सब का हिसाब होगा। लिखकर रख लीजिए आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को 50 से अधिक सीट मिलने जा रही है।

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में कोर्ट ने किया बरी



पेशी के बाद न्यायालय ने निकलते सांसद डॉ निशिकांत दूबे।

### आलमगीर मामले में बड़े चेहरे होंगे बेनकाब

सांसद ने कहा कि आलमगीर आलम भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद है। उनके खिलाफ ईडी जांच कर रही है। दरअसल वे विधायक दल के नेता थे और उनका काम पैसों को ऊपर तक पहुंचाना था। ईडी जांच के क्रम में इस मामले की तह तक जाएगी और इसमें कई बड़े चेहरे पर बेनकाब होंगे।

### बांग्लादेशी घुसपैठ पर हाई कोर्ट का आदेश स्वागतयोग्य

भाजपा सांसद ने बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में हाईकोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे मामले को हमने भी संसद में सवाल उठाया। आज सीमावर्ती इलाके में 20 हजार से अधिक आदिवासी परिवार की महिलाओं से बांग्लादेशी या मुसलमानों ने शादी कर रखी है। वहां लैंड जिहाद का काम चल रहा है। आदिवासी महिला से शादी करने के बाद उसकी जमीन का मालिक मुसलमान नहीं हो सकता है। एनआरसी लागू कर घुसपैठियों को चिन्हित कर बाहर निकालने की कार्रवाई होनी चाहिए। भाजपा की सरकार बनते ही आदिवासियों की जमीन उनको वापस दिलाई जाएगी।

### चंपाई सोरेन को हटाने का बदला लेगी जनता

सांसद ने चंपाई सोरेन को सीएम पद से हटाना काफी दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। दरअसल छोटानागपुर और आस-पास के इलाके के लोग हेमंत सोरेन और उनके परिवार को पसंद नहीं करते हैं। यही वजह रही थी कि शिबू सोरेन सीएम रहते तमाड़ का चुनाव हार गये थे। हेमंत सोरेन को यह महसूस होने लगा था कि आने वाले चुनाव में चंपाई सोरेन ज्यादा मजबूत हो जाएंगे और उन्हें परेशानी हो सकती है। इसलिए चम्पाई सोरेन को मुख्यमंत्री पद से हटाकर खुद मुख्यमंत्री बन गए लेकिन छोटानागपुर की जनता यह सब देख रही है और वह इसका बदला लेगी।

### आरजेडी धीरे-धीरे खो रही अपना वजूद

निशिकांत दुबे ने कहा कि 20 जुलाई को गृहमंत्री अमित शाह रांची आ रहे है। जिसके बाद भाजपा आने वाले विधानसभा चुनाव में कूदते हुए अपनी पकड़ मजबूत करेगी। जिसका शंखनाद उसी दिन होगा। पूर्व मुख्यमंत्री बिहार के लालू यादव द्वारा दिए बयान कि देश की सरकार अगस्त तक नही चल पाएगी के जवाब में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि जब लालू यादव अपने परिवार में अपनी बेटी को जीता नहीं पाये तो उनके विषयवाणी पर क्या कहना। आरजेडी अब धीरे-धीरे अपना वजूद खो रही है।

## बेरमो : प्रतिबंध के बाद भी दामोदर नदी से बालू उठाव जारी

**बेरमो/खेतको।** सरकार ने बारिश के मौसम में विभिन्न नदियों व जोरिया से बालू की उठाव पर रोक लगा रखी है। बावजूद बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जरंगडीह, बेरमो थाना क्षेत्र के बालू बैंकर से तथा तेनु ओपी थाना क्षेत्र से घरवाटांड, चांपी, पेटरवार थाना क्षेत्र से खेतको, चलकरी, अंगवाली आदि जगहों से टैक्टर से अवैध ढंग से बालू की उठाव लगातार जारी रही है। एनजीटी द्वारा 10 जून से 15 सितंबर तक नदियों से बालू उठाव पर रोक है। ताकि बारिश में नदी का पानी गांव के खेतों तक नहीं चढ़ जाए। बालू का कारोबार करने वाले बालू का स्टॉक लाइसेंस लेकर स्टॉक रख लेते हैं। लेकिन पूरे बेरमो अनुमंडल में बालू का स्टॉक नहीं है। लेकिन विभिन्न स्थानों से बालू की आपूर्ति धड़ले से की जा रही है जो राजस्व को चुना लगाने के साथ साथ बालू उठाव करने वाले लोगो के लिए घातक है।

## बोकारो : अग्निवीर के लिये आठ जुलाई से खुलेगा भर्ती का पोर्टल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** वायुसेना पदाधिकारी सी मोहपात्रा ने बताया कि अग्निवीर योजना के तहत भारतीय वायु सेना द्वारा अग्निवीर वायु प्रवेश 02/2025 के लिए चयन परीक्षा हेतु अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों का ऑनलाइन पंजीकरण 08 से 28 जुलाई तक किया जाएगा जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 18 अक्टूबर से आयोजित होगी। उम्मीदवारों का जन्म 3 जुलाई 2004 से 3 जनवरी 2008 के बीच होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता में विज्ञान विषय के उम्मीदवार केंद्रीय/राज्य/सरकार द्वारा अनुमोदित शिक्षा बोर्डों से गणित भौतिकी और अंग्रेजी के साथ इंटरमीडिएट/10+2 समकक्ष परीक्षा कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उतीर्ण हो। इसी के साथ उम्मीदवार केंद्रीय/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्थान से इंजीनियरिंग में तीन साल का डिप्लोमा कोर्स (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रोनिक्स/ऑटोमोबाइल/कंप्यूटर साइंस में कुल 50 प्रतिशत अंकों के साथ और डिप्लोमा कोर्स में अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण हो। यदि कोर्स में अंग्रेजी नहीं है तो गैर व्यावसायिक विषय के साथ दो वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम उतीर्ण होना चाहिए। केंद्रीय/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से भौतिक विज्ञान और गणित में कुल मिलाकर 50 प्रतिशत अंकों के साथ और वोकेशनल कोर्स में अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में अगर अंग्रेजी वोकेशनल कोर्स में एक विषय नहीं है) होने चाहिए।


## झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखण्ड विधान सभा का षोड़श (विशेष) सत्र दिनांक –08 जुलाई, 2024(सोमवार) को आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।

ह./-
(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा, रांची

ज्ञापांक : जनसम्पर्क–03/2024–1677/वि.स., रांची | दिनांक – 06.07.2024


## स्पीड न्यूज

### साहिबगंज : गंगा नदी में डूबने से युवक की मौत



साहिबगंज राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज साहिबगंज में बोकारो के एक छात्र का साहिबगंज के बिजली घाट स्थित गंगा नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा नगर थाना को सूचना दी गई मौके पर नगर पुलिस ने पहुंचकर गोताखोरों की मदद से छात्र को बाहर निकाला। इसके बाद से साहिबगंज सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर पिंकू चौधरी के द्वारा छात्र को घोषित कर दिया गया। वहीं मृतक छात्र का नाम एहम राज सुमन 17 वर्षीय पिता रामनाथ प्रसाद यादव जो की बोकारो का रहने वाला बताया जा रहा है। मृतक 4 सेमेस्टर का एग्जाम देने के लिए ऑनलाइन रसीद जमा करने पॉलिटेक्निक कॉलेज आया हुआ था। विलंब होने के कारण अपने सभी दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने गया हुआ था।

### स्लग : आदिवासी ग्राम सभा मंच द्वारा आयोजित हुआ सांकेतिक रैली



बेरमो/तेनुघाट। बेरमो अनुमंडल के पेटरवार प्रखंड के हाई स्कूल के मैदान मे आदिवासी ग्राम सभा मंच के अगुवाई में बेरमो अनुमंडल के सभी आदिवासी समाज के लोग जुटे और महलीजारा शादी में पांच जुलाई को आमटांड़ (अरजुआ) की 8 वर्षीय बच्ची के साथ कुछ दरिंदो ने बलात्कार कर जान से मारकर झाड़ियों में फेंक देने और दोषी को अभी तक पुलिस के द्वारा नहीं पकड़े जाने को लेकर पेटरवार एन एच पर धरना-प्रदर्शन करने को लेकर बैठक कर यह निर्णय लिया की आज धरना-प्रदर्शन को स्थगित कर पेटरवार हाई स्कूल के मैदान से प्रखंड कार्यालय तक सांकेतिक रैली निकल कर प्रशासन से गुहार लगये की बीस दिन के अंदर अपराधी को पकड़ कर जेल के अंदर डालने का काम करे अन्यथा उग्र आंदोलन करने के लिए आदिवासी समाज बाध्य होगा जिसका जिम्मेवार प्रशासन होगा।

### भाजपा नेता प्रकाश सिंह ने सीसीएल सीएमडी से मुलाकात की



बेरमो। भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने रांची स्थित दरभंगा हाउस में सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक नीलेन्दु कुमार सिंह से मुलाकात की। इस दौरान प्रकाश कुमार सिंह ने बेरमो कोयलांचल से जुड़े विभिन्न मसलों पर सीसीएल सीएमडी से विचार विमर्श किया। प्रकाश कुमार सिंह ने इस मुलाकात के दौरान विशेष रूप से कोयलांचल के मजदूरों के कल्याण एवं सुविधाओं को लेकर सीसीएल सीएमडी का ध्यान आकर्षित कराया। कई चर्चा की गई।

### साहिबगंज: विश्व जुनोसेस दिवस मनाया गया

तालझारी। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय वृंदावन पंचायत में शनिवार को विश्व जुनोसेस दिवस मनाया गया। प्रखंड के वृंदावन पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में विश्व प्रसिद्ध महान वैज्ञानिक लुई पाश्चर के याद में जूनोटिक रोगों के खिलाफ प्रथम टीकाकरण की वर्षगांठ के प्रतीक के उपलक्ष में मनाया गया।

# गोविन्दपुर परियोजना द्वारा वार्ता रद्द होने से विस्थापितों में आक्रोश

विस्थापितों ने परियोजना पदाधिकारी को पत्र लिखकर विस्थापन प्रमाण पत्र, सड़क, और पानी की समस्याओं को हल करने की मांग की थी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** ग्राम लहरिया टांड़ के विस्थापितों की समस्याओं को लेकर सीसीएल गोविन्द पुर परियोजना द्वारा आयोजित वार्ता शनिवार को रद्द कर दी गई। यह वार्ता शनिवार को 12 बजे दिन में होनी थी, परन्तु प्रबंधन द्वारा अचानक से इसे टाल दिया गया, जिससे विस्थापितों में असंतोष फैल गया है। विस्थापितों ने सीसीएल गोविन्दपुर परियोजना के परियोजना पदाधिकारी को पत्र लिखकर विस्थापन प्रमाण पत्र, सड़क, और पानी की समस्याओं को हल करने की मांग की थी। इसी समस्या के समाधान के लिए प्रबंधन ने लहरिया टांड़ ग्राम विकास समिति को 5 जुलाई 2024 को 12 बजे वार्ता के लिए आमंत्रित किया था, जिसे आज रद्द कर दिया गया। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष चन्द्रिका रजक और सचिव दुलेश्वर प्रजापति ने कहा कि सीसीएल गोविन्द पुर परियोजना के परियोजना पदाधिकारी विस्थापित ग्रामीणों के साथ हमेशा धोखाधड़ी करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमने 1980 में सीसीएल को जमीन दी थी, लेकिन आज तक हमें विस्थापन प्रमाण पत्र नहीं मिला है। हमारी मांग है कि हमें प्रमाण पत्र दिया जाए और गांव की खराब सड़क एवं पानी की समस्या का समाधान किया जाए। प्रबंधन को 15 दिनों का समय दिया गया है, इसके बाद सीसीएल गोविन्द पुर परियोजना का सम्पूर्ण कामकाज बंद कर दिया जाएगा और जब तक विस्थापन प्रमाण पत्र नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा।

## पीजेएमसीएच की छत से कूदकर मरीज ने दी जान, फाइलेरिया का चल रहा था इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तीन जुलाई से इलाजरत 26 साल के प्रकाश मरांडी ने शनिवार की अहले सुबह करीब तीन बजे मेडिसिन वार्ड से कूदकर जान दे दी। मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ भी था। शाम करीब छह बजे नगर थाना की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बहन सलोनी मरांडी के बयान पर पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है। मृतक रामगढ़ थाना क्षेत्र के अमरपुर गांव का रहने वाला था। बीए कर चुके प्रकाश को फाइलेरिया हो गया था। वह चलने फिरने में लाचार हो गया। घरवालों ने उसे तीन जुलाई को अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी हालत में सुधार भी हो रहा था। शनिवार की सुबह उसने दूसरे मंजिल पर बने मेडिसिन वार्ड से कूदकर जान दे दी। मौत के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। अस्पताल प्रबंधन ने रामगढ़ थाना को इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी ने चौकीदार के माध्यम से घरवालों को सूचित किया। शाम करीब छह बजे तक काफी इंतजार के बाद जब स्वजन अस्पताल नहीं पहुंचे तो चिकित्सक ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की। इसी बीच मृतक की बहन सलोनी मरांडी और भाई रामजीवन भी अस्पताल पहुंचे।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।
(जिला योजना)

### आम सूचना
"मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन"

प्रबंध निदेशक, झारखण्ड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0, झारखण्ड सरकार का पत्रांक 616/2024 दिनांक 21.06.2024 के द्वारा बी0पी0एल0 श्रेणी के लाभुक तीर्थयात्रियों को तीर्थ यात्रा पर भेजने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इस निमित 11 हिन्दु धर्मवलम्बियों को द्वारिका–सोमनाथ तीर्थ यात्रा एवं 11 मुस्लिम धर्मवलम्बियों को अजमेर शरीफ–आगरा– फतेहपुर सिकरी तीर्थ यात्रा पर भेजा जाना है।

लोहरदगा जिला के बी0पी0एल0 श्रेणी के 60 वर्ष से अधिक और झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी द्वारिका–सोमनाथ (हिन्दु धर्मवलम्बि) एवं अजमेर शरीफ–आगरा– फतेहपुर सिकरी (मुस्लिम धर्मवलम्बि) के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य (यथा टीबी, सांस लेने में कठिनाई, हृदय रोग, कुष्ठ रोग आदि से पीड़ित नहीं हो) इच्छुक तीर्थ यात्री चिकित्सा प्रमाण पत्र के साथ अपने प्रखण्ड मुख्यालय/ जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा में दिनांक 15.07.2024 तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते हैं।

आवेदन प्रपत्र एवं अन्य विस्तृत जानकारी से संबंधित पत्र www.lohardaga.nic.in से download किया जा सकता है अथवा किसी भी कार्यालय दिवस के दिन कार्यालय अवधि में संबंधित प्रखण्ड कार्यालयों/ जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा से प्राप्त किया जा सकता है।

उप निदेशक (योजना)–सह– जिला योजना पदाधिकारी, लोहरदगा। | उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 328825 Lohardaga(24-25)D


## गोड्डा : जिला भाजपा गोड्डा ने मनाई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय गोड्डा में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती के अवसर पर प्रबुद्धजनों की एक गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में गोड्डा विधायक अमित मंडल ने डॉ मुखर्जी के बारे में कहा कि जनसंघ से लेकर देश में एक निशान, एक विधान, एक प्रधान और देश के लिए मर मिटने वाले डॉ श्यामा प्रसाद ने भारत की एकता और अखंडता के लिए प्राण न्योछावर कर प्रेरणा देने वाले मार्ग दिखा गए। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश झा, उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव, कृष्ण मुरारी चौबे, कृष्ण कन्हैया, देवेन्द्र नाथ सिंह, गजाधर सिंह ने डॉ मुखर्जी पर अपनी बात रखी। संचालन महामंत्री कृष्ण कन्हैया ने और धन्यवाद ज्ञापन कृष्ण मुरारी चौबे ने किया। कार्यक्रम में एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रबोध सोरेन, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुबोध साह, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन झा, राजेश भगत, पप्पू शर्मा, राजीव भगत, सूरज सिंह, जयप्रकाश यादव, राजेश टेकरीवाल, सुभाष चन्द्र यादव, शिवेश वर्मा, गोपाल सिंह, विक्की साह, बिनोद भगत, अनंत राम ठाकुर, संतोष भगत, दीपक भगत, बबिता मोदी, सौरभ साह, मिथलेश झा, जयशंकर सिंह, सतीश दूबे उपस्थित थे।

## साहिबगंज : चुनाव को लेकर अवर निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** शनिवार को अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार उधवा में प्रखंड अंतर्गत सभी बीएलओ सुपरवाइजर के साथ निर्वाचन संबंधी बैठक की गई।

जिसमे मुख्य रूप से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी हेतु सभी बीएलओ और सुपरवाइजर को निर्देश देते हुए बताया गया की निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हाउस टू हाउस सर्वे के दौरान शुद्ध और शत प्रतिशत मतदाता सर्वेक्षण का कार्य किया जाए। जिससे एक स्वच्छ मतदाता सूची बनाया जा सके। मतदाता सर्वेक्षण के दौरान एक एक घर का सर्वे अच्छे से करें जैसे सभी परिवार के योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके, वही सर्वे के दौरान मतदाता को चिन्हित कर उपरोक्त प्रपत्र भर कर मतदाता सूची में एंट्री करवाए ,जैसे मतदाता सूची को स्वस्थ किया जाए.इस दौरान बीडीओ विशाल पांडे,बीपीओ गगन बापू, सहायक अरुण गुप्ता, बाबूधन हेंब्रम, बैद्यनाथ ठाकुर, रतन मंडल, विजय मंडल, शमशुल कबीर, मजहरूल हक, सुशीला हेंब्रम सहित अन्य उपस्थित थे।

## चक्रधरपुर : मधुसूदन पब्लिक स्कूल आसनतलिया में 'इंवेस्टीचर सेरेमनी' का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** सत्र- 2024- 2025 में मधुसूदन पब्लिक स्कूल, आसनतलिया, चक्रधरपुर में 'इंवेस्टीचर सेरेमनी' का आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यालय के विभिन्न गतिविधियों के सफल संचालन हेतु स्कूल हेड बॉय एवं स्कूल हेड गर्ल का चयन किया गया, जिसमें स्कूल हेड बॉय के रूप में संभव नंदा, एवं स्कूल हेड गर्ल के रूप में श्वेता बोदरा का चयन किया गया, जबकि वॉइस हेड बॉय के रूप में शिवशंकर बोबोंगा एवं वॉइस हेड गर्ल के रूप में लक्की साहू को चुना गया। विद्यालय के प्राचार्य के नागराजू ने हेड बॉय, हेड गर्ल, वॉइस हेड बॉय, वॉइस हेड गर्ल तथा हाउस कप्तानों को शपथ दिलाई साथ ही प्राचार्य ने कहा कि अपनी जिम्मेवारियों को सच्चाई, समानता, ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक निभाएं। विद्यालय के डायरेक्टर बीके हिंदवार, प्राचार्य के नागराजू, उप प्राचार्या आरती कोड़व़ार एवं परीक्षा नियंत्रक दिनेश कुमार चक्रवर्ती के द्वारा स्कूल हेड, बायॅ हेड गर्ल, हाउस कप्तानों एवं उप कप्तानों को शैश एवं बैज पहना कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक बी के हिंदवार ने स्कूल कप्तानों एवं उप कप्तानों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि 'एक अच्छा नेता वह होता है, जो स्वयं सही मार्ग पर चले और दूसरों को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करे। इस समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंच का संचालन सीसीए संयोजक के एल नारायण ने किया।

## बीएसएल में आयुष्मान भारत के अंतर्गत ठेका श्रमिकों का निबंधन



**बोकारो।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत ठेका श्रमिकों के निबंधन हेतु राज्य सरकार के सिविल सर्जन कार्यालय तथा मेडी असिस्ट टीपीए प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से बोकारो स्टील प्लांट में विभिन्न विभागों में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन जीएम प्रांजलि तथा उनकी टीम के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। सीजीएम राकेश कुमार के पहल और मार्गदर्शन में प्रारंभ इस अभियान में 150 से अधिक ठेका श्रमिक शामिल हुए।


## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,
## उद्यान निदेशालय, झारखण्ड
## कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, सिमडेगा–835223

### आम सूचना

झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश संख्या–12 दिनांक–17.05.2024 के आलोक में कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र प्रायोजित इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन सिमडेगा जिला में निम्नांकित रूप से किया जाना है। जिस के लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/ स्वयं सहायता समूह/ कृषक उत्पादक समूह(FPO)/सहकारी समिति/सखी मण्डल जो इस योजना का लाभ लेना चाहते है वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुशंसित कराकर दिनांक–12.07.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, सिमडेगा में जमा कर सकते है।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे0/इकाई/संख्या में)

| SL | COMPONENT | | PHY |
|---|---|---|---|
| 1 | STRAWBWRRY (INT. PACKAGE WITH DRIP IRRIGATION & MULCHING) | Ha | 5 |
| 2 | STRAWBERRY WITHOUT INTEGRATION | Ha | 1 |
| 3 | BANANA(TC) (INT. PACKAGE WITH DRIP IRRIGATION) | Ha | 5 |
| 4 | BANANA (TC) WITHOUT INTEGRATION | Ha | 1 |
| 5 | PAPAYA (INT. PACKAGE WITH DRIP IRRGATION) | Ha | 5 |
| 6 | PAPAYA WITHOUT INTEGRATION | Ha | 1 |
| 7 | MANGO (10X10M)(Rs.25500/HA) | Ha | 30 |
| 8 | LIME (4X4.5)(Rs. 54980/HA) | Ha | 8 |
| 9 | SAPOTA (Rs. 45400/HA) | Ha | 5 |
| 10 | GUAVA (6MX6M) (Rs.38340/HA) | Ha | 10 |
| 11 | POMEGRANATE (5.0MX5.0M) | Ha | 5 |
| 12 | AONLA (Rs. 40008/HA) | Ha | 2 |
| 13 | BAEL (Rs.28000/HA) | Ha | 2 |
| 14 | LITCHI(Rs.28000/HA) | Ha | 2 |
| 15 | JACK FRUIT (10X10M) (Rs. 25500/HA) | Ha | 1 |
| 16 | VEGETABLE HYBRID(RS. 50000/HA) | Ha | 60 |
| 17 | CUT FLOWERS-SMALL & MARGINAL FARMERS(Rs. 1 -00 LAKH/HA) | Ha | 15 |
| 18 | BULLBULOUS FLOWERS-SMALL & MARGINAL FARMERS (Rs. 1.50 LAKH/HA) | Ha | 15 |
| 19 | LOOSE FLOWERS - SMALL & MARGINAL FARMERS (Rs. 40000 LAKH/HA) | Ha | 15 |
| 20 | SPICES (SEED SPICE AND RHIZOMATIC SPICES (Rs. 30000/HA) | Ha | 25 |
| 21 | REJUVENATION / REPLACEMENT OF SENILE PLANTATION INCULUDING CANOPY MANAGEMENT (Rs. 40000/HA) | Ha | 1 |
| 22 | CREATION OF WATER RESOURCES -COMMUNITY TANKS/ON FARM PONDS/ON FARM WATER RESERVOIRS WITH USE OF PLASTIC/RCC LINING | Nos | 0.516 |
| 23 | CREATION OF WATER RESOURCES -WATER HARVETING SYSTEM FOR INDIVIDUALS - FOR STORAGE OF WATER | Nos | 5 |
| 24 | GREEN HOUSE N.V.S -TUBULAR STRUCTURE | Sqm | 1000 |
| 25 | SHADENET (TUBULAR STRUCTURE) | Sqm | 5000 |
| 26 | PLASTIC MULCHING | Ha | 100 |
| 27 | ANTI BIRD /ANTI HAIL NETS | Sqm | 15000 |
| 28 | COST OF PLANTING MATERIAL OF HIGH VALUE VEGETABLES GROWN IN POLY HOUSE / SHADENET HOUSE | Sqm | 1000 |
| 29 | COST OF PLANTING MATERIAL OF CARNATION & GERBERA UNDEER POLY IN POLY HOUSE / SHADENET HOUSE | Sqm | 1000 |
| 30 | COST OF PLANTING MATERIAL OF ROSE AND ILILUM UNDER POLY HOUSE / SHADENET HOUSE | Sqm | 1000 |
| 31 | ORGANIC FARMING VERMI COMPOST UNITS/ORGANIC INPUT PRODUCTION HDPE VERMIBED | Nos | 30 |
| 32 | PACK HOUSE / ON FARM COLLECTION & STORAGE UNIT | Nos | 15 |
| 33 | PHM-EVEPORATED /LOW ENERGY COOL CHAMBER (8 MT) | Nos | 2 |
| 34 | PHM-LOW COST ONION STORAGE STRUCTURE (25 MT) | Nos | 5 |
| 35 | TRAINING OF FARMERS-WITHIN THE STATE | Nos | 350 |
| 36 | TRAINING OF FARMERS-OUTSIDE THE STATE | Nos | 50 |
| 37 | EXPOSURE VISIT OF FARMERS-OUTSIDE THE STATE | Nos | 50 |
| 38 | MARKETING INFRASTRUCTURE STATIC MOBILE VENDING CART/PLATFORM WITH COOL CHAMBER | Nos | 2 |

नोट:–
1. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षो में जिन लाभूको या उनके परिवार का चयन नही किया गया है केवल उन्ही का चयन किया जायेगा।
2. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामों का चयन नही किया गया है उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
3. अनुसूचितजाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक/महिला/दिव्यांग/लघु एवं सीमान्त कृषक/टाना भगत कृषक उत्पादक समूह(FPOs) को प्राथमिकता के आधार पर योजना से लाभान्वित किया जायेगा।
4. इस योजना का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण जिला एवं राज्य स्तर पर एम0आई0डी0एच0 मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।
5. आवेदन कार्यालय में पूर्ण रूपेण भरा हुआ दिनांक–12.07.2024 तक जमा किया जाना है, उसके पश्चात आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।
6. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि/पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. कार्यालय अवधि में आवेदन पत्र निशुल्क उपलब्ध है।
8. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
9. योजना के सदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी / प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक/जनसेवक/उद्यान मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, सिमडेगा से सम्पर्क किया जा सकता है।

–ह0–
जिला उद्यान पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 328814 (Agriculture) 24-25 (D)

**समय संवाद**

इतिहासकारों की मानें तो उनका कहना है कि रथयात्रा 12वीं सदी में शुरू हुई थी। रथयात्रा से जुड़ी हैं कई कहानियां। पहली कथा के अनुसार जब राजा इंद्रद्युम ने जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियां बनवाई तो रानी गुंडिचा ने मूर्तियां बनाते हुए मूर्तिकार विश्वकर्मा और मूर्तियों को देख लिया जिसके चलते मूर्तियां अधूरी ही रह गईं तब आकाशवाणी हुई कि भगवान इसी रूप में स्थापित होना चाहते हैं। इसके बाद राजा ने इन्हीं अधूरी मूर्तियों को मंदिर में स्थापित कर दिया। उस वक्त आकाशवाणी हुई कि भगवान जगन्नाथ साल में एक बार अपनी जन्मभूमि मथुरा जरूर आएंगे। स्कंदपुराण के उत्कल खंड के अनुसार राजा इंद्रद्युम ने आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के दिन प्रभु के उनकी जन्मभूमि जाने की व्यवस्था की। तभी से यह परंपरा रथयात्रा के रूप में चली आ रही है।

# रथ यात्रा: जहां उमड़ता है अटूट आस्था का सैलाब



**अलका सोनी**

यूं तो रथयात्रा मूलतः ओडिशा का त्योहार है। किंतु अब पूरे देश में श्रद्धालु प्रेमपूर्वक भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलराम जी की रथयात्रा निकाला करते हैं।

इस साल वैदिक पंचांग के अनुसार, जगन्नाथ रथयात्रा 7 जुलाई को सुबह 9 बजकर 27 मिनट पर निकाली जाएगी। इसके बाद यात्रा दोपहर 12 बजकर 15 मिनट से फिर से शुरू होगी। फिर यात्रा 1 बजकर 37 मिनट पर विश्राम लेगी। इसके बाद शाम 4 बजकर 39 मिनट से यात्रा शुरू होगी। अब यह यात्रा 6 बजकर 1 मिनट तक चलेगी।

इतिहासकारों की मानें तो उनका कहना है कि रथयात्रा 12वीं सदी में शुरू हुई थी। रथयात्रा से जुड़ी हैं कई कहानियां। पहली कथा के अनुसार जब राजा इंद्रद्युम ने जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियां बनवाई तो रानी गुंडिचा ने मूर्तियां बनाते हुए मूर्तिकार विश्वकर्मा और मूर्तियों को देख लिया जिसके चलते मूर्तियां अधूरी ही रह गईं तब आकाशवाणी हुई कि भगवान इसी रूप में स्थापित होना चाहते हैं। इसके बाद राजा ने इन्हीं अधूरी मूर्तियों को मंदिर में स्थापित कर दिया। उस वक्त आकाशवाणी हुई कि भगवान जगन्नाथ साल में एक बार अपनी जन्मभूमि मथुरा जरूर आएंगे। स्कंदपुराण के उत्कल खंड के अनुसार राजा इंद्रद्युम ने आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के दिन प्रभु के उनकी जन्मभूमि जाने की व्यवस्था की। तभी से यह परंपरा रथयात्रा के रूप में चली आ रही है।

इस यात्रा से संबंधित दूसरी कहानी देवी सुभद्रा से जुड़ी है, जो पौराणिक भी है। पद्म पुराण के अनुसार, एक बार भगवान जगन्नाथ की बहन सुभद्रा ने अपने प्रिय भाई से नगर देखने की इच्छा जताई। तब जगन्नाथ भगवान ने अपने बड़े भाई बलभद्र और लाड़ली छोटी बहन सुभद्रा को रथ पर बैठाया और नगर दिखाने के लिए निकल पड़े। यह घटना आषाढ़ के दिनों की है। इसी भ्रमण के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र जी और सुभद्रा जी अपनी मौसी के घर गुंडिचा भी गए थे। अपनी मौसी के घर इन तीनों ने सात दिनों तक ठहरकर विश्राम किया था।

## मुक्ति की राह

मान्यता है कि जो भी भक्त भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल होता है, उसके जीवन में सभी दुख-दर्द खत्म हो जाते हैं। साथ ही भूल से हुए अपराधों के लिए भक्त क्षमा मांगकर अपने जीवन का नया अध्याय भी शुरू करते हैं। भगवान जगन्नाथ के दर्शन के बाद भक्तों को सुख-शांति के साथ अपना जीवन जीने के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती हैं।

## यात्रा के विभिन्न चरण

यह यात्रा रथयात्रा, गुंडिया यात्रा और निलाद्री विजय यात्रा के तीन अवस्थाओं में विभाजित होती है।

हिंदू धर्म में भगवान जगन्नाथ, श्रीकृष्ण के एक रूप माने जाते हैं और भगवान विष्णु के अवतारों में श्रीकृष्ण का विशेष महत्व है, इसलिए उनकी यात्रा को भी श्रद्धालुओं द्वारा अत्यधिक आदर व भक्ति के साथ मनाया जाता है।

# 53 साल बाद बना अदभुत संयोग, 2 दिन की होगी जगन्नाथ रथयात्रा

इस साल तिथियों की गड़बड़ी होने के कारण 15 दिन की बजाय 13 दिन ही बाबा बीमार रहें और 7 जुलाई को ही भगवान जगन्नाथ के नवयौवन श्रृंगार के दर्शन होंगे

उड़ीसा के पुरी में होने वाला जगन्नाथ रथ यात्रा देश के साथ-साथ पूरी दुनियाभर में प्रसिद्ध है। जहां पर दुनियाभर के लोग उस अद्भुत नजारे को देखने के लिए पहुंचते हैं। बता दें हर साल अषाढ़ माह में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाती है। इस यात्रा में भगवान कृष्ण के साथ-साथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को भी विराजमान किया जाता है। बता दें कि इस साल जगन्नाथ रथयात्रा 7 जुलाई से आरंभ हो रही है, जो 16 जुलाई को समाप्त होगी। इस साल जगन्नाथ यात्रा पर काफी दुर्लभ संयोग सालों बाद बन रहा है। इस बार तिथियों की हेरफेर के कारण लगातार दो दिन रथ यात्रा होगी। इसके बाद गुंडिचा मंदिर पहुंचेंगे। जगन्नाथ रथ यात्रा के बारे में सबकुछ..

आपको बता दें कि हर साल आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को जगन्नाथ रथ यात्रा का आरंभ होता है। इसके साथ ही आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष के 11वें दिन जगन्नाथ जी की वापसी के साथ होता है।



## 53 साल बाद बना दुर्लभ संयोग

इस साल पुरी में निकलने वाली जगन्नाथ रथयात्रा पूरे दो दिन चलेंगे। पंचांग के अनुसार, इस साल आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की तिथियां घट गई है। ऐसे में रथयात्रा के पहले की सभी परंपराएं 7 जुलाई तक चलेंगी। इसके बाद सुबह के बजाय शाम को रथयात्रा शुरू होगी। लेकिन रथयात्रा के बाद रथ नहीं हांका जाता है। इसलिए रात को रथ रोक दिया जाएगा और 8 जुलाई को जल्द सुबह रख चलाना शुरू होगा। इसके बाद इस दिन गुंडिचा मंदिर पहुंच जाएंगे। बता दें कि तिथियों का ऐसा संयोग साल 1971 को बना था।

अगले 10 साल इन राशियों पर रहेंगी शनि की टेढ़ी नजर, साढ़े साती का रहेगा साया, जीवन में बढ़ेगी मुश्किलें

## अलग-अलग रथ में सवार होते हैं श्री कृष्ण, बलराम और सुभद्रा जी

बता दें कि भव्य जगन्नाथ रथयात्रा में 3 रथ निकाले जाते हैं, जो कृमशः श्री कृष्ण, बलराम और उनकी बहन सुभद्रा का होता है। हर एक रथ अपने आप पर खास होता है।

## भगवान जगन्नाथ का रथ

पहला रथ जगन्नाथ जी का होता है, जिसे नंदीघोष कहा जाता है। इसके साथ ही इसमें लहरा रही ध्वजा को त्रैलोक्य मोहिनी कहा जाता है। इसके साथ ही इस रथ में कुल 16 पहिए होते हैं। इस रथ में पीला रंग का इस्तेमाल किया जाता है।

5 दिन बाद इन तीन राशियों पर मेहरबान होंगे शुक्र देव, नई नौकरी के साथ मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी, हर काम में मिलेगी सफलता

## भगवान बलराम विराजेंगे दूसरे रथ पर

भगवान बलराम के रथ को तालध्वज कहा जाता है। इसके साथ ही रथ में लगे ध्वज को उनानी कहा जाता है। इस रथ में कुल 14 पहिए होते हैं। इसके साथ ही इस रथ को जिस रस्सी से खींचते हैं उसे वासुकी कहा जाता है।

## मां सुभद्रा का तीसरा रथ

भगवान जगन्नाथ की छोटी बहन सुभद्रा का भी रथ निकाला जाता है। इस रथ को पद्म ध्वज कहा जाता है। इस रथ में कुल 12 पहिए होते हैं। इस रथ लाल रंग के कपड़ों का इस्तेमाल किया जाता है। इसके साथ ही खींचने वाली रस्सी को स्वणार्चूड़ा कहा जाता है।

# राम की शक्ति थी उनकी गुरु में पूर्ण आस्था और सर्मपण

**स्वामी सत्यांनदजी परमहंस**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्म ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है।

**जिज्ञासा का परिपक्व होना**

राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ कि वशिष्ठ ब्रह्य ज्ञानी है तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। विनम्रता पूर्वक श्री राम ने पूछा कि आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया।
वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है।

गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

**(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर बिहार।)**

# मां मुझे मत मार

**मनोज पाण्डेय**



मां मुझे मत मार
मां मुझे मत मार,
मुझे आने दो।

मैं बेटे सा प्यार दूंगी,
तेरी किस्मत संवार दूंगी।
मां मुझे मत मार,
मुझे आने दो।

क्या मैं बोझ हूं, नहीं,
मैं नई सोंच हूं।
मां, अगर तू ममता की मूरत है,
तो बेटियां भी समाज की जरूरत है।

हमें जमीं से आसमां तक छा जाने दो,
मां, मत मार, मुझे आने दो।।
मैं साया की तरह तुम्हारे साथ रहूंगी,
सुख हो या दुख सब सहूंगी।

हर काम में तेरा हाथ बटाऊंगी,
मां, मुझे जो दोगी, खाउंगी,

तेरी ममता की आंचल में सो जाउंगी,
मैं तेरे समनों की नन्हीं सी चिडिया
मुझे आसमां में पंख फैलाने दो,
मां, मत मार, मुझे आने दो।

मैं तुम्हारी ही तो छाया हूं,
थोडे ही गैर और पराया हूँ
मुझे भी सपनों के गीत गाने दो,
मां, मत मार, मुझे आने दो।
मनोज कुमार पांडेय
**(हिंदी शिक्षक**
**सेकेड हार्ट स्कूल, कोडरमा)**

### टैक्स फाइलिंग में आया बड़ा बदलाव

# माय आइटीरिटर्न ने भारत का पहला अनूठा मोबाइल ऐप लॉन्च किया



स्कोरिडोव ने अपना नया मायआईटीरिटर्न मोबाइल ऐप लॉन्च करने की घोषणा की है। इस ऐप को भारतीयों के इनकम टैक्स रिटर्न भरने के तरीके को सरल व आसान बनाने और इस प्रक्रिया में बड़ा बदलाव लाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह

**मायआईटीरिटर्न में, हमारा मिशन हमेशा टैक्स फाइलिंग को आसान, सुरक्षित और कुशल बनाना रहा है। एक अनूठा सॉल्यूशंस मुहैया कराते हुए यूजर्स के डेटा को सुरक्षित रखता है और उन्हें अधिकतम संभव रिफंड सुनिश्चित करते हुए पूरी प्रक्रिया को सरल बनाता है।**

अभिनव ऐप भारत में अपनी तरह का पहला ऐप है, जो यूजर्स को किसी भी दस्तावेज को अपलोड किए बिना सीधे अपने स्मार्टफोन से अपना टैक्स रिटर्न फाइल करने की सुविधा देता है और रिटर्न फाइल करने की पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करके इसे पहले की तुलना में तेज और अधिक कुशल बनाता है।

स्कोरिडोव के फाउंडर साकार यादव ने नए ऐप के बारे में बताते हुए कहा, भारत में हमें इस गेम-चेंजिंग ऐप को पेश करते हुए खुशी हो रही है। मायआईटीरिटर्न में, हमारा मिशन हमेशा टैक्स फाइलिंग को आसान, सुरक्षित और कुशल बनाना रहा है। एक अनूठा सॉल्यूशंस मुहैया कराते हुए यूजर्स के डेटा को सुरक्षित रखता है और उन्हें अधिकतम संभव रिफंड सुनिश्चित करते हुए पूरी प्रक्रिया को सरल बनाता है। जो आने वाले दिनों में भारतीयों के टैक्स भरने के तरीके में बड़ा बदलाव लेकर आएगा।

# खूब खिले बचपन खेत खलिहानों में

**कुसुम पी**

सेहत ,सुख, सरस संबंध और सहजता अगर कहीं है तो प्रकृति और हरीतिमा के बीच प्रदूषणमुक्त वातावरण में है , जहां मन शांत और तन दुरुस्त रहता है। जाहिर है ऐसा वातावरण कल-कारखानों ,वाहनों और कंक्रीट के जंगलों के बीच शहर में तो नहीं मिल सकता। यह तो गांव में ही उपलब्ध हो सकता है।

## ग्राम्य परिवेश की मस्ती, खेलकूद

कृत्रिमता से दूर हरे-भरे खेत खलिहानों, पेड़-पौधों और नदी-तालाबों से घिरी ग्रामीण धरा हमारे बुजुर्गों को तो सदा से लुभाती ही रही है, हमारे साहित्यकारों को भी इसने सदैव प्रभावित किया है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने लिखा भी है, आह ग्राम्य जीवन भी क्या है/ क्यों न इसे सबका मन चाहे/ थोड़े में निर्वाह यहां है/ऐसी सुविधा और कहां है। इसी प्रकार रामेश्वर दयाल दुबे ने लिखा है- चलें गांव की ओर जहां पर हरे खेत लहराते/मेड़ों पर है कृषक घूमते, सुख से बिरहा गाते। चलें गांव की ओर जहां झोपड़ी झुके धरती में तरु के नीचे/ खेल रहे हैं बच्चे निज मस्ती में ।

## गांव के बच्चों की सेहत के प्रमाण

दुनिया भर के स्वास्थ्य वैज्ञानिकों ने भी समय-समय पर किए गए अपने अध्ययन में पाया है कि ग्रामीण परिवेश में रहने वाले लोग सुखी ,प्रसन्न और स्वस्थ रहते हैं। इतना ही नहीं गांव में जन्मे , पले और बढ़े बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास भी तेजी से होता है। उनकी लंबाई भी शहरी बच्चों की तुलना में ज्यादा होती है और वे उनके मुकाबले स्वस्थ भी होते हैं।

## तेज शारीरिक विकास

हाल ही दुनिया भर के विभिन्न देशों में बच्चों, किशोरों और युवाओं की लंबाई, वजन और बॉडी मास इंडेक्स का गहन विश्लेषण लंदन के इंपीरियल कॉलेज के शोधकताओं ने किया। इसकी रिपोर्ट विज्ञान पत्रिका नेचर में प्रकाशित की गई है। इसमें लिखा गया है कि ज्यादातर देशों में शहरी क्षेत्र के बच्चों की लंबाई, पोषण और वजन कम पाया गया जबकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का शारीरिक विकास उनकी तुलना में तेजी से हुआ।

## अध्ययन के निष्कर्ष

इस विश्वस्तरीय अध्ययन की मुखिया लंदन इंपीरियल कॉलेज के स्कूल आफ पब्लिक हेल्थ की डॉ. अनु मिश्रा और सह लेखक वरिष्ठ मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. ए रामचंद्रन हैं। इसमें दुनिया भर के 1500 से ज्यादा शोधकताओं और चिकित्सकों ने मिलकर आंकड़े जुटाएं। इसके लिए दुनिया भर के 200 देश के 71 मिलियन बच्चों और किशोर का शारीरिक माप, वजन, स्वास्थ्य आदि जांचा गया। अध्ययन में 5 वर्ष के से 19 वर्ष तक के शहरी और ग्रामीण बच्चों को शामिल किया गया ।

## संतोषजनक पोषण

ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में न्यूट्रीशन डेफिशिएंसी, शहरी क्षेत्र की तुलना में बेहद कम पाई गई। शोधकताओं ने 2020 में पाया कि ज्यादातर देशों में बीएमआई औसत में इजाफा हुआ। अफ्रीका के सहारा क्षेत्र और दक्षिण एशिया के ग्रामीण क्षेत्रों में यह और भी ज्यादा था।

डायबिटीज का कम जोखिम

जहां तक स्वास्थ्य का मसला है ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को शहरी जनसंख्या की तुलना में सेहतमंद पाया गया। 2021 में आईसीएमआर और इंडिया बी द्वारा मधुमेह और कार्डियोमेटाबॉलिक संबंधी विकारों पर किए गए अध्ययन में देखा गया कि ग्रामीण क्षेत्र से शहर में प्रवास करने वाले 15 फीसदी लोगों में डायबिटीज का जोखिम था।

जबकि शहरी क्षेत्र में रहने वाले 13 फीसदी और शहर से ग्राम में प्रवास शुरू करने वालों में यह जोखिम 13 फीसदी था। वहीं शुरू से ग्राम्य जीवन का आनंद लेने वालों में डायबिटीज का जोखिम मात्र 8 फीसदी पाया गया। ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में प्रवास करने वाले लोगों में तोंद निकलने और मोटापे के 51 फीसदी मामले देखे गए। इसी प्रकार गांव से शहर बस जाने वाले लोगों में हाइपरटेंशन, शारीरिक शिथिलता, थकान, फल सब्जी खाने की आदत कम होने जैसी समस्याओं में करीब 2 गुना ज्यादा जोखिम देखा गया।

### विश्व को निगलती आसुरी शक्तियां



स्पीड न्यूज

## न्यू बस स्टैंड के पास की सड़क जर्जर

**चतरा।** शहर के न्यू बस स्टैंड के पास की सड़क जर्जर हो गई है और गड्ढों में तब्दील हो गई है। बारिश का पानी गड्ढों में जमा हो गया है, जिससे जलजमाव हो गया है। इससे यात्रियों और आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। सड़क में जलजमाव के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बस स्टैंड में हर रोज बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन आते-जाते हैं। यात्री भी बस पकड़ने के लिए यहां पहुंचते हैं। इस सड़क से आम्रपाली से कोयला लदा हाइवा हर रोज बड़ी संख्या में कटकमसांडी आते-जाते हैं।भारी वाहनों के चलने से सड़क जर्जर हो गई है। रात-दिन भारी वाहन गुजरते हैं।

## चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के स्थित 6 घरवा के सीएलएफ ऑफिस में जेएसएलपीएस से जुड़े महिलाओं के लिए शनिवार से ग्राम संगठन के अध्यक्ष व सचिव का प्रशिक्षण शुरू किया गया है। गिद्धौर प्रखंड के गिद्धौर कलस्टर से 14 ग्राम संगठन के अध्यक्ष व सचिव प्रशिक्षण ले रही हैं। प्रशिक्षण दिलवा रही पूनम देवी और प्रिया देवी ने बताया कि ग्राम संगठन को सही तरीके से चलाने और समूह को जोड़े रखने से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 6 जुलाई से 9 जुलाई तक चलेगा और प्रतिदिन समूह से जुड़े अलग-अलग तरीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में दर्जनों अध्यक्ष सचिव उपस्थित थे।

## द्वारी पंचायत कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत द्वारी के पंचायत कार्यालय सभा कक्ष में शनिवार को पंचायत मुखिया जगदीश यादव के नेतृत्व में कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में पंचायत सचिव उज्जवल कुमार सिंह ने संचालन किया और उपस्थित लोगों के साथ पंचायत सचिवालय में कई चचाएं हुईं। बैठक में सुदृढ़ीकरण राशि को सरकार की गाइडलाइन के तहत कार्य करने, 15वीं वित्त आयोग की राशि से जन उपयोगी योजनाओं को क्रियान्वित करने और मनरेगा के तहत महत्वाकांक्षी योजनाओं को क्रियान्वित करने हेतु मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया और सर्वसम्मति से पारित किया गया।

## कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्राओं के बीच निःशुल्क साईकिल का वितरण

**कोडरमा।** कल्याण विभाग के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के सभी सरकारी विद्यालय के कक्षा 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार की महवाकांक्षी योजना नि:शुल्क साईकिल वितरण योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को प्रखंड प्रमुख व बीडीओ की उपस्थिति में कोडरमा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया।

## श्री बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय यज्ञ का आयोजन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत अम्बाबाद हेठलाटोला में रविवार को श्री बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से सययडीह अंगार होते हुए छोटनर नदी उत्तर वाहिनी से जल उठाया गया। वहीं नगड़ी मोदीडीह होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचा, वहीं कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत समिति सदस्य मधु देवी, वार्ड सदस्य विकाश यादव द्वारा विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया गया। वहीं मंत्र उच्चारण भक्ति भाव में कलाश यात्री के द्वारा जय श्री जय बजरंगबली के नारे लगाते हुए क्षेत्र भ्रमण किया गया। वहीं कथावाचक के रूप में विनोद पांडे गिरिडीह निवासी के द्वारा मंत्र उच्चारण किया जा रहा था। वहीं आचार्य वाल्मीकि मिश्र, उदय कांत पांडे, गौतम पांडे, विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव कलश यात्रा में शामिल हुए। वहीं रविवार को प्राण प्रतिष्ठा एवं सोमवार को रात्रि जागरण के साथ तीन दिवसीय यज्ञ का समापन किया जायेगा।

अवैध नर्सिंग होम संचालक व बिना डिग्रीधारक चिकित्सकों के खिलाफ सख्त हुआ प्रशासन, दर्ज हुई प्राथमिकी

# किसी भी सुरत में क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं, होगी कानूनी कार्रवाई : डीसी

### उपायुक्त के निर्देश पर एसडीओ एवं सदर उपाधीक्षक ने विभिन्न अस्पतालों पर की छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** ज़िले में क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट की अवहेलना कर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा है। साथ ही बिना डिग्री के चिकित्सक प्रसव जैसे कार्य को अंजाम दे रहे है। इसकी जानकारी मिलने के पश्चात उपायुक्त चतरा रमेश घोलप द्वारा अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सदर अनुमण्डल पदाधिकारी सुरेन्द्र उरांव के नेतृत्व में शुक्रवार को जिले के अवैध नर्सिंग होम संचालको के खिलाफ एवं गैर डिग्री धारक चिकित्सकों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में बाईपास रोड से राज नर्सिंग होम के संचालक रंजीत कुमार और गैर डिग्री धारक चिकित्सक कुमार चंदन को हिरासत में लिया गया। छापेमारी दल ने दोनो को शहर के बाईपास इलाके से गिरफ्तार किया।

**क्या कहते है उपायुक्त :** उपायुक्त ने कहा लगातार जिले में अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालन से संबंधित शिकायत प्राप्त हो रही थी इसे संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई हेतु एक टीम का गठन किया गया और छापेमारी की कार्रवाई की गई। जिसमें एक बिना डिग्री घारक चिकित्सक एवं एक नर्सिंग होम संचालक की गिरफ्तारी की गई है संबंधित के उपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले के आमजनों और गर्भवती माताओं के जीवन के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को किसी भी सुरत में बख्शा नहीं जाएगा। जिले में लगतार छापेमारी अभियान जारी रहेगी। क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट का अवहेलना करने वाले नर्सिंग होम संचालक व पीसी एण्ड पीएनडीटी का अवहेलना करने वाले अल्ट्रासाउण्ड संचालक के उपर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पीसी एण्ड पीएनडीटी की अवहेलना करने वाले अल्ट्रासाउण्ड संचालक पर होगी कार्रवाई

अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा ने बताया कि अधिकांश शिकायत प्राप्त हो रही थी कि जिले में दर्जनों की संख्या में अवैध नर्सिंग होम संचालित हो रहे है। साथ ही बिना डिग्रीधारी झोलाछाप सिजेरियन समेत अन्य ऑपरेशन यूट्यूब के माध्यम से कर रहे है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। बताते चले कि गिरोह बनाकर अवैध तरीके से अस्पताल का संचालन करना, बिना डिग्री के ऑपरेशन कर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करना, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, भारत सरकार / राज्य सरकार द्वारा नर्सिंग होम / अस्पताल संचालन संबंधी निर्धारित मानकों का अनुपालन नहीं करने एवं सरकारी जांच में सहयोग न कर बाधा डालने जैसे गंभीर आरोपों के आलोक में उपरोक्त संबंधित नर्सिंग होम / अस्पताल के संचालकों के विरूद्ध विधि सम्मत बिहिन्न धाराओं के साथ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## दो मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन गंभीर, दो सगे भाइयों की मौत

**कोडरमा।** मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियारडीह मुख्य मार्ग स्थित कारीपहाड़ी के समीप दो मोटरसाइकल की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मरकच्चो थाना क्षेत्र के ग्राम केतरूसिंघा निवासी दो सगे भाई शिवशंकर वर्मा एवं टूकलाल वर्मा दोनों के पिता चोलो महतो अपने मोटरसाइकिल से नावाडीह की ओर से अपने घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान कारीपहाड़ी के समीप विपरित से आ रहे मरकच्चो गोद्दो निवासी गुड्डू सिंह पिता विजय सिंह के मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर हो गई। तीनो घायलों को सदर अस्पताल बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया एवं रांची ले जाने के दौरान रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। शनिवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों कों सौंप दिया गया।

संपूर्णता अभियान उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ

# अभियान को गंभीरता से लेते हुए कार्य कर करें लक्ष्य की प्राप्ति : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत संपूर्णता अभियान उत्सव शुभारम्भ कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड सभागार मरकच्चो में किया गया। संपूर्णता अभियान उत्सव शुभारम्भ कार्यक्रम में उपायुक्त मेघा भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा स्वागत गीत गाकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज का स्वागत किया, तत्पश्चात बीडीओ द्वारा उपायुक्त को पौधा भेंट किया गया। वहीं मुख्य अतिथि उपायुक्त मेघा भारद्वाज, बीडीओ व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर संपूर्णता अभियान उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पोस्टर का विमोचन भी किया गया। वहीं उपायुक्त ने कहा कि जिले में मरकच्चो और जयनगर आकांक्षी प्रखंड है। सभी जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन आपस में समन्वय स्थापित कर प्रखंड के सभी पंचायतों में इस अभियान के तहत लक्ष्य प्राप्ति के लिए इस अभियान को गंभीरता से लेते हुए कार्य करें। लोगों को जागरूक कर ही सभी इंडिकेटरों के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।



## तिलैया थाना के प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थाना काण्ड संख्या 60/2024 के प्राथमिकी अभियुक्त उमेश सिंह कैलाशपुर मुहल्ला तिलैया निवासी जो पिछले तीन माह से फरार चल रहा था। कोडरमा पुलिस द्वारा इसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा था एवं इनके विरूद्ध सूचना संकलन किया जा रहा था। उक्त वांछित अपराधी नालन्दा जिला के बैन थानान्तर्गत लक्ष्मीपुर गांव में छिपा हुआ था। गठित टीम द्वारा छापामारी करते हुए उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। विदित हो कि काण्ड संख्या 60/2024 में कुल 08 किग्रा. 69 ग्रा. एवं काण्ड संख्या 76/2024 में कुल 3 किग्रा. 700 ग्राम गांजा जप्त किया गया था। इस संबंध में विधि सम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# नि:शुल्क साइकिल वितरण का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया पंचायत में संचालित सत्यम शिवम सुंदरम उच्च विद्यालय फुलवरिया में नौवीं कक्षा में अध्यनरत बच्चियों के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि 10प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा के सेवा निवृत प्राचार्य लाल बहादुर सिंह थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक सेवानिवृत प्राचार्य सुखदेव हजाम ने किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं अतिथियों के हाथों बच्चियों को साइकिल वितरण किया गया। वहीं मुख्य अतिथि ने कहा कि सत्यम शिवम सुंदरम उच्च विद्यालय फुलवरिया दिन प्रतिदिन विद्यार्थी के भविष्य को लेकर अपना सफलता का झंडा गाड़ने का काम कर रहा है। बच्चियों को निःशुल्क साइकिल मिलना गर्व की बात है।

# ग्रिजली कॉलेज में वन महोत्सव सप्ताह कार्यक्रम के अवसर पर पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में वन महोत्सव सप्ताह कार्यक्रम के अवसर पर एक पौधा मां के नाम अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय के उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत, सभी सहायक प्राध्यापक एवं शिक्षेकेत्तर कर्मचारी सहित महाविद्यालय के बीएड. सत्र 2022-24 एवं 2023-25 के प्रशिक्षुओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ एवं आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न औषधीय एवं फलदार, (अमरूद, गुलमोहर, पपीता, आंवला, जामुन इत्यादि) पौधे का पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव के ग्रामिणों को पौधा भेंट कर पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता संजय अग्रवाल एवं लवनीत सिंह एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा भी पौधरोपण किया गया। वहीं महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि परिवर्तित जलवायु को संतुलन एवं पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए पौधरोपण करना अति महवपूर्ण है, तभी हम अपने आनेवाले पीढ़ी को संरक्षित कर सकते हैं। वहीं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने अपने संबोधन में पर्यावरण को स्वच्छ एवं शुद्ध बनाए रखने हेतु सभी को पौधा रोपण करने पर बल दिया। मौके पर तुलसी साव, निरंजन कुमार, इफ्तेकार अंसारी, राजकुमार गुप्ता, पुष्पा कुमारी, अलका बर्णवाल, चांदनी कुमारी, रिंकी कुमारी, रेणु कुमारी, प्रिया कुमारी, सीमा जोजो, सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।



## आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड, अंचल व नगर इकाई कार्यालय में व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार व विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर शनिवार को आजसू पार्टी प्रखंड समिति ने प्रखंड कार्यालय परिसर में आजसू के जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता की अगुवाई में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं आजसू के केंद्रीय महासचिव संतोष सहाय मौजूद रहे। इस दौरान तेरह मांगों का एक ज्ञापन प्रखंड व अंचल अधिकारियों को सौंपा गया। जिसमें जमीन संबंधी दाखिल खारिज हेतु अंचल कार्यालय में जमा आवेदनों का अविलंब निष्पादन तथा पंजी 2 में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या का जल्द से जल्द उचित एवं आवश्यक कार्रवाई किये जाने, वर्तमान में अबुआ आवास हेतु चयन में पारदर्शिता लाई तथा जरूरतमंद एवं निर्धन परिवार को इसका समुचित लाभ मिले, मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन एवं भुगतान यथाशीघ्र किया जाए।

योजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता का रखें ख्याल

# आपसी समन्वय बनाकर कोडरमा में विकास की नई गाथा लिखें : अन्नपूर्णा देवी

केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में स्थानीय परिसदन भवन में अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने समाज कल्याण विभाग, विद्युत, पेयजल एवं आपूर्ति, केटीपीएस आदि विभाग से जिले में संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में हर घर नल जल योजना को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने, जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण पूर्ण करने, निर्माण कार्यों का नियमित जांच करने आदि का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने पेयजल एवं आपूर्ति विभाग के कार्यपालक



अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि योजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करें, उन्होंने शहरी जलापूर्ति योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में आमजनों को नियमित रुप से बिजली और पानी की आपूर्ति हो, लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या उतपन्न न हो इसका ख्याल रखें। वहीं नगर पर्षद झुमरीतिलैया और नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच के कार्यपालक पदाधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ सफाई करवाने, नालियों और सार्वजनिक स्थलों पर साफ सफाई सुनिश्चित करने, नियमित रुप से फॉगिंग करवाने, तीनों शहरी क्षेत्रों को साफ सुथरा रखते हुए शहर को स्मार्ट बनाने आदि का निर्देश दिया। वहीं यातायात व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को कहा कि बिजली और पेयजलापूर्ति को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कोई समस्या न हो, जिलेवासियों को इसका बेहतर लाभ मिले, यह सुनिश्चित करें।

## झामुमो महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बनी अंजू व माया सचिव

**सतगावां (कोडरमा)।** झामुमो के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रविन्द्र शांडिल्य व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गणेश राय के संयुक्त अनुशंसा पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला तिवारी ने शनिवार को प्रखंड महिला मोर्चा समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अंजू देवी को प्रखंड अध्यक्ष व माया देवी को प्रखंड सचिव तथा मुनिया देवी को प्रखंड उपयक्ष मनोनीत किया गया। गौरतलब रहे कि पूर्व प्रखंड अयक्ष ब्यूटी कुमारी को पार्टी अनुशासनहिनता के आरोप में पार्टी सदस्यता से निष्कासन के बाद प्रखंड समिति को भंग कर दी गई थी। वहीं उक्त महिला पदाधिकारियों के मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। हर्ष व्यक्त करने वालों में जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष अशोक कुमार, छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष निशांत कुमार आदि के नाम शामिल हैं।

एक नजर में

# वनाधिकार अधिनियम 2006 को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला खनिज निधि सह प्रशिक्षण भवन हॉल में अबुआ बीर दिशोम अभियान 2023 के तहत उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम 2006 से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य वन पर निर्भर लोगों को वनपट्टा अधिनियम 2006 से संबंधित जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला में उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार का महत्वकांक्षी अभियान अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान है, जिसका उद्देश्य जंगल में रहने वाले और वन पर निर्भर लोगों को वनपट्टा प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों को अभियान चलाकर दावों की प्राप्ति एवं निष्पादन करने का निर्देश दिया।

वहीं राजस्व एवं वन विभाग के पदाधिकारी को अबुआ बीर दिशोम अभियान की सफलता के लिए ग्राम सभा/ग्राम वनाधिकार समितियों को सहयोग करने को कहा। कार्यशाला में वन अधिकार कानून, 2006 के मुख्य उद्देश्यों पर चर्चा की गई, जिसमें वन पर आश्रित आदिवासियों तथा अन्य परम्परागत वन निवासियों को उनके कब्जे की कृषि और आवासीय भूमि तथा कृषि आवासीय भूमि तथा कृषि संबंधित अनुषांगित क्रियाकलापों पर अधिकार मान्य करना और ग्रामसभा या ग्रामसभा समूहों को वन संबंधित उनके पारम्परिक रूप से उपभोग करते आ रहे सामुदायिक अधिकार और सामुदायिक वन संसाधन अधिकार मान्य करना शामिल है।

कार्यशाला में यह भी बताया गया कि वन अधिकार कानून, 2006 के तहत कौन-कौन से लोग अधिकार प्राप्त करने के लिए पात्र हैं, जिसमें वन में निवास करनेवाली अनुसूचित जनजाति और वन में निवास करने वाले और प्राथमिक रूप से आजीविका के लिए वन भूमि पर निर्भर अनुसूचित जनजाति श्रेणी के सदस्य शामिल हैं। कार्यशाला में वन प्रमण्डल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमण्डल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अप समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, स्टेट रिसोर्स पर्सन एफआरए मनोहर चौहान, पीपीआईए फेलोस दीपक शर्मा, राजस्व, वन विभाग, कल्याण विभाग के पदाधिकारी, ग्रामसभा, ग्राम वनाधिकार समिति के सदस्य, बीर बंधु समेत अन्य उपस्थित थे।

## प्रेस क्लब चतरा के दिशा निर्देश पर पत्रकारों ने किया पौधरोपण



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** चतरा प्रेस क्लब चतरा के जिला अध्यक्ष सुनील कश्यप के निर्देश पर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल व पर्यटक स्थल मां भगवती मंदिर एवं मां संतोषी मंदिर परिसर में शनिवार को पत्रकार संघ पत्थलगड़ा के द्वारा किया गया पौधारोपण। पौधारोपण कार्यक्रम के अध्यक्षता पत्रकार संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत राणा उपस्थित रहे।

श्रीकांत राणा ने बताया कि प्रेस क्लब चतरा के द्वारा विभिन्न प्रखंडों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने को लेकर अभियान चलने का निर्णय लिया गया है। जिसे लेकर शनिवार को पत्थलगड़ा पत्रकार संघ ने पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने कहा कि दिन प्रतिदिन जंगल की कटाई होने से प्रतिदिन पर्यावरण में परिवर्तन होने लगा है। वृक्ष की कटाई होने से कई जीव-जंतुओं प्राण त्यागने लगे हैं, पंछियों की गुनगुनाहट दूर जाने लगी है, पर्यावरण में संतुलन बिखरने लगा है, वृक्ष के बिना पृथ्वी सुनसान नजर आने लगी है। आज की परिस्थिति में परिवर्तन लाने के लिए पौधारोपण करना अति आवश्यक है। पर्यावरण में शुद्धता हो, हरी भरी से सजी धरती हो, जंगलों में निवास करने वाले जीव प्राणियों की संख्या में बढ़ोतरी हो व मौसम में परिवर्तन को लेकर प्रेस क्लब चतरा के द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस नियमित आज पत्थलगड़ा प्रखंड में पत्रकार संघ द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष सुनील दांगी, सचिव मोहम्मद सिराजुल, उपसचिव कैलाश दांगी, कोषाध्यक्ष सुजेक सिन्हा, मनीष सिंह, अभिषेक सिंह, संजय राणा के अलावे कई पत्रकारों उपस्थित थे।

## सतर्कता टीम ने ड्रोन कैमरे से आम्रपाली परियोजना का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** शुक्रवार को कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया के निर्देश पर सतर्कता विभाग ने सीसीएल की खदानों में ड्रोन कैमरे के जरिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य अनाधिकृत प्रवेश और निकास का आकलन करना और कोयला संसाधनों की सुरक्षा बढ़ाना है। सीसीएल मुख्यालय के अधिकारियों के सहयोग से सतर्कता टीम ने आम्रपाली परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ड्रोन कैमरे का उपयोग किया गया ताकि कोयला संसाधनों पर निगरानी बढ़ाई जा सके और निरीक्षण गतिविधियों की देखरेख की जा सके। सीसीएल के विभिन्न खदानों में अनाधिकृत प्रवेश और निकास की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे लगाए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य खदानों की महत्वपूर्ण संपत्तियों की रक्षा करना और कोयला संसाधनों की सुरक्षा बढ़ाना है। इस अभियान में सीसीएल के विजिलेंस के साथ टेक्निकल टीम ने आम्रपाली परियोजना का ड्रोन कैमरे से निरीक्षण किया। मौके पर परियोजना पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# लक्ष्मीनारायण मंदिर का जीर्णोद्धार झारखंड के लिए शुभ, जनकल्याण का केंद्र बने : आचार्य किशोर कुणाल

■ श्री लक्ष्मीनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का चौथा दिन

खबर मन्त्र ब्यूरो






आचार्य किशोर कुणाल और न्यायमूर्ति पाठक को लक्ष्मी नारायण मंदिर का भ्रमण कराते विधायक सरयू राय और समारोह को संबोधित करते विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** श्री महावीर मंदिर, पटना के संरक्षक और पूर्व आईपीएस अधिकारी श्री किशोर कुणाल ने कहा है कि किसी नए मंदिर के निर्माण से ज्यादा अहम है किसी पुराने मंदिर का जीर्णोद्धार करना। मंदिर का जीर्णोद्धार ज्यादा महत्वपूर्ण काम है और श्री राय ने वही किया है।

यहां श्री लक्ष्मीनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के चौथे दिन आयोजन नगर भ्रमण यात्रा में खास तौर पर शामिल होने पहुंचे श्री कुणाल ने कहा कि भ्रम, भ्रांति से बचना जरूरी है। यह भ्रांति है कि शिवलिंग बहुत बड़ा नहीं होना चाहिए। हम लोग जो सबसे बड़ा मंदिर बना रहे हैं, उस शिवलिंग की ऊंचाई ही 33 फीट की है और उसका वजन 250 मीट्रिक टन है। भ्रांतियां उनके लिए हैं, जिनका दिल कमजोर है, जो डरते हैं। मजबूत लोगों के लिए कोई भ्रांति नहीं होती। श्री सरयू राय ने तमाम भ्रांतियों को खत्म कर ही जीर्णोद्धार काम शुरू किया है। बस, आप जो करने जा रहे हैं, उसको लेकर आपका मन साफ होना चाहिए। परमात्मा भी देखता है कि कौन क्या कर रहा है।

उन्होंने कहा कि मंदिर ऐसा बनना चाहिए, जो जन के लिए हो और जिसका मकसद जनकल्याण ही हो। और कुछ नहीं। जनता का पैसा मंदिर में लगे और उस पैसे से जनकल्याण हो तो मंदिर की महत्ता बढ़ जाती है। मुझे भरोसा है कि श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर भी ऐसा ही होगा। उन्होंने बताया कि धर्म के चार अंग हैं। पहला है-कर्मकांड, दूसरा है दर्शन, तीसरा है नैतिक मूल्य और चौथा है परोपकार। अगर आप चारों पर चलते हैं, इनको मानते हैं तो आप धार्मिक हैं। इसके लिए परेशान होने की जरूरत नहीं।

श्री किशोर कुणाल ने कहा कि हम लोग दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर बना रहे हैं। अब तक उसमें 100 करोड़ से ज्यादा खर्च हो चुका है। यह पैसा कहां से आया। यह पैसा मंदिर ट्रस्ट का है। हमारा सिस्टम ऐसा है कि अब तक 100 करोड़ रुपये खर्च कर दिये और किसी से एक रुपया भी मांगा नहीं। अब सोच रहे हैं कि चार माह बाद जनता से अपील करें। अब तक जनता से हम लोगों ने कोई अपील नहीं की है। उन्होंने श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर को झारखंड के लिए शुभ संकेत बताया। उन्होंने कहा कि मैं सरयू जी की नीयत से वाकिफ हूं। उनकी नीयत बहुत अच्छी है। मैं मान कर चल रहा हूं कि यह मंदिर शानदार तरीके का बनेगा और युगों-युगों तक लोग इस मंदिर की तारीफ करेंगे, यह मंदिर बेहतरीन तरीके से चलेगा।

श्री कुणाल ने इच्छा जताई कि वह बक्सर से बाहर निकलते ही एक स्थान पर भगवान राम-लक्ष्मण और गुरु विश्वामित्र की प्रतिमा स्थापित करना चाहते हैं। अगर यह हुआ तो उनके जीवन की बड़ी उपलब्धियों में से एक होगा।

**धर्म आस्था का विषय है, तर्क का नहीं : जस्टिस पाठक**

झारखंड उच्च न्यायालय के वरीय न्यायमूर्ति श्री एस. एन. पाठक ने कहा कि मैं यहां सारे प्रोटोकॉल तोड़ कर आया हूं क्योंकि यहां मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य हो रहा है। यह मेरी आस्था का सवाल है। धर्म तर्क का विषय नहीं, आस्था का विषय है। मैं मानता हूं कि हमारे संविधान में लिखित सेक्युलरिज्म हमारे पुराने और पवित्र ग्रंथ रामायण में भी है। आप श्री रामायण जी को पढ़ेंगे, तब आपको समझ में आएगा कि इस कृति में कैसे सेक्युलरिज्म है। उन्होंने कहा कि जैसे हनुमान जी के बगैर रामजी अधूरे थे, वैसे ही श्री सरयू राय जी के बगैर मैं भी अधूरा हूं। क्योंकि, बक्सर में जिस शिव भगवान की मंदिर का मैं जीर्णोद्धार कर रहा हूं, वह श्री सरयू राय जी के बगैर संभव ही नहीं था। दरअसल, उस मंदिर के जीर्णोद्धार का श्रेय भी उन्हें ही है। उन्होंने कहा कि बक्सर के गांव ब्रह्मपुर के शिव मंदिर का जीर्णोद्धार बिना सरयू राय जी के मदद से होता ही नहीं। मैं यही कह सकता हूं कि इस मंदिर के जीर्णोद्धार को संपन्न कराने में मैं चट्टान की तरह अडिग हूं।

इसके पूर्व जमशेदपुर पूर्वी के विधायक और श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति के संयोजक श्री सरयू राय ने सर्वश्री किशोर कुणाल और वरीय न्यायमूर्ति एसएन पाठक का परिचय कराया और दोनों महानुभावों के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। श्री राय ने इस मंदिर के जीर्णोद्धार से संबंधित अपने अब तक के अनुभव भी आगंतुकों से साझा किये।

## खबर मन्त्र दफ्तर अब अपने मुख्यालय में

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय हिंदी दैनिक **खबर मन्त्र** दफ्तर की संपादकीय टीम समेत सभी विभाग अब चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची स्थित अपने मुख्यालय में शिफ्ट कर गया है। लाइन टैंक रोड स्थित **खबर मन्त्र** का नगर कार्यालय अब अन्य कार्यों के लिए उपयोग हो रहा है।

# टाटा स्टील इंडिया ने पहली तिमाही में किया 5.25 एमटी स्टील उत्पादन

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** पहली तिमाही 2024-25 में, टाटा स्टील इंडिया का कच्चे इस्पात का उत्पादन 5.25 मिलियन टन था और साल-दर-साल आधार पर 5% अधिक था। योजनाबद्ध रखरखाव शटडाउन के कारण उत्पादन क्यूओक्यू कम था। भारत में डिलीवरी 4.94 मिलियन टन रही और यह अब तक की सबसे अच्छी प्रथम तिमाही बिक्री थी। घरेलू डिलीवरी में वृद्धि के कारण सालाना आधार पर डिलीवरी में 3% की बढ़ोतरी हुई।

### घरेलू डिलीवरी के मुख्य खंड इस प्रकार हैं

■ ऑटोमोटिव और विशेष उत्पाद खंड की डिलीवरी सालाना आधार पर 14% बढ़कर वाईओवाई 0.8 मिलियन टन हो गई। यात्री वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों जैसे चुनिंदा उप-खंडों में बाजार की तुलना में अधिक वृद्धि से वॉल्यूम को मदद मिली है, जिससे 'अब तक की सबसे अच्छी प्रथम तिमाही बिक्री हुई है।

■ 'ब्रांडेड उत्पाद और खुदरा' खंड की डिलीवरी सालाना 6% बढ़कर वाईटूवाई 1.7 मिलियन टन हो गई, जो मुख्य रूप से अच्छी तरह से स्थापित ब्रांडों द्वारा संचालित है। टाटा टिस्कॉन की डिलीवरी में सालाना आधार पर 15% की बढ़ोतरी हुई, जिससे अब तक की सबसे अच्छी तिमाही बिक्री हुई, जबकि टाटा एस्ट्रम और टाटा स्टीलियम की अब तक की सबसे अच्छी प्रथम तिमाही बिक्री हुई।

■ 'औद्योगिक उत्पाद और परियोजना' खंड की डिलीवरी 1.8 मिलियन टन थी, जिसमें उप खंड इंजीनियरिंग ने अब तक की सबसे अच्छी तिमाही बिक्री दर्ज की।

■ व्यक्तिगत होम बिल्डर्स के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म टाटा स्टील आशियाना से राजस्व रु. 644 करोड़ 'अब तक का सबसे अच्छा प्रथम तिमाही ' आंकड़ा था और अद्वितीय ग्राहक आधार में 50% की वृद्धि के कारण साल-दर-साल आधार पर 73% की वृद्धि हुई।

■ टाटा स्टील नीदरलैंड्स लिक्विड स्टील का उत्पादन 1.72 मिलियन टन था और सामान्य परिचालन स्तर पर लौटने पर यह साल-दर-साल और साथ ही क्यूओक्यू आधार पर बढ़ा था। डिलीवरी 1.52 मिलियन टन थी, जो कि सालाना आधार पर वाईओवाई 11% अधिक और क्यूओक्यू 6% थी, जो बेहतर उत्पादन से सहायता प्राप्त हुई।

■ टाटा स्टील यूके लिक्विड स्टील का उत्पादन 0.68 मिलियन टन था जबकि डिलीवरी 0.69 मिलियन टन थी। पोर्ट टैलबोट में ब्लास्ट फर्नेस 5 पर परिचालन बंद कर दिया गया है, जहां 4 को अंतिम तरल लोहे का उत्पादन किया गया था, और इसे सुरक्षित रूप से डीकमीशन किया जा रहा है।

एक नजर में

## विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जायें राज्य के सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता : जिला अध्यक्ष



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में अग्रणी संगठन विभाग एवं मोर्चा के चेयरमैन/अध्यक्षों, जिला स्तरीय समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई। आज के बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने सभी विभागों के चेयरमैन/अध्यक्ष को कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2024 का संपूर्ण तैयारी अपने-अपने विभाग स्तर पर सक्रियता के साथ कर लें, बूथ स्तर पर कमिटी और कार्य करने के लिए सभी अग्रणी संगठन विभाग एवं मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकताओं को सुनिश्चित करें और उसकी सूची अविलंब बनाकर जिला कांग्रेस कार्यालय को समर्पित करें ताकि उनकि सत्यापन करवाया जाय। सभी संगठन विभाग एवं मोर्चा के पदाधिकारी प्रखंड स्तर, मंडल स्तर, पंचायत स्तर पर कमेटियों का रिव्यू ( समीक्षा) कर लें। जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि 2024 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन के सहयोगी पार्टनर के साथ मिलकर बेहतर कार्य करेगी और 2019 के तरह इस बार भी भाजपा का सफाया करेगी जिला के अपने पांचो सिटिंग सिटों के साथ इस बार जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से भी हर हाल में कांग्रेस पार्टी जीत दर्ज करेगी और इंडिया गठबंधन के पुनः सरकार बनायेंगे। बैठक का संचालन एवं प्रबंधन कार्य संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र तिवारी ने सम्पादित किया।

## श्रीनाथ विवि : बीकॉम, बीबीए 2021-24 और एमबीए 2022-24 के बैच को दी गयी विदाई



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विवि के कॉमर्स संकाय द्वारा बी कॉम,बीबीए और एमबीए बैच के छात्रों के लिए आज विदाई समारोह किया गया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने कई कार्यक्रम आयोजित किये, जिसमें जूनियर्स ने सीनियर्स के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। एमबीए से सागर और बीकॉम से अंजू कुमारी को मिस्टर और मिस फेयरवेल के रूप में चुना गया। छात्रों और अध्यापकों ने पूरे सत्र के यात्रा की प्रशंसा की साथ ही अपने अनुभव सबके साथ साझा किया। मौके पर कुलाधिपति सुखदेव महतो, डीन एकेडमिक जे राजेश और विभागाध्यक्ष डॉ मृत्युंजय महतो सहित अन्य सम्मानित फैकल्टी सदस्यों ने छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## टाटा वर्कर्स यूनियन ने सेवानिवृत सदस्यों को दी विदाई

**जमशेदपुर।** गत 5 जुलाई को को यूनियन परिसर में आयोजित विदाई समारोह में टाटा स्टील के सेवानिवृत्त कर्मचारियों और टाटा वर्कर्स यूनियन के 12 सदस्यों को सम्मानित किया गया, संजीव चौधरी, अध्यक्ष, सतीश सिंह, जनरल सचिव, शाहनवाज आलम, उपाध्यक्ष, संजीव तिवारी, उपाध्यक्ष, श्याम बाबू, सहायक सचिव एवं आमोद दुबे, कोषाध्यक्ष एवं लेखाकार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वागत किया और गुलदस्ता एवं उपहार भेंट किये। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कंपनी और यूनियन में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनके सुखद एवं शांतिपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन की कामना की गई।

## बर्मामाइंस में अमित सिंह की स्मृति में रक्तदान



**जमशेदपुर।** शनिवार को वर्मामाइंस के श्री शिव मंदिर देवस्थान भवन में स्वः अमित सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि के मौके पर रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर में कई युवाओं ने भाग लिया। रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से भाजपा नेता रामबाबू तिवारी, चंद्रगुप्त सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, बमभोला सिंह समेत कई नेता व समाजसेवी शामिल हुए। रक्तदान शिविर में कुल 125 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस मौके पर आयोजनकर्ता द्वारा रक्तदाताओं को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधा उपहार स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से भोला सिंह, सतीश मुखी, अनिल सिंह, गुड्डू सिंह, नीरज सिंह, अमित गौतम समेत अन्य लोगों का मुख्य योगदान रहा।

## श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में मना वन महोत्सव सप्ताह



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में 1 जुलाई से चला आ रहा वन महोत्सव कार्यक्रम शनिवार को समाप्त हो गई। आज विशेष रूप से छात्रों के बीच कई प्रतियोगिताएं रखी गई थी। जिसमें कक्षा तृतीय एवं चतुर्थ के लिए वृक्ष लगाए जीवन बचाए विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता। कक्षा पंचम एवं षष्ठम के लिए तात्कालिक विषय वन महोत्सव संबंध में भाषण प्रतियोगिता सप्तम एवं अष्टम कक्षा के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता रखी गई। जिसका विषय था जलवायु परिवर्तन प्राकृतिक घटना है, न कि मानव निर्मित। इस विषय पर पक्ष एवं विपक्ष पर छात्रों ने अपना-अपना विचार रखें । कक्षा नवम एवं दशम के छात्रों ने विद्यालय के परिसर में प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह एवं शिक्षकगण की उपस्थिति में वृक्षारोपण किये।

स्पीड न्यूज



### तारापोर स्कूल में रिदम-2024 का आयोजन

**जमशेदपुर।** तारापोर स्कूल ने गर्व से किंडरगार्टन के छात्रों के लिए एक रोमांचक कार्यक्रम रिदम की मेजबानी की, जो 6 जुलाई, 2024 को हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केरल समाजम मॉडल स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री नंदिनी शुक्ला शामिल थीं। रिदम के लिए इस वर्ष की थीम कैमलिड्स का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष थी, जो ऊंटों की विविध और आकर्षक दुनिया पर केंद्रित थी।

### एमएनपीएस में हाई स्कूल के लिए प्राइज नाइट संपन्न

**जमशेदपुर।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल ने 6 जुलाई, शनिवार को हाई स्कूल के लिए वार्षिक पुरस्कार रात्रि मनायी। शाम की मुख्य अतिथि एसडीओ पारुल सिंह थीं, जबकि सम्मानित अतिथि टाटा पिगमेंट लिमिटेड के एमडी अनिल सिंह हर्षाना थे। यह पुरस्कार समारोह शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के दौरान शैक्षिक और सह-शैक्षिक दोनों छात्रों के असाधारण प्रदर्शन को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था।

### सेंट जॉन्स उवि में मना पुरस्कार वितरण समारोह

**जमशेदपुर।** सेंट जॉन्स हाई स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर हुई। साथ ही पूर्व प्राथमिक कक्षा के छात्रों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।

## जेएफसी में आइएसएल शील्ड जिताने वाले जॉर्डन मरे की वापसी

खबर मन्त्र ब्यूरो



जॉर्डन मरे।

**जमशेदपुर।** अपनी नई घोषणाओं के सिलसिले को जारी रखते हुए, जमशेदपुर ने प्रदर्शन आधारित विस्तार के साथ एक साल के अनुबंध पर बेहतरीन फॉरवर्ड जॉर्डन मरे की वापसी की घोषणा की है। इंडियन सुपर लीग 2024-25 सीजन से पहले हेड कोच खालिद जमील की अगुवाई वाली टीम को और मजबूत करने के इरादे से मरे की वापसी हुई। मरे आखिरी बार आइएसएल 2023-24 में चेन्नईयिन के साथ थे, जहाँ उन्होंने क्लब प्लेऑफ तक पहुँचने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। 28 वर्षीय ने जमशेदपुर एफसी के विजयी 2021-22 शील्ड जीतने वाले अभियान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह 3 सीजन में 18 गोल और 5 असिस्ट कर चुके हैं। मरे की वापसी मेन ऑफ स्टील के आक्रमण को और मजबूत कर देगी। मरे आगामी सीजन में जर्सी नंबर 17 पहनकर शामिल होंगे और जुलाई में शुरू होने वाले प्री-सीजन ट्रेनिंग के लिए अपने साथियों के साथ जुड़ने के लिए उत्साहित और तैयार हैं।

## पूरे झारखंड से होगा भाजपा का सफाया : जोबा

■ जगन्नाथपुर विस क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में सांसद जोबा माझी का हुआ स्वागत, पूर्व मंत्री दीपक बिरुवा रहे साथ

खबर मन्त्र टीम



जगन्नाथपुर में आभार यात्रा के पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित करती सांसद जोबा माझी।

**जगन्नाथपुर/ जमशेदपुर।** सिंहभूम की नव निर्वाचित सांसद जोबा माझी शनिवार को जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र पहुंची। सांसद के साथ चाईबासा के विधायक सह पूर्व मंत्री दीपक बिरुवा भी मौजूद रहे। आभार यात्रा सह अभिनंदन कार्यक्रम की शुरूआत मोंगरा पंचायत से हुई। यहां पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन, अभिषेक सिंकू के नेतृत्व में जोबा माझी और दीपक बिरुवा का जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद जगन्नाथपुर बाजार में महागठबंधन के नेताओं ने स्वागत किया। कार्यकर्ता और समर्थकों ने आतिशबाजी कर खुशियों का इजहार किया।

अभिनंदन के पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद जोबा माझी ने जगन्नाथपुर विस क्षेत्र समेत सिंहभूम के तमाम मतदाताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि चुनाव में जनता ने सूझबूझ से अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। उन्होंने कहा जनता ने जिस उम्मीद से उन्हें चुना है उसे व्यर्थ नहीं जाने देंगे। हर सुख-दुख में खड़ी रहेगी। आगामी विस चुनाव में भी महागठबंधन के प्रति विश्वास और समर्थन बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि जगन्नाथपुर समेत पूरे झारखंड से भाजपा का सफाया करना है, तभी झारखंड का विकास होगा। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि रोजगार के मुद्दे पर वह बेहद गंभीर है।

## टीएस यूआइएसएल ने सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ जागरूकता कार्यक्रम चलाया

खबर मन्त्र ब्यूरो



जागरूकता रैली को रवाना करते अतिथि।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल के पीएचएस विभाग ने काशीडीह डिपो में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ावा देना और बीमारियों की रोकथाम करना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीपांकर प्रधान, प्रबंधक, टाटा स्टील यूआईएसएल के स्वागत भाषण से हुई। सिटी मैनेजर, सुश्री क्रिस्टीना कच्छप ने स्वच्छ सर्वेक्षण के महत्व पर चर्चा की और शहर की रैंकिंग में सुधार के लिए रणनीतियों की रूपरेखा तैयार की। टाटा स्टील यूआईएसएल के उप प्रबंधक, कंजरवेंसी और ईएमसी श्री संजय तिवारी ने डेंगू की रोकथाम पर जानकारी पूर्ण व्याख्यान दिया, जिसमें बीमारी से निपटने में स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि मनोज सिंह शेखावत ने व्यापक सफाई प्रयासों सहित मानसून के मौसम की तैयारियों पर प्रकाश डाला।

## केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने लंबित मांगों को लेकर फिर से आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आज जमशेदपुर में टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन कार्यालय में श्री राकेश्वर पांडेय की अध्यक्षता में प्रमुख केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की राज्यस्तरीय बैठक हुई, जिसमें आम जनता, विशेषकर मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों पर अपनी भावी कार्य योजना तय की गयी। बैठक में इंटक, एटक, सीआईटीयू, एच एम एस और एआईआईसीटीयू के राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय नेतृत्व शामिल हुए। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच की ओर से कहा गया कि लोकसभा चुनाव के नतीजों ने देश के उत्पादक वर्ग यानी किसानों और मजदूरों के असंतोष का कड़ा संदेश सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को दिया है।

# डॉ मुखर्जी के जीवन का हर क्षण राष्ट्र और लोक कल्याण के लिए समर्पित रहा है : सुधांशु ओझा

■ भाजपा जमशेदपुर महानगर ने श्रद्धाभाव से मनाई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती

खबर मन्त्र ब्यूरो





महानगर कार्यालय में डा मुखर्जी की तस्वीर के सामने अगरबत्ती दिखाते जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा और खालसा क्लब में डा मुखर्जी के जीवन पर संगोष्ठी में दीप प्रज्जवलित करते बायें से डा जटाशंकर पांडेय, सांसद बिद्युतबरण महतो व अन्य।

**जमशेदपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, प्रखर राष्ट्रवादी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 123वीं जयंती को भाजपा जमशेदपुर महानगर ने पूरे श्रद्धाभाव से मनाया। शनिवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद समेत पार्टी के वरीय नेताओं व कार्यकताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छविचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहे, जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है एवं भारत माता की जय, के नारे से कार्यालय परिसर गुंजायमान रखा। वहीं, एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कार्यालय परिसर में जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा के संग जमशेदपुर महानगर के सभी पूर्व अध्यक्षों ने पौधरोपण किया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पांकी विधायक ने डॉ मुखर्जी की जयंती मनायी



**नीलांबर पीतांबर पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर पीतांबरपुर के मौर्या फार्म हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रख्यात शिक्षाविद, देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान विचार के अग्रदूत, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती मनायी। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने डॉ श्यामा के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कहा कि राष्ट्र की एकात्मता और अखंडता के लिए उनका बलिदान सबके लिए प्रेरणादायी है।

### पाटन एमओ ने कीपीडीएस दुकानों की जांच



**पाटन पलामू।** प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर पाटन प्रखंड के लोइंगा मेराल सहीत विभिन्न पंचायत का दौरा किया। इस क्रम में पीडीएस पीडीएस दुकानों की जांच की। जांच में समय पर लाभुकों के बीच राशन वितरण, स्टॉक वितरण प्रतिशत सहित कई बिंदुओं को बारीकी से जायजा लिया। एमओ ने डीलर को समय पर राशन वितरण करने का निर्देश दिया।

### संपूर्णता अभियान से प्रेरणादायक प्रखंड बनाने का संकल्प लें : डीडीसी



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड परिसर में शनिवार को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि डीडीसी शब्बीर अहमद ने आकांक्षी प्रखंड संपूर्णता अभियान की शुरुआत की। कहा कि छह मुख्य इंडीकेटर्स पर फोकस करते हुए इस अभियान को सफल बनाना है। यह संपूर्णता अभियान प्रखंड स्तर पर अगले तीन माह तक संचालित होगा। जमीनी स्तर पर संगठित होकर कार्य करना है। मौके पर अपर समाहर्ता विजय केरकेट्टा, जिला कृषि पदाधिकारी विवेक बिरुआ, छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, जिला योजना पदाधिकारी कुमार अविनाश, बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया, बीइओ रामनरेश राम, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, बीपीएम शिक्षा रेखा कुमारी, जिला पार्षद मंजू देवी थे।

### डीडीसी ने ग्रामीणों की शिकायत पर सड़क का निरीक्षण किया



**हरिहरगंज पलामू।** डीडीसी शब्बीर अहमद ने शनिवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन एनएच 98 कॉलेज मोड़ से अररूआ कला होते हुए चहका तक जानेवाली सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय कार्यपालक अभियंता को शोकॉज किया है। मालूम हो कि ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत की गयी थी। डीडीसी ने इसकी जांच का भरोसा दिया। मौके पर एसडीओ हीरा कुमार, बीडीओ अरविंद बेदिया, समाजसेवी राजीव रंजन, महादेव यादव, अखिलेश विश्वकर्मा, दिनेश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय भवन के शौचालय में ताला बंद



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड कार्यालय भवन में बने शौचालय में ताला बंद होने से प्रखंड कर्मियों एवं आगंतुकों को भारी परेशानी हो रही है। शौचालय के दरवाजे पर कबाड़ फेंका हुआ है, जिससे साफ-सफाई और स्वच्छता की स्थिति अत्यंत दयनीय है। एक तरफ स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु करोड़ों खर्च किये जा रहे हैं तो दूसरी ओर प्रखंड कार्यालय में ही स्वच्छ भारत योजना की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं। यह योजना पीएम मोदी के नेतृत्व में 2 अक्टूबर 2014 को शुरू की गयी थी, जिसका मुख्य उद्देश्य देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है। प्रखंड कार्यालय के कई कर्मियों और आगंतुकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द इस समस्या का समाधान हो। शौचालय का ताला खोल कर इसकी साफ-सफाई करायी जाये व इसे चालू करायें।

### कवलवास बालिका उवि में पूर्व सांसद और विधायक ने किया पौधरोपण



**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के कवलवास बालिका उवि में छतरपुर पाटन विधायक पुष्पा देवी व पलामू के पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज भुइयां ने शुक्रवार को परिसर में पौधरोपण किया। कहा कि वर्तमान समय में धरती पर जिंदा रहने के लिए पेड़ पौधा लगाना जरूरी हो गया है। हम सभी को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। मौके पर प्राचार्या कुमारी मधुबाला ने उनका स्वागत किया।

### सड़क हादसे में बीएसएफ जवान की मौत



**मेदिनीनगर।** सड़क दुर्घटना में बीएसएफ के जवान अमित शुक्ला (30) की मौत हो गयी। वह सदर प्रखंड के सिंगरा निवासी उपेंद्र शुक्ला के पुत्र थे। अमित के घर चचेरे भाई की शादी है। इसी में शामिल होने वह घर आ रहे थे। तभी शुक्रवार की रात 10 बजे छिंदवाड़ा कैंप से जम्मू रेलवे स्टेशन जाने के लिए जाइलो वाहन से निकले थे। सुबह चार बजे के करीब जम्मू के चिनैनी नाशरी टनल में तेज रफ्तार जाइलो पलट गयी, जिसमें अमित की मौत हो गयी। वाहन में कुल आठ जवान सवार थे।

### तीन जुलाई अपमान दिवस : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा ने झामुमो समेत इंडी गठबंधन में शामिल सभी नेताओं को कहा है कि 3 जुलाई की घटना आदिवासी समाज के साथ संपूर्ण झारखंडवासियों के लिए दुख और अफसोस से भरा हुआ था। इसे झारखंड की राजनीति में अपमान दिवस के रूप में याद किया जायेगा। जब राज्य के सीएम चंपई सोरेन का अपमान किया गया।

---

चौकीदार की नियुक्ति में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए पद नहीं है आरक्षित

# आरक्षण रोस्टर का अनुपालन कर पुनः विज्ञापन प्रकाशित करे जिला प्रशासन : डॉ शशिभूषण मेहता

- प्रकाशित विज्ञापन में कुल- 155 पदों पर सीधी भर्ती की जानी है
- पलामू जिला में निवास करने वाले अनुसूचित जाति वर्ग की बड़ी आबादी के साथ नहीं है न्यायसंगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह नियुक्ति समिति के अध्यक्ष शशि रंजन द्वारा दो जुलाई को पलामू जिला अन्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन जमा करने के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। जिसमें कुल-155 पदों पर सीधी भर्ती की जानी है।

पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि विज्ञापन के अवलोकन से यह ज्ञात हुआ कि उक्त



डॉ शशिभूषण मेहता, पांकी विधायक।

विज्ञापन में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए शून्य पद आरक्षित है। जिससे यह प्रतीत होता है कि आरक्षण रोस्टर का अनुपालन नहीं किया गया है, जो अनुसूचित जाति वर्ग के साथ न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है।

विधायक ने जिला के उपायुक्त से उक्त विज्ञापन पर पुनः विचार करते हुए रद करने की मांग की है। कहा कि जिला प्रशासन आरक्षण रोस्टर का अनुपालन करते हुए पुनः नये सिरे से विज्ञापन प्रकाशित करे ताकि पलामू जिला में निवास करने वाले अनुसूचित जाति वर्ग की बड़ी आबादी के साथ न्याय संगत होगा। इस संदर्भ में बीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के पलामू जिला अध्यक्ष संदीप कुमार पासवान के साथ पूरा जिला समिति के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है, जिसकी प्रति संलग्नित है।

---

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रवाद के प्रखर पुरोधा : रामचंद्र चंद्रवंशी

- डॉ मुखर्जी का मनाया गया जन्म जयंती, विधायक ने किया पौधरोपण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सभागार में भाजपा द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवाद के पुरोधा थे। देश हित में उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया था। ऐसे महान विभूति को देश कभी नहीं भूल सकता।



पौधरोपण करते विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व उपस्थित अन्य।

श्री चंद्रवंशी ने इस अवसर पर आरसीयू विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने अपने हाथों से 51 इमारती और फलदार पौधा लगाया। रामचंद्र चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण और उनका संरक्षण बेहद जरूरी है। विधायक चंद्रवंशी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भोला चंद्रवंशी ने मौजूद लोगों को सामूहिक रूप से पौधारोपण और संरक्षण का संकल्प दिलवाया। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

---

भाजपा का जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

# डॉ मुखर्जी के अधूरे सपने को पूरा करना जरूरी : विनय जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा जिला कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने किया। उन्होंने विषय प्रवेश कराते हुए कहा की जयंती के अवसर पर सेवा बस्तियों में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान जैसे रचनात्मक कार्यक्रम कर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी गयी। समस्त



डॉ मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी करते भाजपा कार्यकर्ता।

मंडलों में डॉ मुखर्जी का स्मरण कर स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम आयोजित किए गये। 23 जून से 6 जुलाई तक स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान के तहत एक पेड़ अपनी मां के नाम जिले के सभी 1563 बूथों पर पौधे लगाये गये। संगोष्ठी में भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज सिंह ने कहा की मुखर्जी के विचार आज भी लोगों को ताकत देते हैं। उनके ऊंचे आदर्श लाखों लोगों को आज भी प्रेरित करते रहते हैं। डॉक्टर मुखर्जी ने भारत की एकता और प्रगति के लिए अपना जीवन खपा दिया। उन्होंने एक असाधारण विद्वान के रूप में भी अपनी पहचान बनायी।

**ये रहे उपस्थित :** मौके पर अजय तिवारी, रूपा सिंह, अरूणा शंकर, मंगल सिंह, प्रमोद सिंह, रामलव चौरसिया, भीष्म चौरसिया, विजय ओझा, ज्योति पांडे, जितेंद्र तिवारी, सीटू गुप्ता, अरविंद गुप्ता, सुनील पासवान, धर्मेंद्र उपाध्याय, रीना किशोर, अभिमन्यु तिवारी, सोमेश सिंह, अजय सिंह, शशिभूषण पांडे, अविनाश सिन्हा छोटू, सुनील पांडे, सिकेंदर चौधरी, शंभू राम, विजय पाठक, जवाहर चंद्रवंशी, मनोज विश्वकर्मा, श्वेतांग गर्ग, विपुल गुप्ता, भोला सिंह, रेखा सिंह, राजहंस अग्रवाल भी मौजूद थे।

---

# अजरबैजान में अचीवर अवार्ड से नवाजे गये पर्यावरणविद कौशल और मुखिया पूनम

- पर्यावरणविद कौशल किशोर को अबतक के जीवन मिल चुका है 63 अवार्ड
- अजरबैजान के टूरिस्ट डायरेक्टर और विश्व के साउथ ईस्ट रौशन ने पर्यावरणविद को किया अवार्ड प्रदान
- पर्यावरणविद ने अपनी संस्था को विस्तार करते हुए अजरबैजान में किया कमेटी गठित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चार दिवसीय विदेश यात्रा से अपनी धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल के साथ लौटे पर्यावरणविद कौशल किशोर को उनके लोगों ने भव्य स्वागत किया। श्री कौशल को रशियन कंट्री अजरबैजान में आयोजित समारोह में अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जिससे उनके लोगों में खुशी का माहौल है। रशियन कंट्री से अलग हुए अजरबैजान की राजधानी बाकू के होटल मेरीओट में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। सम्मान समारोह का उद्घाटन विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर





अजरबैजान में अवार्ड लेते विदेश में रौशन से और आवास पर बच्चों के साथ कौशल और पूनम जायसवाल।

जायसवाल और धर्मपत्नी व डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल अजरबैजान देश के टूरिस्ट सेल के डायरेक्टर रौशन, मोनिका लुइस, खडवानी के साथ संयुक्तरूप से किया था। समारोह के उद्घाटन के उपरांत पर्यावरण धर्म के अनुसार अतिथियों को पौधा देने का विधान है। इसी तहत कर्नाटक का चंदन और हिमाचल का कपूर का पौधा पर्यावरणविद कौशल व मुखिया पूनम के द्वारा सभी अतिथियों को भेंट किया। अतिथियों ने कपूर के पौधा के पत्ता को टुकड़ा कर सूंघने पर बहुत प्रसन्नता जाहिर की। अतिथियों ने पर्यावरणविद को बधाई देते हुए ट्री मैन से संबोधित किया।

---

## बीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति ने पांकी विधायक को सौंपा ज्ञापन

- चौकीदार की बहाली में एससी अभ्यर्थी को भी शामिल करने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के अध्यक्ष संदीप कुमार पासवान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि पूर्व में चौकीदार की बहाली के आधार पर अनुसूचित जाति से पासवान वर्ग के लोगों को बहाल किया जाता था। इस आधार पर अनुसूचित जाति के भर्ती में आरक्षण रोस्टर का पालन जिला प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है। अनुसूचिज जाति वर्ग का रिक्ति शून्य होने से इस वर्ग के योग्य अभ्यर्थी में काफी रोष व्याप्त है। प्रतिनिधिमंडल ने पांकी विधायक से इस मामले में पहल कर चौकीदार की बहाली में अनुसूचित वर्ग के अभ्यर्थियों को शामिल कराने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि चौकीदार भर्ती रद कर संशोधन कर आरक्षण रोस्टर का अनुपालन किया जाये।

## डालटनगंज-चैनपुर भंडरिया विस क्षेत्र में चलेगा सघन जनसंपर्क अभियानः लक्ष्मीनारायण तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी ने हमीदगंज स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के द्वारा देशव्यापी भारत जोड़ो अभियान यात्रा चलाई गई थी जिसमें पार्टी का जनाधार जन जन तक पहुंचा है। जिसके फलस्वरूप लोकसभा चुनाव में पार्टी को जबर्जस्त लाभ मिला है। इसी के तर्ज पर पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के द्वारा यह निर्देश प्राप्त है कि राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान गांव स्तर पर चलाना है। इस निर्देश के आलोक में



डालटनगंज-चैनपुर भंडरिया विस क्षेत्र के सभी गांवों में जनसंपर्क अभियान सात जुलाई से प्रारंभ की जायेगी। इसके तहत लोगों को पार्टी के नीति व सिद्धांत से अवगत कराया जायेगा। साथ ही साथ झारखंड में गठबंधन सरकार के द्वारा किये जा रहे जनोपयोगी विकास योजनाओं को विस्तार से बताया जायेगा। श्री तिवारी ने कहा कि ग्रामीणों को बहुत सी योजनाओं की जानकारी नहीं होती है। जिस कारण वे लाभ नहीं ले पाते हैं।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली पंचायत यात्रा



**पाटन पलामू।** प्रखंड के माझी गांव पंचायत के दुलही में कांग्रेस पार्टी की पंचायत यात्रा निकाली गयी। इसकी अध्यक्षता दलित कांग्रेस पलामू जिलाध्यक्ष अशोक पासवान ने किया। यहां के ग्रामीणों को सरकार के गरीब हित कार्य बताये गये। इसमें अशोक सिंह, मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, संजय पासवान, दिलशाद अंसारी, राजन सिंह, राहुल सिंह, श्रीकांत सिंह, मखदू मियां भी थे।

## मजदूर नेता राकेश सिंह ने पटना एयरपोर्ट पर केंद्रीय कोयल राज्य मंत्री का किया स्वागत



**मेदिनीनगर।** केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे को दिल्ली से बिहार पटना एयरपोर्ट पर स्वागत कार्यक्रम में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह मजदूर नेता राकेश सिंह स्वागत किया। केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री को पटना एयरपोर्ट पर हजारों समर्थकों द्वारा विराट एवं भव्य स्वागत किया गया। पुष्प गुच्छ एवं मालाओं का अंबार भेंट कर सभी ने स्वागत किया तत्पश्चात हजारों समर्थकों के के साथ लगभग 400 वाहनों की काफिले के साथ मंत्री चंपारण के लिए रवाना हो गये। मौके पर पलामू झारखंड से योगेंद्र कुमार, डब्लू खान, विवेक सिंह उर्फ लड्डू, कुणाल सिंह उर्फ टोनु सिंह व अन्य शामिल थे।

## अविनाश ने प्रदेश अध्यक्ष को विस्तृत विवरण सौंपा



**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश वर्मा ने रांची स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर अध्यक्षीय कार्यकाल के सफलतापूर्वक 1 वर्ष पूरे होने पर हार्दिक बधाई दी। श्री वर्मा ने लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त अपने प्रभार वाले क्षेत्रों का विस्तृत विवरण सुपुर्द किया। विदित हो कि 4 जुलाई 2023 को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की सहमति से बाबूलाल मरांडी को भाजपा झारखंड प्रदेश का अध्यक्ष घोषित किया गया था जिसके उपलक्ष में अविनाश वर्मा ने उनसे मुलाकात की। साथ ही अविनाश ने लोकसभा चुनाव में पलामू जिले के हुसैनाबाद विधानसभा और दुमका लोकसभा के दुमका ग्रामीण क्षेत्र में बतौर प्रभारी कार्य कर पार्टी के पक्ष में सकारात्मक माहौल बनाने का काम किया था, जहां उन्हें काफी हद तक सफलता प्राप्त हुई।

---

## आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ

- 30 सितंबर तक चलाया जायेगा अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज।** नीति आयोग के कार्यक्रम के तहत संचालित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम को लेकर शनिवार को हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय सभागार में संपूर्णता अभियान की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ डीडीसी शब्बीर अहमद, छत्तरपुर एसडीओ हीरा कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार व बीडीओ ने किया। डीडीसी समेत अन्य पदाधिकारी ने कार्यक्रम के



संबंध में विस्तार से जानकारी दी। डीडीसी ने कहा कि आकांक्षी प्रखंड में छह प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता अर्जित करने के उद्देश्य के साथ यह कार्यक्रम चल रहा है, जो 30 सितंबर तक चलेगा। जिसमें स्वास्थ्य शिक्षा समृद्धि को चिह्नित किया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आया अज्ञात, एक की मौत

**मेदिनीनगर।** शहर के रेड़मा ओभर बृज के नीचे रेलवे ट्रैक पर शनिवार की सुबह करीब 5 बजे मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। इसके बाद राहगीरों के द्वारा इस घटना की जानकारी रेलवे जीआरपी थाना की पुलिस को दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी थाना प्रभारी अशोक कुमार और एएसआइ रवींद्र उरांव घटना स्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

## समाजसेवी अभिमन्यु ने निजी खर्च से बनवायी चार किमी लंबी सड़क

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह ने अपने निजी खर्च से चार किमी लंबी सड़क का निर्माण कराया है। बताते चलें कि ब्रह्मोरिया मोड़ से द्वारपार स्थान तक आने जाने का एकमात्र सहारा पगडंडी था। बरसात में इसपर चलना दूभर हो गया था। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से लेकर आला अधिकारियों से सड़क बनवाने की गुहार लगाई थी लेकिन ग्रामीणों को हर जगह से मायूसी

ग्रामीणों में खुशी की लहर



ही हाथ लगी। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह को अपनी व्यथा सुनाई। जिसके बाद श्री सिंह ने सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया। सबसे पहले पगडंडी को जेसीबी से जमीन बराबर कराकर रास्ता का शेप दिया गया फिर मिट्टी, मेटल और मोरंग डालकर कच्चा रास्ता का निर्माण किया गया।

---

रोटरी स्कूल चैनपुर में बाल संसद का गठन व परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम

# बाल संसद का गठन राष्ट्रपिता की सोच का प्रतिफल : अश्लेष पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** रोटरी स्कूल चैनपुर में बाल संसद का गठन किया गया। साथ ही पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृक्षारोपण किया गया, जिसमें लगभग 100 से अधिक फलदार और औषधीय वृक्ष लगाये गये। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेष पांडेय ने बाल संसद के सदस्यों को शपथ दिलायी। बाल संसद के सदस्यो में अंकित कुमार तिवारी हेड बॉय, वैष्णवी पांडेय हेड गर्ल, डिसिप्लीन





कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागी व अतिथि और पौधरोपण करते लोग।

कैप्टेन अमन सिंह, डिसिप्लीन वाइस कैप्टन रागिनी कुमारी, सीसीए कैप्टन प्रिंसेस तिवारी, वाइस कैप्टन दिव्यांशु, हेल्थ एंड हाइजिंग कैप्टेन पलक तिवारी, वाइस कैटेन अभिनव राज, रेड हाउस कैप्टेन देवब्रत पाठक, वाइस कैप्टन खुशी कुमारी, ब्लू हाउस कैप्टेन विक्की कुमार, वाइस कैप्टन प्रिया कुमारी, ग्रीन हाउस कैप्टेन हरि ओम तिवारी, वाइस कैप्टन रिया भारती, येलो हाउस कैप्टेन प्रिंस कुमार, वाइस कैप्टन रिया कुमारी है। विद्यालय के चेयरमैन रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने कहा कि लगातार विकास के क्रम में धड़ल्ले से पेड़ काट दिये जा रहे हैं जिसका प्रतिकुल प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है। पूरा देश तापमान और जल संकट की समस्या से परेशान है। इसका एक ही उपाय है अधिकाधिक पेड़ का लगाया जाना। कार्यपालक निदेशक ए के तिवारी ने पर्यावरण से संबंधित लाभ एवं उत्पन्न समस्याओं के बारे में बताया।

---

# तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर झामुमो नेताओं ने दी बधाई

- हुसैनाबाद विधानसभा पर की गयी चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** राज्य में हेमंत सोरेन को तीसरी बार मुख्यमंत्री की शपथ लेने पर हुसैनाबाद झामुमो के वरिष्ठ नेता व आंदोलनकारी हाजी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान एवं जाकिर अली उर्फ राज अली ने आज शनिवार को उन से मिलकर बधाई दी। इस दौरान जाकिर अली ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री से मिलकर हुसैनाबाद विधानसभा पर विस्तृत चर्चा की।

आगे उन्होंने बताया कि हमलोगों ने बीते माह में गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के द्वारा





सीएम हेमंत सोरेन का अभिनंदन करते झामुमो नेता व अन्य।

पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह को झामुमो मिलन समारोह में श्रीमती सोरेन ने आश्वासन दिया था कि चुनावी शंखनाद हुसैनाबाद से करूंगी। आगे उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद में झामुमो मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी इस बात पर मुख्यमंत्री ने हमलोगों से चर्चा किया एवं तैयारी करने का निर्देश दिया।

## सीएम नीतीश कुमार ने आरजेडी की प्रत्याशी बीमा भारती पर साधा निशाना

# जेडीयू उम्मीदवार कलाधर मंडल की होगी जीत

एजेंसी

**पूर्णिया।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्णिया जिले की रूपौली विधानसभा से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की प्रत्याशी बीमा भारती पर निशाना साधा है। सीएम ने कहा कि जो हमको छोड़कर जाता है, उसका गड़बड़ हो जाता है। हमने जिसे (बीमा भारती) को लगातार विधायक बनाया, वो सांसद बनने के लिए भाग गईं, लेकिन लोकसभा का चुनाव जीत नहीं पाईं। जिन लोगों को इज्जत दी वो चले गए। अब भाग गए तो जाने दीजिए। नीतीश ने दावा किया कि रूपौली उपचुनाव में जनता दल यूनाइडेट (जेडीयू) के उम्मीदवार कलाधर मंडल की जीत होगी। इस दौरान उन्होंने पुराने समय की याद दिलाते हुए लालू यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल पर भी निशाना



साधा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रूपौली में जेडीयू प्रत्याशी कलाधर मंडल के समर्थन में शनिवार को चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान डिप्टी सीएम और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत अन्य नेता मौजूद रहे। अपने भाषण में सीएम नीतीश ने कहा कि रूपौली में उपचुनाव क्यों हो रहा है, यह सभी जानते हैं। बीमा भारती को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि जिसको हम लगातार विधायक बनवा रहे थे, तीन बार एमएलए बनीं। मगर इस बार एमपी (सांसद) बनने के लिए हम लोगों को छोड़कर भाग गईं। वह एमपी तो नहीं बन पाईं और लोकसभा चुनाव में पूर्णिया से तीसरे नंबर पर रहीं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि अब जो सीट खाली हो गई है, वहां पर फिर से बीमा भारती लड़ने के लिए आ गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उसे (बीमा भारती को) राज्य सरकार में मंत्री तक बनाया। कुछ बोलने नहीं आता था, फिर भी आगे बढ़ाया। फिर भी वो भाग गई। उन्होंने आगे कहा कि पूर्णिया से सांसद रहे संतोष कुशवाहा दो बार लोकसभा चुनाव जीते, लेकिन इस बार हार गए। फिर वे मेहनत कर रहे हैं और काम कर रहे हैं। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टी वाले यहां आकर बहुत कुछ बोलते हैं। मगर लोगों के ध्यान में रहे कि 2005 से पहले क्या हालात थे। लालू और राबड़ी के शासनकाल को याद दिलाते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि 2005 से पहले लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाते थे, हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे, कहीं बिजली नहीं होती थी तो कहीं पर सड़क और पुल नहीं थे। सीएम ने कहा कि 2005 के बाद से जब हम आए तो सब काम किया। हिन्दू-मुस्लिम के झगड़े बंद हो गए, शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था भी सुधरी है।

बता दें कि हाल ही में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले रूपौली से विधायक रहीं बीमा भारती जेडीयू छोड़कर आरजेडी में चली गईं। लालू एवं तेजस्वी यादव ने उन्हें पूर्णिया से पार्टी का प्रत्याशी बनाया। हालांकि, महागठबंधन से बागी होकर पूर्णिया से निर्दलीय चुनाव लड़े पप्पू यादव ने उनका गेम बिगाड़ दिया। पूर्णिया से पप्पू जीतकर संसद पहुंचे और बीमा को करारी हार का सामना करना पड़ा। वे पप्पू यादव और जेडीयू के संतोष कुशवाहा के बाद बीमा भारती तीसरे नंबर पर रहीं। बीमा भारती के पाला बदलने से रूपौली विधानसभा सीट खाली हो गई, जिसपर अब उपचुनाव हो रहे हैं। जेडीयू ने 2020 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय लड़े कलाधर मंडल को टिकट दिया है। वहीं, आरजेडी ने यहां से दोबारा बीमा भारती को ही मैदान में उतारा है। 10 जुलाई को यहां विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान होगा। अगले साल बिहार विधानसभा का चुनाव होने वाला है, ऐसे में यह उपचुनाव एनडीए और महागठबंधन दोनों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है।

## बिहार पुलिस की डायल 112 इमरजेंसी सेवा देश में दूसरे नंबर पर पहुंचा

एजेंसी

**पटना।** बिहार पुलिस की डायल 112 सेवा इमरजेंसी कॉल हैंडलिंग के मामले में देश में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जुलाई 2022 मेंम डायल 112 की शुरूआत की थी। महज दो साल में इसके जरिए पुलिस ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बिहार पुलिस की ओर से राष्ट्रीय आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि इस के जरिए जरूरतमंद लोगों को कॉल करने के 20 मिनट के भीतर इमरजेंसी सेवा मिल रही है। अब तक 20 लाख से ज्यादा लोग इस सेवा का उपयोग कर चुके हैं। बिहार पुलिस के एक




पदाधिकारी ने बताया कि डायल 112 सेवा के तहत राज्यभर में 1883 गाड़ियां तैनात की गई हैं। बिहार देशभर में पहला राज्य है जहां महिला पुलिस द्वारा 100 प्रतिशत कॉल हैंडल किए जा रहे हैं। साथ ही यह सेवा राज्य के हर कोने तक पहुंच गई है। बता दें कि डायल 112 के शुरूआती चरण में 400 गाड़ियां पुलिस को उपलब्ध कराई गई थी। इस साल फरवरी में दूसरे चरण के तहत 884 चौपहिया और 550 दोपहिया वाहन और जोड़े गए। इनके अलावा 1586 एंबुलेंस और 805 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भी इस सेवा से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि रोजाना औसतन 5000 लोग बिहार में डायल 112 सेवा का लाभ उठा रहे हैं। इस साल का लक्ष्य 15 लाख है जो अगले साल बढ़कर 15 से 20 लाख हो जाएगा। अब तक इमरजेंसी सेवा के जरिए पुलिस ने 10.60 लाख लोगों ने 112 पर कॉल करके झगड़े, विवाद जैसे मामलों की शिकायत की, जिनमें पुलिस तुरंत मौके पर भी पहुंची। इसके अलावा 1.80 लाख शिकायतें घरेलू हिंसा, महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े अपराधों से जुड़ी हैं। वहीं, 81 हजार कॉल सड़क हादसों को लेकर आए। डायल 112 पर 71964 कॉल आग लगने और 71501 कॉल शराबबंदी से जुड़ी शिकायतों के लिए भी आए।

एडीजी निर्मल कुमार आजाद ने कहा डायल 112 को सिंगल पुलिस हेल्पलाइन और इमरजेंसी सेवा के रूप में विकसित किया जा रहा है। अब तक इसकी प्रतिक्रिया सकारात्मक रही है। इमरजेंसी सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए पुलिस द्वारा कॉल करने वालों से फीडबैक भी लिया जा रहा है, ताकि इसमें और सुधार किया जा सके।

## कांग्रेस पार्टी किसी की बपौती नही : तौसीफ आलम

**किशनगंज।** लोकसभा चुनाव में किशनगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. मो. जावेद आजाद चुनाव जीत गए। चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी



कार्य करने के आरोप में चार बार के पूर्व विधायक सहित 9 पार्टी पदाधिकारियों को पार्टी से निष्कासित करने और कठोर कार्रवाई के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष इमाम अली चिंटू ने बिहार प्रदेश प्रभारी को पत्र लिखा है। पार्टी विरोधी कार्य करने के आरोप में पूर्व कांग्रेस विधायक तौसीफ आलम के साथ साथ पोठिया के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष आबिद आलम, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव असगर अली पीटर, एनएसयूआई के प्रदेश सचिव अमन रजा, पोठिया के जहांगीर आलम, कोचाधामन प्रखंड के जावेद इकबाल, नुरुल होदा, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष इश्तियाक असफी उर्फ बिट्टू, पूर्व कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी मो. मुस्तकीम, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नसीम अख्तर शामिल है। जिलाध्यक्ष इमाम अली चिंटू ने लोकसभा चुनाव परिणाम तुरंत आने के बाद बिहार प्रदेश प्रभारी को लिखा था। पूर्व विधायक तौसीफ आलम ने कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष इमाम अली चिंटू पर निशाना साधते हुए कहा कि खड़गे जो बोलेंगे, इस पर सुनवाई होगी और कांग्रेस पार्टी किसी के बाप का बपौती नहीं है। इस दौरान पूर्व विधायक तौसीफ आलम ने कहा कि कांग्रेस का जिलाध्यक्ष कौन है, पता नहीं मुझे। हालांकि जानकारों की मानें तो इस बार विधानसभा चुनाव में जिले का बहादुरगंज विधानसभा हॉट सीट होने की संभावना है।

## ढाई दशक से नहीं हुआ मेंटेनेंस, फिर भी मुस्तैद खड़ा 150 साल पुराना गंडक पुल

**वैशाली।** हाजीपुर और सोनपुर के बीच नारायणी नदी के ऊपर आज भी अंग्रेजों के समय बना पुराना गंडक पुल सीना ताने खड़ा है। इस रेल पुल को ब्रिटिश काल में 1873 के करीब गंडक नदी पर बनाया गया था। पुराना गंडक पुल गुणवत्ता के मामले में 25 -30 साल पहले बनाए गए नए गंडक पुल से आज भी बेहतर और मजबूत स्थिति में है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस पुल की पिछले ढाई दशक से मेंटनेंस तक नहीं कराई गई है। इस पुल की आयु समाप्त होने पर सरकार की ओर से इस पर भारी वाहनों के परिचालन रोक दिया गया था। बावजूद इसके इस पुल पर वाहनों का भारी दवाब रहता है। पाया नौ पर निर्मित और लोहे के बेसिक बिंब पर बना है। पुल 09 पाया पर निर्मित हैं। लोहे के बिंब पर पुल का बेसिक लोड है। मेंटेनेंस नहीं होने के बाद भी पुल मजबूती के साथ खड़ा है।



लोगों के आने-जाने के लिए यह पुल सहायक बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस पुल का सरकार मेंटेनेंस कराती रहे तो यह नए पुलों की तुलना में काफी मजबूती के साथ खड़ा रहेगा। सेवानिवृत प्रोफेसर वशिष्ठ नारायण सिंह कहते हैं कि यह पुल गुणवत्ता में नए पुलों के सामने एक मिसाल बनकर खड़ा है। सोनपुर और हाजीपुर को जोड़ने वाले अपने समय के इकलौते छोटी लाइन के रेल पुल के जरिए ही यातायात होता था। सरकार ने हाजीपुर और सोनपुर के बीच लगभग एक किमी की दूरी पर करीब 36 साल पहले नया पुल का निर्माण कराया था। इस नए पुल पर मेंनटेनेंस के अभाव में जगह-जगह पुल की रैलिंग टूट रही है। सड़कों पर गड्ढे बन गए हैं। आजादी के तुरंत बाद रेलवे ने उसी पुल के बगल में नया रेल पुल का निर्माण कराया। इसके बाद गंडक पुल पर रेल (छोटी लाइन) का परिचालन बंद कर दिया। उसके बाद इस रेल पुल को सड़क पुल में परिवर्तन कर दिया गया।

## आकांक्षी प्रखंड में जागरूकता अभियान को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** समाज कल्याण विभाग के निर्देश पर महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा आकांक्षी प्रखंड मझिआंव के सभागार में जागरूकता अभियान को लेकर सेविकाओं के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा परियोजना विभाग गढ़वा के सुपरवाइजर शिमला कुमारी एवं प्रतिमा कुमारी के द्वारा उपस्थित सेविकाओं को पोषण टेकर विषय पर चर्चा करते हुए जागरूक किया गया। इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं को समय पर एमसी एवं टीएचआर करने की विधिवत जानकारी दी। इसके अलावा


बैठक करते लोग।

गर्भवती महिलाओं का टीएचआर एवं टीकाकरण करने के पश्चात पोषक टेकर में एंट्री करने की जानकारी दी गई। साथ ही नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने को लेकर सरकार के द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर के द्वारा किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं किशोरियों को निःशुल्क सेवा एवं जानकारी के बारे में जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य दुष्कर्म पीड़ित, घरेलू हिंसा से पीड़ित, यौन शोषण से पीड़ित को बचाना, बाल विवाह, दहेज उत्पीड़न, एसिड अटैक, साइबर क्राइम आदि के बारे में जागरूकता फैलाना है। बैठक में मझिआंव बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, प्रभा कुमारी सहित आकांक्षी प्रखंड मझिआंव की सेविका मौजूद थी।

## भाजपाईयों ने मनायी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123 वीं जयंती

**कांडी।** भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर महान पुरुष को याद किया और जयंती


कार्यक्रम में भाजपाई।

मनाई। इस कार्यक्रम में महान पुण्यात्मा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामलाला दुबे ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 में एक बंगाली ब्राह्मण परिवार में हुआ था। भारत की एकता और अखंडता के लिए अपनी पढ़ाई पूरी करके निरंतर लड़ने वाले मानवता के उपासक हम कार्यकर्ता के प्रेरणा स्रोत लाख उलझन आने पर अपनी लड़ाई जारी रखी। प्रखर राष्ट्रवादी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अपनी लड़ाई जारी रखने के लिए जनसंघ की स्थापना की। उनका नारा था एक देश में दो निशान दो प्रधान दो संविधान नहीं चलेगा। मौके पर लखन प्रसाद, बिनोद प्रसाद, लखन चन्द्रवंशी, कृष्ण सिंह, संजय प्रसाद शशि रंजन दुबे, श्रीकांत पांडेय आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक भानु को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर के नेतृत्व में भवनाथपुर प्रखण्ड के पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं उप मुखिया का प्रतिनिधि मंडल ने भवनाथपुर विस क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप साही से मुलाकात कर पंचायत प्रतिनिधियों के हित से जुड़ी चार सूत्री मांग पत्र सौंपा। सौंपे गए मांग पत्र में पंचायत प्रतिनिधियों ने लिखा है कि विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा पिछले वर्ष



मांग पत्र सौंपते पंचायत प्रतिनिधि।

झारखण्ड विधानसभा में पंचायत प्रतिनिधियों के मामला को पुरजोर तरीका से उठाने के बाद राज्य सरकार ने मानदेय लागू किया। लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों को सरकार द्वारा दी जा रही मानदेय दैनिक मजदूरी दर से भी काम है। जिस से पंचायत प्रतिनिधियों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। सौंपे गए मांग पत्र में राज्य के पंचायत प्रतिनिधियों को श्रम कानून के तहत मानदेय भुक्तान करने, राज्य के पंचायत समिति सदस्य को कम से कम बीस हजार से पच्चीस हजार, वार्ड सदस्य को पांच से दस हजार, उप मुखिया को दस से पन्द्रह हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय हेतु सदन में मामला उठाने। पंचायत प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए विधायक भानु ने मामले में मुख्यमंत्री एवं सचिव को पत्र लिखने के अलावा मामले को विधान सभा में उठाने का आश्वासन दिया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सकील अहमद, संजू देवी, माणिक राज देवी, सरिता देवी, उप मुखिया दयानंद यादव, वैस खान, वार्ड सदस्य मनोज रजक, कौशिला देवी, रीता देवी, उपेन्द्र यादव, दयानंद प्रजापति, संतोष चैबे आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### जायन्ट्स सहेली ने किया खिचड़ी का वितरण


खिचड़ी वितरण करती सहेली सदस्य।

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के तत्वावधान में शहर के चैधराना बाजार स्थित शनि देव मंदिर के समीप प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। मौके पर जायंट्स पदाधिकारियों ने कहा कि सभी लोगों को ऐसा कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदों को भोजन कराकर पुण्य का भागी बनना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहेली ग्रुप की अध्यक्ष रंजना जायसवाल ने की। मौके पर गढ़वा सहेली ग्रुप की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि गुप्ता, सहेली ग्रुप की पूर्व अध्यक्ष सीमा केषरी, माला केषरी, लता गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष रितु जायसवाल, जायन्ट्स सहेली उपाध्यक्ष संध्या केशरी, प्रशासनिक निदेशक रीमा स्वरूप, विमला केशरी, वर्षा अग्रवाल, मधुबाला गुप्ता आदि उपस्थित थी।

### रिश्वत मामले में राजस्व कर्मचारी को सजा

**पटना।** बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने रिश्वत मामले में राजस्व कर्मचारी को आज एक वर्ष के सश्रम कारावास के साथ ही दस हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले में सुनवाई के बाद बक्सर जिले के बक्सर प्रखंड स्थित हल्का नंबर दो के राजस्व कर्मचारी श्रीनारायण चौधरी को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की अलग अलग धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को दो माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी।

### दलाईलामा का मनाया गया 89वां जन्मदिवस

**गया।** भगवान बुद्ध की पावन ज्ञान भूमि बिहार गया जिले के बोधगया स्थित तिब्बती मोनेस्ट्री में बौद्धों के शीर्ष धर्मगुरू परमपावन दलाईलामा का 89वां जन्मदिवस मनाया गया। दलाईलामा के जन्मदिवस के अवसर पर 25 पाउंड का केक काटा गया। इस अवसर पर विभिन्न देशों के कई बौद्ध धर्मगुरू और श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान लोगों ने दलाईलामा की लंबी आयु की कामना को लेकर विशेष रूप से पूजा अर्चना की। इस मौके पर स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. त्याग राजन एसएम भी शामिल हुए।

### छात्र के हत्या मामले में तीन आजीवन कारावास

**गोपालगंज।** बिहार में गोपालगंज जिले की सत्र अदालत ने शनिवार को बहुचर्चित अटल हत्याकांड मामले में तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दशम) मानवेंद्र मिश्र ने यहां दोनो पक्षों के दलीलें सुनने के बाद अटल हत्याकांड मामले में तीन लोगो को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास और एक एक लाख रुपए आर्थिक दंड की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के बाद न्यायालय ने तीनों दोषियों को जेल भेज दिया ।

## खबर एक नजर में

### मैथेमेटिक्स ओलंपियाड में पत्रकार के नाती ने इंटरनेशनल जीता गोल्ड मेडल



**कांडी।** कक्षा 2 के एक विद्यार्थी ने इंटरनेशनल मैथेमेटिक्स ओलंपियाड में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करके स्वजनों के साथ-साथ जिला एवं राज्य का नाम रौशन किया है। कांडी प्रखंड क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी पत्रकार प्रियरंजन सिन्हा का नाती आदित्य श्रीवास्तव ने एसओएफ इंटरनेशनल मैथेमेटिक्स ओलंपियाड में भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में लाखों की संख्या में छात्रों ने भाग लिया था। जिसमें आदित्य श्रीवास्तव ने इंटरनेशनल रैंक 74, रीजनल रैंक 69, जोनल रैंक 45 एवं स्कूल में प्रथम रैंक हासिल किया है। सफल विद्यार्थी को सर्टिफिकेट के साथ-साथ गोल्ड मेडल प्रदान किया गया है। विद्यालय स्तर पर एक्सीलेंस में भी एक्सीलेंस प्रदर्शन के लिए उसे अलग से पुरस्कृत किया गया है। मालूम हो कि आदित्य श्रीवास्तव कैंब्रियन पब्लिक स्कूल रांची में कक्षा 2 का छात्र है। उसकी सफलता पर पिता ओमप्रकाश श्रीवास्तव, माता अभिलाषा चांदनी, मामा पत्रकार आशुतोष रंजन, छोटे नाना पत्रकार राम रंजन सहित काफी संख्या में लोगों ने बधाई दी है। साथ ही भविष्य में और बेहतर करने की कामना की है।

### नेपाल में भारी बारिश के बाद बाढ़ को लेकर हाई अलर्ट जारी

**गोपालगंज।** नेपाल में भारी बारिश के बाद बाढ़ को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है। तटबंध के नीचे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने का आदेश दिया गया है। नेपाल व गंडक के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से गोपालगंज व इसके आस-पास के क्षेत्रों में प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी किया है। डीएम मो मकसूद आलम ने बांध के नीचे रहने वाले लोगों को उच्चे स्थान पर जाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही गंडक के तटबंध की निगरानी व सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अभियंता प्रमुख बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण जल संसाधन विभाग ने गोपालगंज और मुजफ्फरपुर के डीएम को पत्र लिखकर 6 जुलाई को नेपाल के देवघाट में 4 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की स्थिति में बाढ़ निरोधात्मक कार्य पूरा करने का आदेश दिया है। नेपाल के नारायण घाट, सेमरा, पोखरा आदि के तराई इलाकों में भारी बारिश जारी रहने को लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। जिसमें 4 दिन भारी बारिश होने की संभावना हैं। इससे नदी में उफान आने की आशंका है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के इंजीनियरों के अनुसार लगातार जलस्तर बढ़ रहा हैं। गंडक नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि व जिला प्रशासन के हाई अलर्ट जारी किए जाने के बाद नदी तटवर्ती गांवों के लोग सुरक्षित स्थानों की तलाश में जुट गए हैं। हालांकि प्रशासन बाढ़ की संभावना को देखते हुए 50 स्थानों पर शरण स्थल ओर 50 स्थानों पर कम्यूनिटी किचेन तथा प्रखंडों में पशुओं के लिए भी शरण स्थल चिन्हित किया है, जिससे बाढ़ की त्रासदी की स्थिति में लोगों को शरण स्थल पर सुरक्षित रखा जा सके। जिले में बाढ़ की आशंका को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। 72 किलोमीटर लंबे तटबंध पर प्रति किलोमीटर एक गृह रक्षक तैनात किए गए जो न केवल तटबंध को ग्रामीणों से सुरक्षित रखेंगे बल्कि जहां भी खतरे की आशंका होगी उसकी सूचना तत्काल विभाग और जिला प्रशासन को देंगे। प्राइवेट नाव चिह्नित कर इकरारनामा किया गया हैं।

### सड़क पर पेड़ गिरने से बाइक सवार की मौत

**बेतिया।** बेतिया पुलिस ज़िला स्थित जगदीशपुर के नजदीक लगातार हो रहे बारिश मे रोड किनारे पेड़ रोड पर गिरने से बाइक सवार दंपति की दबने से पति की मौत हो गई है। जबकि पत्नि व एक वर्ष की बच्ची गम्भीर रूप से जख्मी हो गए है। घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने पहुंच कर पेड़ से दबे जख्मी लोगो को अस्पताल भेजवाए व मृतक के शव को बेतिया पोस्टमार्टम हेतू भेजा। मृतक की पहचान अरेराज के मलाही थाना के चटिया के मंटू कुमार के रूप मे हुई है।जबकि जख्मी मृतक मंटू कुमार की पत्नि रमीता कुमारी व उसकी एक वर्षीय बेटी के रूप मे हुई है। जो बाइक से बेतिया से घर लौट रहे थे तभी जगदीशपुर कब्रगाह के समीप एकाएक पेड़ गिरने के चपेट मे आ गये जिससे दबकर मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंचे जख्मी रमीता कुमारी के पिता पहाड़पुर के सरेया अहिरटोली के मदन यादव ने बताया कि वह अपने बेटी की शादी चार वर्ष पूर्व मंटू कुमार से की थी। बेटी दमाद बेतिया निजी काम से गये थे। लौटते समय घटना हो गई। पुलिस ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम हेतू बेतिया लया गया है।

### भाजपा कार्यालय में मनाई गई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश कार्यालय में शनिवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया सहित भाजपा के कई नेताओं और कार्यकताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। मौके पर संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया ने कहा कि भाजपा के मूल रूप भारतीय जनसंघ की नींव रखने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आज हम जयंती मना रहे हैं। देश हो या समाज, जो भी अपने पूर्वजों को याद करने के साथ उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लेता है, वह निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहता है। आज भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को आत्मसात करता है। डॉ. मुखर्जी प्रतिभा के धनी होने के साथ ही राष्ट्रवादी व्यक्तित्व के स्वामी भी थे।

## पेज एक का शेष

### युवा स्टार्टअप शुरू ...

जिन उद्योगों का विस्तार होना था, वे सिमटते चले ये। इस वजह से लोग बेरोजगार भी हुए। वहीं अब हमारी सरकार उद्योगों की ऐसी बुनियाद डालना चाहती है, जिसका लाभ लोगों को पीढ़ी- दर- पीढ़ी मिल सके। इसमें झारखंड चैंबर का जो भी सुझाव होगा उसे पर सकारात्मक अमल करते हुए सरकार पूरा सहयोग करेगी। इस मौके पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, सीएम अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेन्स विभाग की सचिव विप्रा भाल, फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री, पूर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सचिव परेश गटानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### आलम ने भाग...

पिछली सुनवाई के दौरान इडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था। शनिवार को न्यायालय में सुनवाई नहीं होने के कारण अगली सुनवाई के लिए तिथि मिली है। संजीव लाल ने रांची पीएमएलए विशेष कोर्ट में अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है। संजीव लाल के सहायक जहांगीर के घर से इडी ने 35.23 करोड़ रुपये नगद बरामद किये थे। वहीं संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से तीन करोड़ रुपये बरामद हुए थे।

### मोदी 3.0 के पहल...

**अंतरिम और पूर्ण बजट :** गौरतलब है कि भारत में जिस साल लोकसभा चुनाव होते हैं, उस दौरान एक बजट चुनाव से पहले और एक बजट चुनाव के बाद पेश किया जाता है। चुनाव के पहले पेश होने वाले बजट को अंतरिम बजट कहा जाता है। इसमें आमतौर पर सरकार की आय और व्यय का लेखा जोखा होता है। सरकार गठन के बाद पूर्ण बजट पेश होता है। 23 जुलाई को आने वाला आम बजट मोदी 3.0 का पहला बजट होगा। इसके जरिये सरकार की दिशा और नीतियों की जानकारी मिलेगी। पीएम की ओर से पहले ही घोषणा की जा चुकी है कि गरीबी के खिलाफ लड़ने के लिए अगले पांच साल काफी अहम होंगे।

# अयोध्या की तरह भाजपा को गुजरात में भी हरायेंगे : राहुल

## कहा-मोदी की छवि गिर रही है और वाराणसी में जान बचाकर भागे

एजेंसी

**अहमदाबाद।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि गिर रही है और वाराणसी में जान बचाकर भागे हैं लेकिन अब गुजरात में कांग्रेस जीतेगी और अयोध्या की तरह वहां भाजपा को हराएगी। गांधी ने कांग्रेस के गुजरात प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार यह तय हो गया है कि कांग्रेस तथा गुजरात की जनता भाजपा को हराएगी। गांधी ने यही बात पिछले दिनों लोकसभा में राष्ट्रपति की अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान भी कही थी। गुजरात की कार्यकर्ताओं को उन्होंने बब्बर शेर बताते हुए कहा कि हम डरेंगे नहीं, लड़ेंगे। गुजरात के युवाओं, किसानों, माताओं-बहनों को विजन देना कांग्रेस कार्यकर्ताओं का काम है। हमने जैसा घोषणापत्र लोकसभा चुनाव में बनाया था वैसा ही गुजरात की जनता के लिए बनाएंगे। हम गुजरात में पूरा दम लगाकर लड़ेंगे और भाजपा की सरकार को हराएंगे। गांधी ने दावा किया कि मोदी की छवि गिर रही है। उन्होंने कहा कि क्या आप सोच सकते थे कि- अयोध्या में भाजपा हारेगी, श्री मोदी वाराणसी से जान बचाकर निकलेंगे।



मैं आपको बता रहा हूं कि जैसे भाजपा अयोध्या में हारी, वैसे ही गुजरात में भी हारने जा रही है। यहां की जनता को सिर्फ एक काम करना है। डरना नहीं है। अगर बिना डरे भाजपा से लड़ गए तो भाजपा सामने नहीं खड़ी हो पाएगी। भाजपा में कोई भी नरेंद्र मोदी को नहीं चाहता है। मगर भाजपा के नेताओं में दम नहीं है। वो डरते हैं और ये बात वे श्री मोदी के सामने नहीं बोल पाते हैं। उन्होंने कांग्रेस को निडर बताया और कहा,ह्लकांग्रेस अंग्रेजों से लड़ी और देश से कहा था-डरो मत, डराओ मत लेकिन आरएसएस-भाजपा के लोग अंग्रेजों के साथ खड़े हो गए थे। आरएसएस के लोगों ने तो हाथ जोड़कर अंग्रेजों से कहा था कि हम डर गए हैं। हमारे सबसे बड़े नेता महात्मा गांधी जी गुजरात से थे और उन्होंने हमें रास्ता दिखाया था। अंग्रेजों के राज में लोगों के बीच डर था लेकिन गांधी जी ने देश से कहा था-डरो मत, डराओ मत। अयोध्या में भाजपा की हार को लेकर उन्होंने बताया कि मैंने संसद में अयोध्या के सांसद से पूछा कि भाजपा अयोध्या में क्यों हार गई। अयोध्या के सांसद ने कहा कि वहां लोगों से जमीनें छीनी गईं, लोगों के दुकान-घर तोड़े गए और मुआवजा नहीं दिया गया, इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नाम पर किसानों की जमीन ली गई, आज तक मुआवजा नहीं दिया गया, राम मंदिर के उद्घाटन में अयोध्या की जनता को नहीं बुलाया गया इसीलिए अयोध्या की जनता गुस्से में थी और उन्होंने भाजपा को हरा दिया।

अयोध्या के सांसद ने बताया कि मोदी जी वाराणसी से नहीं बल्कि अयोध्या से चुनाव लड़ना चाहते थे। अयोध्या में तीन बार सर्वे कराया गया लेकिन सर्वे वालों ने कहा कि अगर श्री मोदी अयोध्या से चुनाव लड़ेगें तो हार जाएंगे और उनका राजनीतिक करियर खत्म हो जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### ऋषि सुनक ने दिवाली उत्सवों को किया याद



**लंदन।** ब्रिटेन पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने दिवाली उत्सवों को याद किया जो उन्होंने भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में डाउनिंग स्ट्रीट पर अपने परिवार के साथ मनाए थे। सुनक करीब 20 माह के कार्यकाल के बाद अपने विदाई भाषण में वह भावुक हो गए। उन्होंने मतदाताओं से माफी मांगी लेकिन जोर दिया कि उन्होंने बतौर प्रधानमंत्री पूरे समर्पण से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने अपनी पार्टी के सहयोगियों से भी माफी मांगी जो चुनाव में हार गए।

### केशव राव बने तेलंगाना सरकार के सलाहकार

नई दिल्ली। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए वरिष्ठ राजनेता के. केशव राव को कैबिनेट दर्जा के साथ तेलंगाना सरकार का सलाहकार नियुक्त किया गया है। इस संबंध में शनिवार को तेलंगाना सरकार द्वारा एक आदेश जारी किया गया। केशव राव बीआरएस में शामिल होने के 11 साल बाद हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए हैं। संयुक्त आंध्र प्रदेश में कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रहे केशव राव ने हाल ही में बीआरएस को छोड़ा है। उन्होंने राज्यसभा सदस्य के पद से भी इस्तीफा दे दिया है।

### सूरत में गिरी 6 मंजिला इमारत, 15 लोग घायल



**सूरत।** सूरत में सचिन पाली गांव के कृष्णानगर में इलाके छह मंजिला एक इमारत ढह गई। इमारत के ढहने से करीब 15 लोग हुए घायल। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इमारत गिरने की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है। कहा जा रहा है कि भारी बारिश के चलते जर्जर हो चुकी इमारत भरभराकर गिर गई। सूरत पुलिस कमिश्नर अनुपम सिंह गहलोत ने कहा कि इमारत गिरने की सूचना के बाद राहत बचाव शुरू कर दिया गया।

### छत्तीसगढ़ में इनामी नक्सली ने किया सरेंडर

**दंतेवाड़ा ।** छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल उन्मूलन एवं नक्सल पुनर्वास नीति के तहत विश्वास करते हुए विकास और सुरक्षा की भावना से प्रभावित होकर नक्सलियों की खोखली विचारधारा को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आठ लाख के इनामी माओवादी ने शनिवार को सुरक्षा बल के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित माओवादी ईरपानार और कडियामेटा क्षेत्र में हुई बड़ी घटनाओं में शामिल था।

### हत्या के मुख्य आरोपी का मकान जमींदोज

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिण्ड शहर में हत्या के मामले में मुख्य आरोपी के मकान को शनिवार को जिला प्रशासन ने जमींदोज कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुभाष नगर में रहने वाले अरुण वाल्मीकि और सौरभ वाल्मीकि घर से मार्केट के लिए निकले थे, तभी हमलावरों ने मारपीट की। इस घटना में गंभीर चोट आने पर सौरभ की मौत हो गई थी। पुलिस ने मुकद्दर, आदिल, साहिल, लड्डू यादव पर हत्या का केस दर्ज किया था। भारी पुलिस बल के साथ जिला प्रशासन ने हत्या के मुख्य आरोपी मुकद्दर खान के तीनों मकानों को जमींदोज कर दिया।

### बारिश से अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में झमाझम बारिश के कारण शनिवार को पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों से अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई। अधिकारियों ने बताया कि खराब मौसम के कारण एहतियात के तौर पर किसी भी यात्री को पवित्र बाबा बफार्नी की गुफा मंदिर की ओर जाने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान दक्षिण कश्मीर के कई हिस्सों में झमाझम बारिश हुई। सुबह तक पहलगाम में 18 और बालटाल में 7.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। अमरनाथ यात्रा पिछले शनिवार को अनंतनाग जिले में नुनवान-पहलगाम मार्ग और गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग से शुरू हुई।

# जल्द बनेगी सहकारी नीति

## दो बड़ी सहकारी समितियां ऑनलाइन खरीदेंगी मक्का : शाह

एजेंसी

- नेफेड और उपभोक्ता सहकारी संगठन 4 प्रकार की दालें 100 फीसदी एमएसपी पर खरीदेंगे
- पैक्स और अन्य सहकारी संस्थाएं अपना खाता जिला सहकारी बैंक या स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक में खोले

**गांधीनगर।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 102वें अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर आयोजित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम में कहा कि सहकारी संस्थाओं को देश की अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ बनाया जाएगा। इसके जरिए देश के करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में सुविधाओं, समृद्धि और आत्मविश्वास स्थापित करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार शीघ्र ही राष्ट्रीय सहकारी नीति लाएगी।

शाह ने कहा कि मोदी सरकार सहकारी समितियों के माध्यम से दो नई योजनाएं लेकर आई है। इथेनॉल को बढ़ावा देने और मक्का उत्पादक किसानों की समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था की है कि सरकार की दो बड़ी सहकारी समितियां किसानों द्वारा उत्पादित मक्का को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर ऑनलाइन खरीदेंगी और उससे इथेनॉल का उत्पादन करेंगी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल किसान समृद्ध होंगे बल्कि पेट्रोल आयात कम करके देश के विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। इसी तरह अब भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) और उपभोक्ता सहकारी संगठन भी 4 प्रकार की दालें 100 प्रतिशत एमएसपी पर खरीदेंगे।




उन्होंने कहा कि हमें सहकारी समितियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम सहकारी क्षेत्र के सभी आर्थिक लेन-देन सहकारी क्षेत्र के भीतर ही करें तो हमें सहकारी क्षेत्र के बाहर से एक पैसा भी लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि भारत में सहकार कोई नया विचार नहीं है। हमलोगों के पूर्वजों ने 125 साल पुराने इस विचार को अपनाया था। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल, महात्मा गांधी, गाडगिल, वैकुंठ मेहता और त्रिभुवन दास पटेल जैसे महान विभूतियों ने इसकी शुरूआत की थी। आज सहकारी आंदोलन देश के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ा योगदान दे रहा है। सहकारी क्षेत्र कृषि लोन में 20 फीसदी, खाद के वितरण में 35 फीसदी, उत्पादन में 21 फीसदी, चीनी उत्पादन में 31 फीसदी, गेहूं की खरीदी में 13 फीसदी, धान की खरीदी में 20 फीसदी योगदान दे रहा है। शाह ने कहा कि आगामी 5 साल में सहकारिता का इतना मजबूत पीलर खड़ा करना है जिससे आगामी 125 साल तक सभी गांवों और घरों तक सहकारिता का लाभ पहुंच सके।

सहकारिता मंत्री ने नाबार्ड और देश भर के सभी राज्य सहकारी बैंकों से अनुरोध किया कि पैक्स और अन्य सहकारी संस्थाएं अपना खाता जिला सहकारी बैंक या स्टेट को- ऑपरेटिव बैंक में खोले, जिससे न केवल सहकारी क्षेत्र मजबूत होगा बल्कि पूंजी और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले 10 साल के दौरान सहकारिता के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों का विवरण भी दिया। शाह ने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने तीन बहु-राज्य सहकारी संस्था- जैविक समिति, निर्यात समिति और बीज समिति का भी गठन किया है, जिससे किसानों के जीवन को समृद्ध बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। शाह ने कहा कि देश में 1100 नए किसान उत्पादक संगठन(एफपीओ) बनाए गए हैं, 1 लाख से अधिक पैक्स ने नए बाइलॉज को स्वीकार कर लिया है और अब राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को 2,000 करोड़ रुपये का बांड जारी करने से यह संगठन अधिक सहकारी समितियों के कल्याण के लिए काम करने में सक्षम होगा।

# हथरस भगदड़ के मुख्य आरोपी समेत 3 गिरफ्तार

- देव प्रकाश की गिरफ्तारी के लिए एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था

**हाथरस ।** हाथरस भगदड़ मामले में मुख्य आरोपी समेत तीन और लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस भगदड़ में सत्संग के बाद 121 लोगों की जान चली गई थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एसपी हाथरस निपुण अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि मुख्य आयोजक और मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर को हाथरस पुलिस के विशेष अभियान समूह ने शुक्रवार देर शाम दिल्ली के नजफगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि शनिवार को सिकंदराराऊ पुलिस ने दो और आरोपियों राम प्रकाश शाक्य और संजू यादव को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि एडीजी आगरा जोन ने देव प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का नकद इनाम घोषित किया है।

एसपी ने बताया कि 2 जुलाई को फुलराई मुगल गढ़ी गांव में भोले बाबा के सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा, ह्लउसी दिन सिकंदराराऊ थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मुख्य आयोजक देव प्रकाश और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था और जांच डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारी को सौंपी गई थी। पुलिस ने छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी को भी पुलिस हाथरस ले आयी है। उन्होंने कहा कि देव प्रकाश की गिरफ्तारी के असफल प्रयासों के बाद एडीजी आगरा जोन ने 4 जुलाई को उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। एसपी ने कहा कि मुख्य आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि वह 2010 से एटा में मनरेगा के तहत जूनियर इंजीनियर के पद पर संविदा पर काम कर रहा था। वह पिछले कई वर्षों से संगठन से जुड़ा हुआ है और मुख्य रूप से कार्यक्रमों के आयोजन और धन एकत्र करने के लिए जिम्मेदार था। देव प्रकाश ने 2 जुलाई को फुलारी मुगल गढ़ी गांव में आयोजित कार्यक्रम के लिए अनुमति ली थी।



नयी दिल्ली में शनिवार को जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भाजपा मुख्यालय में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ।

### कुलगाम में मुठभेड़ चार आतंकवादी ढेर एक जवान शहीद

**कुलगाम।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के चिन्नीगाम इलाके में शनिवार को जारी मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए हैं। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि जारी मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए हैं। अभी भी भीषण गोलीबारी जारी है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन खत्म होने के बाद ही उनकी पहचान हो पाएगी। इससे पहले सुरक्षा बलों को एक विशेष इनपुट मिलने के बाद चिन्नीगाम इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई थी। कुलगाम जिले के ही मुदरगाम इलाके में हुई एक अन्य मुठभेड़ में शुरूआती गोलीबारी में सेना का एक जवान शहीद हो गया। अभी तक मुठभेड़ में किसी आतंकवादी के मारे जाने की कोई सूचना नहीं मिली है। इलाके में अभियान जारी है।

# ईरान के नौवें राष्ट्रपति बने पेजेशकियान

एजेंसी

- ईरान की 10वीं संसद के उपाध्यक्ष भी थे सुधारवादी नेता मसूद पेजेशकियान

तेहरान। ईरान के सुधारवादी नेता एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मसूद पेजेशकियान ने शुक्रवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की और देश के नौवें राष्ट्रपति बन गये। ईरान के चुनाव मुख्यालय के प्रवक्ता मोहसिन एस्लामी ने पेजेशकियान के जीत की घोषणा की। उन्होंने बताया कि कुल 30,510,157 वोट में से मसूद पेजेशकियान को 16,384,403 वोट मिले और उनके प्रतिद्वंदी सईद जलीली को 13,538,179 वोट मिले। पेजेशकियान पेशे से हृदय के सर्जन भी हैं। पेजेशकियान (69) ने पांच चार साल के कार्यकाल के लिए ईरानी संसद में सांसद के रूप में अपनी सेवा थी। वह ईरान की 10वीं संसद के उपाध्यक्ष भी रहे थे। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने तत्कालीन राष्ट्रपति मोहम्मद खातमी के प्रशासन के दौरान चार वर्षों तक ईरान के स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपनी सेवा दी है। नव निर्वाचित राष्ट्रपति ने पहले ताब्रीज यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज के चांसलर के रूप में भी काम किया था और वर्तमान में उत्तरी ईरान के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में अकादमिक स्टाफ के सदस्य रहे हैं। वह इससे पहले 2013 और 2021 में राष्ट्रपति पद के दौड़ में शामिल थे, लेकिन दोनों बार बढ़त बनाने में असफल रहे थे। ग पेजेशकियान राष्ट्रपति के चुनाव की दौड़ में पंजीकरण के तीसरे दिन एक जून को तेहरान के आंतरिक मंत्रालय में अपने समर्थकों के एक समूह के साथ आधिकारिक तौर पर शीर्ष कार्यकारी कार्यालय के लिए एक अभियान में शामिल हुए। प्रारंभिक चुनाव 28 जून को पूरे ईरान में चार उम्मीदवारों ने अपना भाग्य अजमाया। इसके बाद श्री पेजेशकियान और सईद जलीली ने अन्य उम्मीदवारों की तुलना में अधिक मत हासिल किये। एक सप्ताह बाद के लिए चुनाव की योजना बनाई गई क्योंकि किसी भी उम्मीदवार ने ईरान का राष्ट्रपति बनने के लिए बहुमत का आंकड़ा हासिल नहीं किया था।



# मोदी ने ब्रिटेन के नये पीएम स्टारमर से की बात

## प्रधानमंत्री ने भारत आने का दिया निमंत्रण

एजेंसी

- दोनों नेताओं ने भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक संबंधों को याद किया व्यापक साझेदारी को और गहरा करने पर दिया जोर

**नयी दिल्ली।** ब्रिटेन में लेबर पार्टी की जीत के बाद पीएम मोदी ने नए पीएम कीर स्टार्मर से फोन पर बातचीत की। पीएम मोदी ने स्टार्मर को जीत की बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर से शनिवार को बात की। दोनों नेताओं ने बातचीत में पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द से जल्द पूरा करने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई। एक बयान में यह जानकारी दी गई। मोदी ने स्टॉर्मर को प्रधानमंत्री बनने और चुनाव में उनकी लेबर पार्टी की उल्लेखनीय जीत पर बधाई दी। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक संबंधों को याद किया तथा दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने एवं आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

ब्रिटेन के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास में भारतीय समुदाय के सकारात्मक योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की।



बयान में कहा गया है कि मोदी ने स्टॉर्मर को जल्द भारत आने का निमंत्रण भी दिया और दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केअर स्टॉर्मर से बात करके खुशी हुई। उन्हें ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। हम अपने लोगों की प्रगति और समृद्धि तथा वैश्विक भलाई के लिए व्यापक रणनीतिक साझेदारी और मजबूत भारत-ब्रिटेन आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### सलमान को पसंद आया विक्की कौशल का तौबा तौबा डांस



**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान को विक्की कौशल का तौबा तौबा गाना पर डांस बेहद पसंद आया है। विक्की कौशल की आने वाली फिल्म बैड न्यूज से उनका गाना तौबा तौबा सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कई सेलेब्स ने उनकी डांस मूव्स की तारीफ की। अब सलमान खान ने भी विक्की का डांस वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। सलमान ने उनके डांस मूव्स की तारीफ भी की है। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर वीडियो सॉन्ग तौबा तौबा शेयर कर कैप्शन में लिखा,शानदार मूव्स विक्की, गाना बहुत अच्छा लग रहा है। बेस्ट विशेज।

VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !